

# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,बुधवार 26 अगस्त 2026 ■ श्रावण शुक्ल पक्ष-14 ■ वर्ष -42 ■ अंक-147 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 27 अगस्त 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये

## बीजेपी संसदीय बोर्ड में बड़े फेरबदल की तैयारी

**नई दिल्ली,26 अगस्त।** बीजेपी अपने 12 सदस्यों वाले संसदीय बोर्ड में 30 अगस्त के आस-पास बदलाव कर सकती है। इसमें युवा नेताओं और तीन-चार मौजूदा मुख्यमंत्रियों को शामिल करने पर विचार किया जा रहा है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस एक दावेदार के तौर पर उभर रहे हैं, जबकि उत्तर प्रदेश और असम के मुख्यमंत्रियों - योगी आदित्यनाथ और हिमंत बिस्वा सरमा - के नामों पर भी चर्चा हो रही है। पश्चिम बंगाल के सुवेंदु अधिकारी का नाम भी चर्चा में है। हालांकि, सूत्रों का कहना है कि अभी कोई अंतिम फैसला नहीं लिया गया है। इन प्रस्तावित बदलावों को इसलिए अहम माना जा रहा है क्योंकि यह बोर्ड प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्रियों के पदों के लिए उम्मीदवारों की सिफ़ारिश करता है। कई राज्यों में 2027 और 2028 में विधानसभा चुनाव होने हैं, और उसके बाद 2029 में लोकसभा चुनाव होंगे। सूत्रों का अनुमान है कि बोर्ड में तीन से चार मौजूदा मुख्यमंत्रियों को शामिल किया जा सकता है और उनमें से किसी एक के लिए जगह बनाने के लिए पार्टी के पूर्व अध्यक्ष जेपी नड्डा को हटाया जा सकता है, हालांकि इस पर अभी बातचीत चल रही है। मौजूदा बोर्ड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और नड्डा शामिल हैं। पार्टी सूत्रों ने यह भी कहा कि प्रमुख समुदायों और क्षेत्रों के प्रतिनिधित्व पर भी विचार किया जाएगा। नए सिरे से गठित होने वाली इस बॉडी में दक्षिण भारत के किसी नेता को भी जगह मिल सकती है। फडणवीस इसलिए चर्चा में हैं क्योंकि वे आरएसएस से गहराई से जुड़े हैं। भाजपा सूत्रों का कहना है कि आरएसएस उन्हें केंद्रीय राजनीति में एक युवा चेहरे के तौर पर आगे बढ़ते देखना चाहती है। अभी महाराष्ट्र से संसदीय बोर्ड में कोई प्रतिनिधि नहीं है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी कभी इसके सदस्य हुआ करते थे।ाम न बताने की शर्त पर भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि अभी



किसी भी राज्य का मौजूदा मुख्यमंत्री भाजपा के संसदीय बोर्ड का सदस्य नहीं है। इसलिए, कुछ भाजपा नेताओं को देवेंद्र फडणवीस की नियुक्ति को लेकर कुछ आपत्तियां और आशंकाएं हैं। हालांकि, एक अन्य नेता ने कहा कि अगर फडणवीस को भाजपा के संसदीय बोर्ड में जगह मिलती है, तो इससे उनके राष्ट्रीय राजनीति में आने का रास्ता साफ हो जाएगा। और वे प्रधानमंत्री पद की दौड़ में भी शामिल हो सकते हैं क्योंकि नितिन गडकरी के बाद फडणवीस आरएसएस के चहेते नेता हैं। इस फेरबदल के संगठनात्मक असर भी होंगे। सूत्रों का कहना है कि बोर्ड के पुनर्गठन के बाद केंद्रीय चुनाव समिति और राष्ट्रीय कार्यकारिणी में भी बदलाव की संभावना है। राष्ट्रीय कार्यकारिणी में और युवा नेताओं को शामिल किया जा सकता है। भाजपा ने पहले भी संसदीय बोर्ड का इस्तेमाल भविष्य के नेतृत्व का संकेत देने के लिए किया है। तत्कालीन गुजरात मुख्यमंत्री मोदी को 2006 में राजनाथ सिंह ने बोर्ड से हटा दिया था, लेकिन 2013 में उन्हें फिर से शामिल कर लिया गया - यानी पार्टी के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के तौर पर पेश किए जाने से एक साल पहले।

### भारतीय मूल की पिया ने जीता डेमोक्रेटिक पार्टी का प्राथमिक चुनाव

**वाशिंगटन,26 अगस्त।** भारतीय मूल की अमेरिकी और स्कूल की पूर्व प्रिंसिपल पिया डांडिया ने फ्लोरिडा के 22वें कांग्रेस क्षेत्र के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी का प्राथमिक चुनाव जीत लिया है। अब नवंबर में होने वाले चुनाव में उनका मुकाबला रिपब्लिकन पार्टी के कैसी असकर से होगा। कैसी असकर पूर्व नौसैनिक हैं। डांडिया को 68.6 फीसदी मत मिले। उन्होंने वकील कायसिया अर्ली को हराया, जिन्हें 31.4 फीसदी मत मिले। डांडिया ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, फ्लारिडा-22, इस अभियान पर विश्वास करने के लिए धन्यवाद। मैं अपने छात्रों, अपने बेटे और इस जिले में बड़े हो रहे हर उस बच्चे के लिए चुनाव में उतरी, जो बेहतर भविष्य का हकदार है। उन्होंने कहा, साथ मिलकर हम खर्च कम करने, भ्रष्टाचार खत्म करने और वॉशिंगटन को फिर से हमारे लिए काम करने वाला बनाने के अभियान को आगे बढ़ाएंगे। मैं आप सभी के साथ यह करने के लिए आभारी हूं।

## ओम बिरला ने टीएमसी के बागियों से 7 दिन में जवाब मांगा

**नई दिल्ली,26 अगस्त।** तृणमूल कांग्रेस के 20 बागी लोकसभा सांसदों के खिलाफ चल रही अयोग्यता की लड़ाई में बुधवार को बड़ा घटनाक्रम सामने आया। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला की ओर से इन 20 सांसदों को नोटिस जारी कर दिया गया है। सांसदों से 7 दिनों के भीतर जवाब मांगा गया है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब सुप्रीम कोर्ट ने एक दिन पहले यानी मंगलवार को टीएमस नेता और लोकसभा सांसद अभिषेक बनर्जी की याचिका पर सुनवाई की थी। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने इन बागी सांसदों को नोटिस जारी किया था। टीएमस की राज्यसभा सांसद सागरिका घोष ने इस घटनाक्रम को पार्टी के लिए बड़ी



सफलता बताया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर लिखा, "एक बड़ी और अहम बात। आखिरकार, लोकसभा स्पीकर ने उन 20 बागी सांसदों को नोटिस भेजा है, जिन पर अभिषेक बनर्जी ने अयोग्यता की याचिका दायर की थी। उन्हें 7 दिनों के भीतर इसका जवाब देना होगा। गौर करने वाली बात यह है कि अयोग्यता की याचिका पर दो महीने तक कोई कार्रवाई न करने के बाद, कल सुप्रीम कोर्ट के दखल के बाद स्पीकर को आखिरकार कार्रवाई करने के लिए मजबूर होना पड़ा। लेकिन यह नोटिस सिर्फ पहला कदम है। संविधान का खुलेआम उल्लंघन करने वाले इन 20 बागियों को अयोग्य ठहराना बहुत जरूरी है। यह सिर्फ एक पार्टी की बात नहीं है, बल्कि संविधान की रक्षा की बात है।"

टीएमस ने जून में अपने 20 सांसदों के खिलाफ अलग-अलग अयोग्यता याचिकाएं लोकसभा स्पीकर के पास दाखिल की थीं। अभिषेक बनर्जी ने आरोप लगाया था कि इन सांसदों ने पार्टी से अलग होकर दूसरी पार्टी के साथ जाने का फैसला किया है और यह संविधान की दसवीं अनुसूची यानी एंटी-डिफेक्शन लॉ के तहत कार्रवाई का आधार बनता है।

### सिविल जज की सीमित प्रतियोगी परीक्षा पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

**बिलासपुर,26 अगस्त।** सिविल जज (सीनियर डिवीजन) के पदों पर होने वाली सीमित प्रतियोगी परीक्षा को हाईकोर्ट ने आगामी आदेश तक स्थगित कर दिया है। यह परीक्षा 20 सितंबर को आयोजित थी। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकारों को न्यायिक अधिकारियों के रिटायरमेंट की उम्र को 60 वर्ष से बढ़ाकर 62 वर्ष या अंतरिम रूप से 61 वर्ष करने पर विचार करने के निर्देश दिए हैं. जिसकी वजह से परीक्षा अगले आदेश तक स्थगित की गई है। हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल रजनीश श्रीवास्तव द्वारा जारी अधिसूचना के मुताबिक, न्यायिक अधिकारियों की सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाने का मामला फिलहाल राज्य शासन के समक्ष विचाराधीन व लंबित है।

सुप्रीम कोर्ट ने ऑल इंडिया जजेस एसोसिएशन मामले में 5 अगस्त 2026 को दिए अपने अहम आदेश में न्यायिक अधिकारियों की रिटायरमेंट की उम्र बढ़ाने के संबंध में राज्यों को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

### शादीशुदा बेटी को भी अनुकंपा नियुक्ति का अधिकार

**बिलासपुर,26 अगस्त।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने अनुकंपा नियुक्ति से जुड़े एक अहम मामले में बड़ा फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने स्पष्ट किया कि केवल शादीशुदा होने के आधार पर किसी बेटी को अनुकंपा नियुक्ति से वंचित नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने दो शादीशुदा बेटियों को अनुकंपा नियुक्ति देने का आदेश दिया है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने मामले की सुनवाई करते हुए सिंगल बेंच के पहले फैसले को निरस्त कर दिया। कोर्ट ने संबंधित बैंक को दोनों अपीलकर्ताओं की शैक्षणिक योग्यता और लागू नियमों के अनुसार अनुकंपा नियुक्ति देने के निर्देश दिए हैं। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में साफ किया कि किसी महिला की वैवाहिक स्थिति को अनुकंपा नियुक्ति के लिए अयोग्यता का आधार नहीं बनाया जा सकता। यानी सिर्फ इस वजह से कि बेटी की शादी हो चुकी है और उसे नौकरी के अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता।

## बच्चों को उकसा कर कांग्रेस करवा रही प्रदर्शन

**रायपुर,26 अगस्त।** दिल्ली के जंतर-मंतर में नीट परीक्षा लीक को लेकर हुए प्रदर्शन के बाद छत्तीसगढ़ में भी इसका प्रभाव दिख रहा है. Gen-Z के बाद, अच्छी शिक्षा, टीचरों की कमी जैसे मुद्दे पर पर अब Gen Alpha सड़कों पर उतर आए हैं. प्रदेशभर में स्कूली बच्चों के प्रदर्शन के बीच शिक्षा मंत्री का बड़ा बयान सामने आया है. उन्होंने आरोप लगाया कि बच्चों को उकसा कर कांग्रेस प्रदर्शन करवा रही है. शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने अलग-अलग जिलों से सामने आ रहे स्कूली छात्रों के प्रदर्शन को लेकर कांग्रेस पर बड़ा आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं के कारण यह प्रदर्शन हो रहे हैं. बच्चों को आगे कर कांग्रेस पार्टी प्रदर्शन कर रही है. सरकार के खिलाफ माहौल बनाने के लिए प्रदर्शन किया जा रहा है. मंत्री गजेंद्र स्कूली छात्रों के प्रदर्शन को कांग्रेस जनित प्रदर्शन करार दिया और कहा कि सरकार प्रदेशभर में 8 हजार शौचालय का निर्माण करने वाली है. कांग्रेस श्रेय की राजनीति कर रही है. बच्चों को उकसा कर उनसे प्रदर्शन करवाया जा रहा है. युवा कांग्रेस चुनाव पर सियासी घमासान मचा हुआ है. इस मामले में मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि कांग्रेस में लड़ाई नई बात नहीं है. भूपेश बघेल और देवेंद्र यादव के बीच लड़ाई शुरू से है. इस बार भी नीचा दिखाने के लिए एक दूसरे खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं. भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में हो रही मैराथॉन बैठकों को लेकर मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा दिया कि बीजेपी में लगातार काम काज को लेकर बैठक होती है. लगातार प्रभार जिलों में भी बैठक करते हैं. समस्याओं को निराकरण करने का प्रयास करते हैं.

## एमपी की तर्ज पर विभागीय परीक्षा लागू करने पर विचार : गजेन्द्र यादव

**रायपुर,26 अगस्त।** शिक्षकों की मांग पर शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में विभागीय परीक्षा लागू करने पर विचार कर रहे हैं। शिक्षक संघ के प्रदर्शन और टीईटी की मांग पर शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि कोई भी शिक्षक हमारे(सरकार) से बाहर का नहीं है। सरकार उनकी चिंता कर रही है। उन्होंने कहा कि यह फैसला सरकार का नहीं है सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट का फैसला है। अभी हम लोगों ने फैसला किया है। मध्यप्रदेश जैसे विभागीय परीक्षा देने की तैयारी कर रहे हैं। मध्यप्रदेश जैसे लागू कर देते हैं, उसी तर्ज पर हम भी करने का




विचार कर रहे हैं। शिक्षक संघर्ष मोर्चा का दावा है कि टीईटी की अनिवार्यता के चलते प्रदेश के करीब 80 हजार शिक्षकों की नौकरी पर तलवार लटकी हुई है। इसी के विरोध में प्रदेशभर में शिक्षकों ने प्रदर्शन किया। शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने सरकार के सामने पांच सूत्रीय मांगें रखी हैं। इनमें टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करना, पुरानी सेवा गणना कर पेंशन हित लाभ देना, केंद्रीय वेतनमान प्रदाय कर वेतन विसंगति दूर करना, D.Ed. प्रशिक्षित शिक्षकों को ब्रिज कोर्स के माध्यम से B.Ed. कराने और भर्ती-पदोन्नति नियम 2026 को निरस्त करने की मांग शामिल है।

### छत्तीसगढ़ के 4 शहरों में चलेगी महिलाओं के लिए ई-बस

**रायपुर,26 अगस्त।** छत्तीसगढ़ में महिलाओं के सफर को आसान और सुरक्षित बनाने के लिए विशेष ई-बस सेवा शुरू करने की तैयारी है। प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना के तहत महिलाओं की जरूरत के हिसाब से रूट और संचालन व्यवस्था तैयार की जाएगी। नगरीय प्रशासन विभाग ने योजना को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में ऐसे रूट चुनने पर चर्चा हुई, जहां महिलाओं को आने-जाने में ज्यादा सुविधा मिले।

खास बात यह है कि केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ के रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग और कोरबा के लिए कुल 240 इलेक्ट्रिक बसों को मंजूरी दी है। अब रूट, बस स्टॉप, डिपो और चार्जिंग स्टेशन की व्यवस्था को अंतिम रूप देने की तैयारी चल रही है।

## राहुल गांधी पहले बताएं कि वे किस जाति के हैं?: संतोष पांडेय

**रायपुर,26 अगस्त।** जातिगत जनगणना को लेकर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखे जाने पर सांसद संतोष पांडे ने बड़ा सवाल उठाया है. उन्होंने कहा कि पहले राहुल गांधी बताएं कि वे किस जाति से हैं? क्या राहुल गांधी पारसी हैं? देश को बताना चाहिए आखिर राहुल और प्रियंका किस जाति के हैं? वहीं छत्तीसगढ़ में आदिवासी कांग्रेस की बैठक को लेकर सांसद संतोष पांडे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी आदिवासियों का शोषण करती है. आदिवासियों को अपमानित, जेल भेजने का काम करती है. भूपेश बघेल के कार्यकाल में क्या स्थिति थी, सब जानते है. बीजेपी के मैराथन बैठक पर सांसद संतोष पांडे का बयान हम अपने शस्त्र को मांजते रहते है. शांति काल में भी बीजेपी युद्ध के लिए तैयार रहती है. अलग-अलग कार्यक्रमों की समीक्षा हो रही है. आने वाले दिनों के लिए कार्यक्रम की रणनीति तय हो रही है.

## सांसद-विधायकों के आपराधिक मामलों पर हाईकोर्ट की नजर

### बिलासपुर से रायपुर तक लंबित केसों की पूरी रिपोर्ट जारी

**बिलासपुर,26 अगस्त।** हाईकोर्ट ने जुलाई 2026 तक लंबित सांसद-विधायकों से जुड़े आपराधिक मामलों की अपडेटेड स्टेटस रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट में बिलासपुर, बलौदाबाजार, जांजगीर-चांपा, कबीरधाम, रायपुर और राजनांदगांव की निचली अदालतों में चल रहे मामलों की स्थिति दर्ज है। बिलासपुर में कांग्रेस विधायक अटल श्रीवास्तव के खिलाफ सीजेएम कोर्ट में चल रहे क्रिमिनल केस नंबर 541/2026 में बीएनएस की धारा 190, 191(2), 192 और 126(2) के तहत मामला दर्ज है। रिपोर्ट के अनुसार, इस मामले में साक्ष्य के लिए 20 अगस्त 2026 की तारीख तय थी। बलौदाबाजार के पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा के खिलाफ भी केस चल रहा। रायपुर में पूर्व व वर्तमान विधायकों से जुड़े कई मामले दर्ज हैं, जिनमें एसीबी स्पेशल कोर्ट, मनी लॉन्ड्रिंग कोर्ट और सीजेएम कोर्ट में प्रकरण लंबित हैं। इनमें कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव, पूर्व विधायक चंद्रदेव प्रसाद राय, कांग्रेस विधायक कावासी लखमा समेत अन्य के मामले शामिल हैं। कुछ मामलों में अगस्त और सितंबर 2026 की सुनवाई की तिथियां निर्धारित की गई हैं।राजनांदगांव के मामलों पर भी हाईकोर्ट की नजर है।

## मोदी विरोधी हैं जोहरान ममदानी इसलिए मोहन भागवत का विरोध

**न्यूयार्क,26 अगस्त।** अमेरिका में आरएसएस यानी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत की रैली को लेकर विवाद जारी है। अब अमेरिकी सिंगर मैरी मिलबेन ने न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि ममदानी भारतीय जनता पार्टी और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरोध में ऐसा कर रहे हैं। भागवत मैडिसन स्क्वायर गार्डन में कार्यक्रम को संबोधित करने वाले हैं। अमेरिकी सिंगर और अभिनेत्री मैरी मिलबेन ने न्यूयॉर्क मेयर को सनकी करार दिया है। उन्होंने लिखा, 'ममदानी और ये सभी समाजवादी सनकी लोग मैडिसन स्क्वायर गार्डन में होने वाले मोहन भागवत के कार्यक्रम का विरोध इसलिए कर रहे हैं क्योंकि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के विरोधी हैं। यह बात बिल्कुल साफ है।' उन्होंने कहा, 'ये सनकी लोग समाजवाद की विचारधारा को मानते हैं, इसलिए वे पूंजीवाद को नहीं समझते। एमएसजी समाजवादियों की बकवास की परवाह नहीं करता।

## कांग्रेस ने ही बिगाड़ा एक देश, एक चुनाव' का सिस्टम: शिवराज

**नई दिल्ली,26 अगस्त।** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को 'एक देश, एक चुनाव' का विरोध करने वाले कांग्रेस सांसद पी चिदंबरम पर पलटवार किया। उन्होंने तर्क दिया कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव पहले एक साथ ही होते थे, लेकिन तत्कालीन सत्ताधारी कांग्रेस ने इस व्यवस्था को बिगाड़ दिया। इससे पहले, वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम ने कहा था कि अगर संसद से 'एक देश, एक चुनाव' बिल पास भी हो जाए, तो भी 2029 में एक साथ चुनाव कराना संभव नहीं होगा। 'X' पर एक पोस्ट में चिदंबरम ने कहा कि उन्होंने 'एक देश, एक चुनाव' (ONOE) पर बनी संयुक्त संसदीय समिति के सामने अपनी बात रखी थी और कहा था कि यह बिल संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन करता है।

पलटवार करते हुए शिवराज चौहान ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसने 1970 के दशक में असंवैधानिक तरीकों से विपक्ष की चुनी हुई सरकारों को गिराया था। पत्रकारों से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मैंने पी चिदंबरम का बयान पढ़ा जिसमें उन्होंने दावा किया है कि 'एक देश, एक चुनाव' असंवैधानिक है और कांग्रेस पार्टी की अंतरात्मा इसे लागू करने की इजाज़त नहीं देती। वे किस अंतरात्मा की बात कर रहे हैं? लोकसभा और विधानसभाओं के



चुनाव पहले एक साथ ही होते थे; ऐसा 1952, 1957, 1962 और 1967 में हुआ था। बाद में, कांग्रेस पार्टी ने असंवैधानिक तरीकों से विपक्ष की चुनी हुई सरकारों को गिराने की साजिश रची और इस व्यवस्था को बिगाड़ दिया। 'एक देश, एक चुनाव' के प्रस्ताव का समर्थन करते हुए चौहान ने कहा कि लॉ कमीशन ने कई बार और पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली हाई-लेवल कमेटी ने एक साथ चुनाव कराने की बात कही है। उन्होंने कहा कि 1983 में लॉ कमीशन ने कहा था कि लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराना ज़रूरी है। चुनाव आयोग की भी यही राय थी। लॉ कमीशन ने 2018 में फिर से यही बात दोहराई। तो फिर यह असंवैधानिक कैसे हो गया? पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद की अगुवाई वाली कमेटी ने 'एक देश, एक चुनाव' की ज़रूरत पर रिपोर्ट तैयार करने से पहले देश भर के बुद्धिजीवियों और कानूनी विशेषज्ञों से बातचीत की। इस प्रस्ताव में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने और उसके बाद 100 दिनों के भीतर अन्य चुनाव कराने का सुझाव दिया गया है।

### कांग्रेस ने मोदी सरकार पर साधा निशाना

**नई दिल्ली,26 अगस्त।** कांग्रेस ने ज़रूरी चीज़ों की बढ़ती कीमतों को लेकर मोदी सरकार पर अपना हमला तेज़ कर दिया। पार्टी ने कहा कि बीजेपी के अच्छे दिन के वादे के बजाय, लोगों के घर के बजट पर लगातार बोझ बढ़ रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि सरकार ध्यान भटकाने वाले हथकंडों और बेतुकी बातों का सहारा लेकर अपनी जवाबदेही से बचने की कोशिश कर रही है, लेकिन पार्टी और जनता महंगाई के मुद्दे पर सवाल उठाना जारी रखेंगे।

# स्वामी आत्मानंद शासकीय स्कूल सेलूद की बदहाली पर फूटा छात्रों का गुस्सा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 26 अगस्त।** स्वामी आत्मानंद शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सेलूद में शौचालय और बाउंड्रीवाल की मांग को लेकर मंगलवार सुबह सैकड़ों छात्र-छात्राओं का गुस्सा सड़क पर फूट पड़ा। सुबह करीब 9 बजे विद्यार्थियों ने दुर्ग-पाटन मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। करीब एक घंटे तक मार्ग बाधित रहा, जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई।

चक्काजाम की जानकारी मिलने के करीब एक घंटे बाद नायब तहसीलदार मनोज रस्तोगी मौके पर पहुंचे। उन्होंने छात्र-छात्राओं से उनकी समस्याओं की जानकारी ली और मांगों के निराकरण का आश्वासन दिया। इसके बाद विद्यार्थियों ने सड़क खाली कर दी और स्कूल लौट गए।



### एबीईओ ने किया स्कूल का निरीक्षण इस्टीमेट बनाने के दिए निर्देश

शिक्षा विभाग की ओर से एबीईओ प्रदीप महिलांगे भी स्कूल पहुंचे। उन्होंने बच्चों से उनकी समस्याओं की जानकारी ली और स्कूल परिसर का निरीक्षण किया। श्री महिलांगे ने विद्यार्थियों को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को जल्द पूरा कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बच्चों से सड़क पर आंदोलन करने के बजाय अपनी पढ़ाई पर ध्यान देने की अपील भी की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्कूल के जर्जर शौचालय और क्षतिग्रस्त बाउंड्रीवाल की स्थिति देखी। स्थिति को देखते हुए उन्होंने प्राचार्य मिताली सेन को आवश्यक निर्माण कार्य का इस्टीमेट तैयार कर भेजने के निर्देश दिए, ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके।

### जर्जर शौचालय, क्षतिग्रस्त सीसीटीवी और कमजोर बाउंड्रीवाल

प्राचार्य ने अधिकारियों को स्कूल के जर्जर हो चुके शौचालय कीस्थिति दिखाई। बताया गया कि असामाजिक तत्वों द्वारा शौचालय को क्षतिग्रस्त किया गया है। स्कूल में सुरक्षा के लिए लगाया गया सीसीटीवी कैमरा भी तोड़ दिया गया है। वहीं स्कूल को बाउंड्रीवाल कई स्थानों से टूट चुकी है और पुरानी बाउंड्रीवाल काफी नीची है। इसके कारण शाम होते ही असामाजिक तत्वों के स्कूल परिसर में प्रवेश करने की शिकायत है। इससे स्कूल की संपत्ति को नुकसान पहुंचने के साथ ही विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर में चिंता बनी हुई है।

### सांसद विजय ने भी 2 जनवरी को लिखा था पत्र

स्कूल की समस्या को लेकर यह भी सामने आया है कि सांसद विजय बघेल ने 2 जनवरी को शिक्षा मंत्री को पत्र लिखकर सांसद प्रतिनिधि को मांग के संदर्भ में स्कूल में आवश्यक निर्माण कार्य के लिए राशि स्वीकृत करने का आग्रह किया था। बावजूद इसके अब तक राशि स्वीकृत नहीं होने की बात कही जा रही है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जब सांसद स्तर से जनवरी में ही पत्र लिखा जा चुका था, तो राशि स्वीकृति और निर्माण कार्य में अब तक देरी क्यों हुई? आखिरकार बच्चों को अपनी मूलभूत जरूरत के लिए सड़क पर उतरकर चक्काजाम करने की नौबत क्यों आई?

सवाल सांसद विजय बघेल ने 2 जनवरी को शिक्षा मंत्री को लिखा था पत्र, अब तक राशि स्वीकृत नहीं

## एक नजर

### श्रावण मास में भाजपा करेगी रुद्राभिषेक का आयोजन 27 अगस्त को

**भिलाई, 26 अगस्त।** श्रावण मास के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला भिलाई द्वारा भगवान शिव की आराधना एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना को लेकर रुद्राभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह धार्मिक आयोजन 27 अगस्त बृहस्पतिवार को दोपहर 1 बजे भाजपा जिला कार्यालय सुपेला में होगा। भाजपा जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में भगवान शिव का विधि-विधान एवं श्रद्धा पूर्वक रुद्राभिषेक किया जाएगा। कार्यक्रम के माध्यम से क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं जनकल्याण की कामना की जाएगी। रुद्राभिषेक कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारी व कार्यसमिति सदस्य, राष्ट्रीय एवं प्रदेश मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, सांसद एवं विधायक, पूर्व सांसद एवं विधायक, निगम एवं पालिका के महापौर-अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य, जिला मोर्चा अध्यक्ष एवं महामंत्री, प्रकोष्ठों के संयोजक-सह संयोजक, मंडल अध्यक्ष एवं पदाधिकारी, पार्षद एवं पूर्व पार्षद सहित पार्टी के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। भाजपा जिला भिलाई ने सभी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं से अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर भगवान भोलेनाथ के रुद्राभिषेक में सहभागी बनने का आग्रह किया है।

### बीएसपी क्रिकेट टीम में अंडर-14 से सीनियर तक के खिलाड़ियों को मिलेगा मौका

**भिलाई, 26 अगस्त।** बीएसपी क्रिकेट टीमों के गठन हेतु 26 एवं 27 अगस्त को बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड, सिविक सेंटर में सुबह 9 बजे से पंजीयन एवं चयन प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। बालक वर्ग में अंडर-14, अंडर-16, अंडर-19, अंडर-23 एवं सीनियर, जबकि महिला वर्ग में अंडर-15, अंडर-19, अंडर-23 एवं सीनियर श्रेणी के खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। इसमें संयंत्रकर्मियों के बच्चों के साथ भिलाई के परिधीय क्षेत्र के प्रतिभागी भी भाग ले सकेंगे। चयन प्रक्रिया में शामिल होने वाले प्रतिभागियों को पिछले छह वर्षों की स्कूल अंकसूची, डिजिटल अथवा मैनुअल जन्म प्रमाण पत्र, फोटोयुक्त पीवीसी आधार कार्ड तथा दो पासपोर्ट आकार के फोटो मूल एवं प्रतिलिपि सहित लाना अनिवार्य होगा। इच्छुक खिलाड़ी निर्धारित तिथि पर बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड पहुंचकर चयनकर्ता के. राजगोपालन के पास अपना पंजीयन करा सकते हैं।

### कट्टा से डराने वाला युवक गिरफ्तार



**भिलाई, 26 अगस्त (तछसं.)।** उड़िया बस्ती लक्ष्मी नारायण नगर में देशी कट्टा लेकर लोगों को डराने-धमकाने वाले आरोपी को खुर्सीपार पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपी के कब्जे से 12 बोर का 01 देशी कट्टा एवं 12 बोर का 01 राउंड बरामद कर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है खुर्सीपार टीआई लक्ष्मण केवट ने बताया कि थाना खुर्सीपार क्षेत्र के उड़िया बस्ती, लक्ष्मी नारायण नगर में कुछ व्यक्तियों द्वारा देशी कट्टा लेकर लोगों को डराने-धमकाने एवं क्षेत्र में दहशत फैलाने की सूचना मिली। सूचना पर थाना खुर्सीपार थाने पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घेराबंदी की पुलिस को देखकर कुछ संदिग्ध व्यक्ति भागने का प्रयास किया उनमें से एक आरोपी को पुलिस टीम ने पकड़ लिया गया, जबकि अन्य व्यक्ति मौके से फरार हो गए पकड़ा गया आरोपी उत्तम उर्फ पुरुषोत्तम उर्फ बुड़ा (38 साल ) निवासी लक्ष्मी नारायण नगर उड़िया बस्ती खुर्सीपार से पूछताछ एवं तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 12 बोर का 01 देशी कट्टा एवं 12 बोर का 01 राउंड बरामद किया गया आरोपी के विरुद्ध थाना खुर्सीपार में धारा 25 एवं 27 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी आपराधिक प्रकरण दर्ज होना पाया है वर्ष 2021 में थाना भिलाई-3 क्षेत्र के एक प्रकरण में आरोपी के विरुद्ध धारा 302 भारतीय दण्ड संहिता के तहत प्रकरण दर्ज होने एवं जेल में निरूद्ध रहने की जानकारी प्राप्त हुई है इस के अतिरिक्त आरोपी के विरुद्ध अन्य आपराधिक प्रकरण दर्ज होने की जानकारी भी सामने आई है।

## ग्राम लिमतरा आश्रम के रुद्राभिषेक में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा : संत श्रीनिरंजन महाराज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 26 अगस्त।** पवित्र श्रावण मास के शुभ अवसर पर श्री भागवत आश्रम, लिमतरा में 24 अगस्त 2026, सोमवार को 51 पार्थिव शिवलिंग रुद्राभिषेक का भव्य धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। आयोजन में लिमतरा सहित आसपास के ग्रामों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और भगवान भोलेनाथ की आराधना कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

कार्यक्रम के दौरान 51 पार्थिव शिवलिंगों का विधि-विधान से पूजन एवं रुद्राभिषेक किया गया। मंत्रोच्चार, भजन एवं भगवान शिव की आराधना से पूरा आश्रम परिसर भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। आसपास के गांवों से पहुंचे भक्तजनों ने उत्साहपूर्वक रुद्राभिषेक में सहभागिता निभाई और भगवान शिव से क्षेत्र एवं परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। भागवत आश्रम, लिमतरा के मुख्य संचालक एवं प्रखर कथावाचक संत श्री निरंजन महाराज जी के मार्गदर्शन में यह धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। संत श्री निरंजन महाराज जी अपने भजनों, श्रीमद्भागवत कथा एवं आध्यात्मिक प्रवचनों के माध्यम से छत्तीसगढ़ सहित आसपास के क्षेत्रों में विशेष पहचान रखते हैं। उनके धार्मिक आयोजनों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपनी



आस्था के साथ शामिल होते हैं।

रुद्राभिषेक के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जल, दूध एवं विभिन्न पूजन सामग्रियों से अभिषेक कर विधिवत पूजा-अर्चना की। पूरे आयोजन में भक्तिभाव और आध्यात्मिक ऊर्जा का वातावरण बना रहा।इसमें उपस्थित परमेश्वर महाराज, संतोष शास्त्री, विजय शास्त्री, डाक्टर रोशन टिलखैरिया, निमेश टिलखैरिया, दुष्यंत टिलखैरिया, भिरेंद्र पटेल, ईतवारी चंदेल, मोहन पटेल, हरिशंकर साहू रिसाली, संजय ठाकुर सहित समस्त लिमतरा आश्रम परिवार सहित आस पास के भक्त जन उपस्थित थे।आयोजन के सफलतापूर्वक संपन्न होने पर आयोजकों ने श्री भागवत आश्रम से जुड़े सभी भक्तजनों, सहयोगियों एवं आसपास के ग्रामों से पहुंचे श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सहभागिता और आस्था से ही यह पावन आयोजन सफल हो सका।साथ ही संत श्री निरंजन महाराज जी का 25 अगस्त को जन्मदिन श्री भगवान आश्रम परिसर में उनके भक्त जनो रोशन साहू,नेहल साहू ने भी अपना जन्मदिन गुरुदेव जी के साथ मनाया इस अवसर पर भक्त मंडल हरि राम साहू सह पत्नीक ,डॉक्टर रोशन टिकरिया ,परस राम साहू ,नीमेश्वरी साहू ,आदी शामिल रहे।

## डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कवर्धा विधानसभा के 171 मेधावी विद्यार्थियों का किया सम्मान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 26 अगस्त।** मेहनत, लगन और प्रतिभा के दम पर सफलता हासिल करने वाले कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के 171 मेधावी विद्यार्थियों के लिए यह दिन खास और यादगार रहा। पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम, कवर्धा में आयोजित मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह में कवर्धा विधायक श्री विजय शर्मा ने कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि के चेक एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। कवर्धा में पहली बार इतने बड़े स्तर पर आयोजित इस समारोह में वनांचल क्षेत्र के विद्यालयों के प्रतिभावान विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। इस पहल ने ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों में पढ़ने वाले बच्चों की प्रतिभा को पहचान और प्रोत्साहन देने का संदेश दिया।

समारोह के दौरान कवर्धा विधायक श्री विजय शर्मा ने विद्यार्थियों से आत्मीयता के साथ सीधा संवाद किया। उन्होंने बच्चों के साथ समय बिताया, उनकी पढ़ाई और रुचियों के बारे में जाना तथा उनके सवालों और जिज्ञासाओं पर चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरक पुस्तकें भी भेंट कीं, ताकि उनमें पढ़ने और सीखने की आदत को और बढ़ावा मिले। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों के साथ सेल्फी लेकर उनके साथ खुशियां भी साझा कीं। कार्यक्रम की एंकर अनुराधा दुबे ने भी अपनी प्रेरक और उत्साहवर्धक बातों से विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया। पूरे समारोह में विद्यार्थियों में उत्साह और खुशी का माहौल रहा। सम्मान, संवाद और प्रोत्साहन से भरे इस आयोजन ने मेधावी विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा को और निखारने तथा भविष्य में बड़ी उपलब्धियां हासिल करने के लिए नई ऊर्जा दी। कवर्धा विधायक श्री विजय शर्मा ने कहा कि कवर्धा की धरती प्रतिभाओं से भरी हुई है। आज सम्मानित हो रहे ये मेधावी विद्यार्थी अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा के दम पर आने वाले समय में नई ऊंचाइयां हासिल करेंगे। कवर्धा की यह प्रतिभा आगे चलकर न केवल जिले और प्रदेश का नाम रोशन करेगी, बल्कि एक दिन देश का गौरव बनेगी। मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह में कक्षा 10वीं में 90 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 5-5 हजार रुपये तथा कक्षा 12वीं में 90 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 10-10 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि का चेक प्रदान किया गया। इसके साथ ही सभी चयनित विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष श्री कैलाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत सदस्य श्री रामकुमार भट्ट, बोड़ला जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि रामकिंकर वर्मा, श्री निर्मल द्विवेदी, श्री हरीश लुनिया, कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति, डीएफओ श्री निखिल अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधि, स्कूली विद्यार्थी, पालकगण, शिक्षक, शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष उपस्थित थे।

# नगर निगम सामान्य सभा में विकास कार्यों से जुड़े प्रस्तावों पर लगी मुहर



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 26 अगस्त।** नगर निगम भिलाई की सामान्य सभा की बैठक सभापति गिरवर बंटी साहू की अध्यक्षता में मंगलवार को निगम सभागार में प्रातः 11 बजे आयोजित हुई। बैठक में महापौर नीरज पाल, आयुक्त सुरुचि सिंह, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह, महापौर परिषद के सदस्य, पार्षदगण तथा निगम के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में शहर के विकास, नागरिक सुविधाओं के विस्तार और विभिन्न महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा एवं सवाल-जवाब हुए। सामान्य सभा में कैनाल रोड का नाम भगवान परशुराम तथा चौक का नाम मां परमेश्वरी चौक किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। वहीं भिलाई में प्रशासनिक कार्यों को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से नए निगम कार्यालय भवन के निर्माण से संबंधित प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई। नए कार्यालय भवन के जल्द भूमि पूजन के लिए सदन ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया। शहर में प्रकाश व्यवस्था को बेहतर बनाने और नागरिकों को पर्याप्त रोशनी उपलब्ध कराने से संबंधित प्रस्ताव को भी सदन की स्वीकृति मिली। वहीं गोकुल धाम से संबंधित प्रस्ताव पर विचार-विमर्श के बाद आगामी प्रक्रिया को रोकने का निर्णय लिया गया। बैठक में निगम क्षेत्र के विभिन्न भूखंडों को 30 वर्षीय लीज पर दिए जाने के विषय पर भी चर्चा हुई। इसके अलावा सामाजिक एवं सामुदायिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लोधी क्षत्रिय समाज के सामाजिक भवन के लिए भूमि उपलब्ध कराने के प्रस्ताव पर सदस्यों ने अपने विचार रखे। सामान्य सभा में प्रियदर्शिनी परिसर में 1000 सीटर ऑडिटोरियम के निर्माण तथा प्रियदर्शिनी परिसर पश्चिम में सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक और प्राकृतिक फुटबॉल मैदान के निर्माण से जुड़े प्रस्तावों पर भी चर्चा हुई। सदस्यों ने विभिन्न विषयों पर सवाल किए और संबंधित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। चर्चा के बाद सदन ने शहर के विकास एवं नागरिक सुविधाओं से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों पर अपनी सहमति प्रदान की। इन योजनाओं के क्रियान्वयन से भिलाई में प्रशासनिक सुविधाओं के विस्तार के साथ-साथ खेल, सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों के लिए बेहतर अधोसंरचना विकसित होने की उम्मीद है।

### फरार तीन आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई, 26 अगस्त (तछसं.)।** भिलाई खुर्सीपार थाना क्षेत्र के राहगीरों से शराब पीने के लिए पैसे मांगकर मारपीट और गाली-गलौज करने वाले तीन फरार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की थी भिलाई खुर्सीपार टीआई लक्ष्मण केवट ने बताया कि लखविंदर सिंह समेत अन्य लोगों ने शिकायत की थी कि कुछ युवक राहगीरों से पैसे मांगते थे और इनकार करने पर मारपीट करते थे पुलिस ने राजेंद्र प्रसाद नगर निवासी टकली उर्फ टिकेश, आकाश उर्फ सोहेल और निशान चौधरी उर्फ लक्की को पकड़ा तीनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में अपराध दर्ज कर कार्रवाई की गई है ।

### बिना नंबर की कार पकड़ाई

**भिलाई, 26 अगस्त (तछसं.)।** भिलाई सेंट्रल एवेन्यू मार्ग पर यातायात पुलिस ने बिना नंबर चल रही मॉडिफाइड कार को पकड़ा जांच में शीशों पर ब्लैक फिल्म लगी थी और आरटीओ की अनुमति के बिना मॉडिफिकेशन कराया था ।

# ठेका कर्मियों के 180 मेधावी बच्चों को मिला प्रोत्साहन सम्मान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 26 अगस्त।** भिलाई इस्पात संयंत्र के शिक्षा विभाग द्वारा प्रोत्साहन-प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन महात्मा गांधी कला मंदिर सिविक सेंटर में किया गया। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक पवन कुमार रहे। समारोह में कक्षा 8वीं, 10वीं और 12वीं में 50 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले चयनित विद्यार्थियों को क्रमशः 5 हजार, 8 हजार और 10 हजार रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। कुल 180 विद्यार्थियों को 13 लाख 80 हजार रुपये वितरित किए गए। इनमें टाउनशिप क्षेत्र के 164 तथा माइंस क्षेत्र के 16 विद्यार्थी शामिल रहे। मुख्य अतिथि पवन कुमार ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे सम्मान उन्हें कठिन परिस्थितियों में बेहतर प्रदर्शन करने और जीवन के निर्धारित लक्ष्यों को हासिल करने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से जिम्मेदार नागरिक बनने तथा भिलाई की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। महाप्रबंधक प्रभारी ए.बी. श्रीनिवास ने योजना की जानकारी देते हुए बताया कि इसका उद्देश्य ठेका श्रमिकों के बच्चों को शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए सम्मानित कर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है।

## डी-मार्ट के सामने निर्माणाधीन बस डिपो का निरीक्षण

**भिलाई, 26 अगस्त।** आयुक्त सुरुचि सिंह के साथ केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के संचालक भानुप्रताप सिंह भदौरिया एवं केंद्रीय टीम ने डी-मार्ट के सामने निर्माणाधीन सिटी बस डिपो का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सिटी बस संचालन से जुड़ी व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन करते हुए डिपो में उपलब्ध सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सबसे पहले सिटी बसों के ड्राइवर और कंडक्टरों के प्रशिक्षण के लिए तैयार किए गए भवन का अवलोकन किया। प्रशिक्षण भवन में उपलब्ध संसाधनों, आवश्यक सुविधाओं और प्रशिक्षण व्यवस्था की जानकारी ली गई। अधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया कि बस संचालन से जुड़े कर्मचारियों को बेहतर प्रशिक्षण और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों, ताकि यात्रियों को सुरक्षित एवं सुचारू परिवहन सेवा मिल सके। इसके बाद टीम ने डिपो परिसर में बसों की पार्किंग व्यवस्था, चार्जिंग प्वाइंट और प्रकाश व्यवस्था का निरीक्षण किया। डिपो में बसों की आवाजाही और पार्किंग को व्यवस्थित रखने के साथ ही आवश्यक सुविधाओं को सुचारू रूप से संचालित करने पर विशेष जोर दिया गया। आयुक्त सुरुचि सिंह एवं केंद्रीय संचालक भानुप्रताप सिंह भदौरिया ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि डिपो परिसर की व्यवस्थाओं को व्यवस्थित और सुचारू बनाए रखने के लिए नियमित निरीक्षण किया जाए।



## रिसाली के पटरीपार क्षेत्र में 1.58 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रिसाली, 26 अगस्त।** रिसाली निगम के पटरीपार क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 13 टंकी मरोदा, वार्ड क्रमांक 14 मरोदा कैंप और वार्ड क्रमांक 15 मौहारी मरोदा में 1 करोड़ 58 लाख 63 हजार रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्य कराए जाएंगे। मंगलवार को दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर एवं रिसाली महापौर शशि सिन्हा ने विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया। इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि रिसाली निगम के पटरीपार क्षेत्र मरोदा, नेवई सहित अन्य क्षेत्रों में विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर सूचीबद्ध कर लगातार भूमिपूजन कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि करीब एक माह पहले इस अभियान की शुरुआत की गई थी और अंतिम छोर पुरैना से भी विकास कार्यों का भूमिपूजन किया जा चुका है। विधायक ने कहा कि क्षेत्रीय पार्षदों के प्रयास और नागरिकों की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए विभिन्न विकास कार्यों को स्वीकृति देकर धरातल पर उतारा जा रहा है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के कई अन्य विकास कार्यों की मंजूरी की प्रक्रिया चल रही है। स्वीकृति मिलते ही वे दोबारा वार्डों का दौरा कर विकास कार्यों का भूमिपूजन करेंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर शशि सिन्हा ने कहा कि निगम क्षेत्र में नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। वार्ड क्रमांक 13 टंकी मरोदा में 60.28 लाख रुपये की लागत से नाली निर्माण, सड़क निर्माण एवं सौंदर्यीकरण के कार्य किए जाएंगे। वहीं वार्ड क्रमांक 14 मरोदा कैंप में 51.10 लाख रुपये से नाली एवं पुलिया निर्माण, सड़क संधारण तथा सामुदायिक भवन से जुड़े कार्य होंगे। इसी तरह वार्ड क्रमांक 15 मौहारी मरोदा में 39.25 लाख रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्य कराए जाएंगे। इन कार्यों से पटरीपार क्षेत्र में सड़क, नाली, पुलिया, सामुदायिक सुविधा और सौंदर्यीकरण से जुड़ी नागरिक समस्याओं का समाधान होने की उम्मीद है।

# विधायक भावना बोहरा को जन्मदिन पर बधाई देने रणवीरपुर में उमड़ा लोगों का सैलाब

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 26 अगस्त।** पंडरिया विधानसभा की विधायक भावना बोहरा के जन्मदिन के अवसर पर सोमवार को क्षेत्र में उत्साह, आत्मीयता और जनस्नेह का अभूतपूर्व वातावरण देखने को मिला। सुबह से ही पंडरिया विधानसभा सहित कबीरधाम जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, युवा, महिलाएं, वरिष्ठजन एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उन्हें शुभकामनाएं देने पहुंचे। ग्राम रणवीरपुर में आयोजित कार्यक्रम में लगभग 10000 से अधिक लोगों की सहभागिता ने जन्मदिन समारोह को जनआशीर्वाद के एक बड़े उत्सव में बदल दिया।जन्मदिन के अवसर पर विधायक भावना बोहरा ने टीम हरीतिमा व भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ कवर्धा में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके पश्चात उन्होंने माँ महामाया, बुढ़ा महादेव एवं खेड़ापति हनुमान मंदिर में दर्शन-पूजन कर छत्तीसगढ़ की सुख-समृद्धि, प्रदेशवासियों के स्वस्थ एवं मंगलमय जीवन तथा पंडरिया विधानसभा की उन्नति की कामना की। उन्होंने कवर्धा स्थित वृद्धाश्रम पहुंचकर वरिष्ठजनों के साथ समय बिताया, उनका कुशलक्षेम जाना और फल वितरित कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद रणवीरपुर जाते समय कबीरधाम जिला भाजपा कार्यालय, उड़ियाखुर्द, सहसपुर लोहारा, सिल्हाटी मोड़, विचारपुर, सिंगारपुर, रणजीतपुर, जमुनिया सहित विभिन्न स्थानों पर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों ने आत्मीय स्वागत किया। सिल्हाटी चौक, सिंगारपुर, रंजीतपुर एवं जमुनिया में भी बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने विधायक भावना बोहरा का स्वागत कर जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। उनके गृह ग्राम रणवीरपुर में आयोजित कार्यक्रम में हजारों की संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों, विभिन्न सामाजिक संगठनों और क्षेत्रवासियों ने पुरे उत्साह के साथ अपनी विधायक भावना बोहरा को बधाई, शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम में जमकर झूमते नजर आए। इस दौरान भावना बोहरा ने ग्राम सेमरहा के अपने बच्चों के साथ केक काटकर अपना जन्मदिन मनाया।इस अवसर पर विधायक भावना बोहरा ने क्षेत्रवासियों, पार्टी संगठन एवं कार्यकर्ताओं, वरिष्ठजनों, विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों एवं प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से जन्मदिन की शुभकामनाएं देने के लिए सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पंडरिया विधानसभा की जनता ने जिस आत्मीयता, स्नेह और विश्वास के साथ उनके जन्मदिन को जनउत्सव में बदल दिया।



## एक नजर

### आपदा पीड़ित परिवारों को 8 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार, 26 अगस्त। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्राकृतिक आपदा से मृत दो व्यक्ति के निकट परिजन प्रत्येक के लिए 4 लाख के मान से 8 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित परिजन जगदीश वर्मा पिता स्व. बंशीलाल वर्मा की माता शांति वर्मा निवासी ग्राम कोदवा, तहसील भाटापारा एवं दुकालूराम चौहान पिता नौसल चौहान की माता आसीन बाई निवासी ग्राम नारायणपुर तहसील कसडोल क़ी नदी, तालाब के पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदार को आरटीजीएस के जरिये पीड़ित के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

### कौशल प्रशिक्षण संचालन के लिए आवेदन 10 सितम्बर तक

**बलौदाबाजार, 26 अगस्त। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी, बलौदाबाजार-भाटापारा में प्रधानमन्त्री कौशल विकास योजना एवं मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अन्तर्गत कोर्स हेतु आवेदन 10 सितम्बर 2026 आमंत्रित किये गए हैं। सीसीटीवी इंस्टॉलेशन टेक्नीशियन, योग इंस्ट्रक्टर, मास्टर गार्डनर , सोलर पीवी इंस्टॉलर (सूर्यमित्र), घरेलू आईटी हेल्पडेस्क अटेंडेंट, ऑर्गेनिक उत्पादक में कौशल प्रशिक्षण संचालन हेतु ट्रेनिंग पार्टनर,प्रशिक्षण प्रदाता हेतु रजिस्टर्ड डाक अथवा कोरियर के माध्यम से नवीन संयुक्त जिला कार्यालय, जिला कौशल विकास प्राधिकरण, कक्ष क्रमांक 70 जिला बलौदाबाजार में कार्यालयीन समय पर पहुंच जाना चाहिए।आवेदन से संबधित विस्तृत जानकारी हेतु जिले की वेबसाईट www.balodabazar.gov.in अथवा कार्यालय के सूचना पटल का अवलोकन किया जा सकता है।

### सदस्यता सूची पर दावा-आपत्ति 30 अगस्त तक

**बलौदाबाजार, 26 अगस्त। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अनुसूचित जाति एवं जनजाति मत्स्य सहकारी सोसायटी अमरुआ के सदस्यों के निर्वाचन हेतु मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया है। इस सूची पर कोई दावा आपत्ति करना हो तो 30 अगस्त तक मय दस्तावेज सोसायटी कार्यालय मे प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके साथ ही कार्यालय उपायुक्त सहकारिता बलौदाबाजार मे भी लिखित मे आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। दावे का निरकारण 31 अगस्त 2026 को किया जाएगा जिसमें सदस्य उपस्थित रह सकते हैं।

### पंजीकृत असंगठित कर्मकार श्रमिकों से ई-रिक्शा सहायता योजना के लिए आवेदन आमंत्रित

**बलौदाबाजार, 26 अगस्त। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** श्रम विभाग के असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मण्डल अंतर्गत पंजीकृत रिक्शा चालकों से ई -रिक्शा सहायता योजना हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदक ई रिक्शा चालक के रूप में पंजीकृत श्रमिक जिनका निरंतर 3 वर्ष से मण्डल अंतर्गत पंजीकृत हो एवं आयु 18 से 50 वर्ष की उम्र हो। बैंक द्वारा स्वीकृत लोन उपरांत 90 दिवस के भीतर योजना हेतु श्रमिक द्वारा आवेदन करना होगा जिसमें योजनांतर्गत राशि 1,00,000 का अनुदान विभाग द्वारा दिए जाने का प्रावधान है। हितग्राही का पंजीयन कार्ड, बैंक से स्वीकृत लोन संबंधी दस्तावेज, आधार कार्ड, ड्राईविंग लायसेंस एवं बैंक पास बुक आवश्यक है । मंडल अंतर्गत पंजीकृत श्रमिक प्रत्येक जनपद पंचायतों में स्थित श्रम संसाधन केन्द्रों, विभाग के वेबसाईट shramevjayate.cg.gov.in, श्रमेव जयते ऐप या श्रम कार्यालय के कक्ष क्रमांक 117 कलेक्टर परिसर तथा च्वॉईस सेन्टर के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

### रिसदा में छात्र संघ कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण आयोजित

**बलौदाबाजार 26 अगस्त। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विद्यालयीन शिक्षण और शैक्षणिक गतिविधियों में सामंजस्य के साथ साथ विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता को विकसित करने के उद्देश्य से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रिसदा बलौदाबाजार में वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2026.27 के लिए छात्रसंघ का प्रत्यक्ष निर्वाचन पद्धति से गठन कर आज शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। निर्वाचन की प्रक्रिया में कक्षा 9वीं से लेकर 12 वीं तक अध्ययनरत समस्त छात्र छात्राओं ने भाग लेकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर छात्र संघ कार्यकारिणी का चयन किया।

# शक्तिवाहिनी के सावन उत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुति और प्रतियोगिताओं से बंधा समां

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 26 अगस्त।** सावन के पवित्र महीने के उल्लास और उमंग के बीच, शक्ति वाहिनी संगठन द्वारा स्वागतम हॉटल में एक भव्य सावन उत्सव का आयोजन किया गया। इस रंगारंग कार्यक्रम का शुभारंभ अत्यंत श्रद्धा और देशभक्ति के माहौल में भगवान शिव और भारत माता की वंदना व आरती के साथ किया गया।

रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

?आरती के पश्चात कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सांस्कृतिक प्रस्तुतियां रहीं, जहां महिलाओं और युवतियों ने अपनी कला से समां बांध दिया। इस दौरान ,रीना साहू, पूजा उज्जवने, सुनीता बघेल, कीर्ति बड़े, सौम्या भारद्वाज, सुधा श्रीवास्तव, हर्षा देवांगन, अंजू चौधरी, सविता साहू, गुलशन खांडेकर और नम्रता सिसोदिया समेत कई कलाकारों ने एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा।

**रोमांचक प्रतियोगिताएं और विजेता :** उत्सव के दौरान कई तरह की रोचक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लियाः

**जोड़ीदार गेम शोः** इस प्रतियोगिता में कीर्ति बड़े और अंजलि मंझवार की जोड़ी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

**म्यूजिकल कप गेमः** इस रोमांचक मुकाबले में संतोषी यादव पहले स्थान पर रहीं, जबकि अंजलि मंझवार ने दूसरा स्थान हासिल किया।

**सावन सुंदरी प्रतियोगिताः** कार्यक्रम के अंत में आयोजित इस मुख्य प्रतियोगिता में ज्योति बड़वाईक ने सावन सुंदरी का खिताब अपने नाम किया, वहीं पूनम ठाकुर दूसरे स्थान पर रहीं।

कार्यक्रम के अंत में सभी विजेता प्रतियोगियों को समिति की ओर से स्मृति चिन्ह और उपहार देकर सम्मानित किया गया।

**प्रमुख उपस्थितिः** इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में शक्ति वाहिनी की तमाम सक्रिय सदस्याओं का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में ज्योति बड़वाईक, शारदा भोंडे, संजू अग्रवाल, कीर्ति बड़े, निर्मला साहू, रीना साहू, सुनीता बघेल, इंदू यादव, कृष्ण शर्मा, वैशाली देशकर, सौम्या भारद्वाज, नमिता चौबे, नवनीत कौर, वंदना सोनी, सीमा मिश्रा, बरखा सोनी, अंजू चौधरी, रितु भोंडे, सविता साहू, नीता तराने, संतोषी यादव, गुलशन खांडेकर, कविता मोटघरे, पूनम ठाकुर, सुधा श्रीवास्तव, नम्रता सिसोदिया, वंदना सिसोदिया, सीता शर्मा, पूजा उजवने, कविता नामदेव, शारदा अग्रवाल, हर्षा देवांगन, श्रद्धा अग्रवाल, नीता मोटघरे, पूजा सिंह, कंचन निगम, अंजलि मंझवार, साक्षी रगड़े, भूमिका रगड़े, अंजू शर्मा, भारती मानिकपुरी और गीतांजलि मानिकपुरी सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहीं।

# बहनों की आत्मनिर्भरता और चेहरे की मुस्कान ही हमारी सबसे बड़ी खुशीः मुख्यमंत्री साय

**रायपुर, 26 अगस्त।** भाई-बहन के अटूट स्नेह के पावन पर्व रक्षाबंधन से पहले आज बालोद जिले के डौंडीलोहारा में एक आत्मीय और भावपूर्ण दृश्य देखने को मिला। प्रदेश की लाखों बहनों के 'विष्णु भैया' मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने महतारी वंदन सम्मान समारोह में प्रदेश की 67 लाख से अधिक माताओं-बहनों के बैंक खातों में महतारी वंदन योजना की 31वीं किस्त के रूप में ?631 करोड़ 38 लाख से अधिक की राशि अंतरित की। मुख्यमंत्री ने बहनों को रक्षाबंधन की अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि हमारी माताओं-बहनों के चेहरे पर मुस्कान, उनका आत्मविश्वास और उनका आशीर्वाद ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है।



डौंडीलोहारा के लाल रघुवीर सिंह स्टेडियम में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री श्री साय का माताओं-बहनों ने आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने भी बहनों के बीच पहुंचकर उनसे संवाद किया, उनका हालचाल जाना और महतारी वंदन योजना से उनके जीवन में आए बदलावों के अनुभव सुने। इस अवसर पर बालोद जिले के 2 लाख 45 हजार 28 हितग्राहियों सहित प्रदेश के 67 लाख 28 हजार 918 हितग्राहियों के खातों में कुल ?631 करोड़ 38 लाख 37 हजार 700 की राशि अंतरित की गई।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सावन के पवित्र महीने और रक्षाबंधन के ठीक पहले मातृशक्ति के सम्मान के इस कार्यक्रम में शामिल होना उनके लिए सौभाग्य का विषय है। रक्षाबंधन को ध्यान में रखते हुए सरकार ने सितंबर माह की किस्त भी 25 अगस्त को ही बहनों के खातों में पहुंचाने का निर्णय लिया, ताकि त्योहार की खुशियां और बढ़ें। मुख्यमंत्री ने कहा कि महतारी वंदन योजना केवल प्रतिमाह मिलने वाली आर्थिक सहायता नहीं है, बल्कि इसने महिलाओं के भीतर आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता का नया भाव पैदा किया है। अब हमारी माताओं-बहनों को अपनी छोटी-छोटी आवश्यकताओं के लिए दूसरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ता। वे इस राशि का उपयोग अपने स्वास्थ्य, पोषण, बच्चों की शिक्षा, बचत और छोटे व्यवसाय जैसी जरूरतों में कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि पिछले ढाई वर्षों में महतारी वंदन योजना के माध्यम से प्रदेश की माताओं-बहनों के खातों में लगभग ?20 हजार करोड़ की राशि अंतरित की जा चुकी है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ की माताओं-बहनों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की जो गारंटी दी थी, राज्य सरकार उसे पूरी प्रतिबद्धता से धरातल पर उतार रही है।

समारोह का सबसे आत्मीय अवसर तब आया, जब मुख्यमंत्री श्री साय ने महतारी वंदन योजना की पांच हितग्राही महिलाओं से सीधे संवाद किया। महिलाओं ने बताया कि योजना से मिलने वाली नियमित राशि ने उनकी रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने के साथ उन्हें आर्थिक फैसले लेने का आत्मविश्वास भी दिया है। मुख्यमंत्री ने उनके अनुभवों को ध्यान से सुना और कहा कि जब कोई बहन महतारी वंदन की राशि को बचाकर अपने परिवार के भविष्य को सुरक्षित करती है, बच्चों की पढ़ाई में लगाती है अथवा स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ती है, तो इस योजना का वास्तविक उद्देश्य पूरा होता है। उन्होंने कहा कि सरकार का संकल्प है कि छत्तीसगढ़ की हर माता-बहन आत्मनिर्भर बने, उसके सपनों को पंख मिलें और उसकी सफलता से पूरा परिवार सशक्त हो।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। छत्तीसगढ़ में अब तक लक्ष्य से अधिक 13 लाख 85 हजार महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं। स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं आज विभिन्न आजीविका गतिविधियों और उद्यमों के माध्यम से अपनी अलग पहचान बना रही हैं।

उन्होंने ड्रोन दीदी पहल का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारी बहनें आधुनिक तकनीक से भी जुड़ रही हैं। ड्रोन के माध्यम से खेतों में खाद एवं अन्य कृषि आदानों का छिड़काव कर वे किसानों को सेवाएं देने के साथ अच्छी आय अर्जित कर रही हैं। महिला सशक्तिकरण की यही यात्रा विकसित छत्तीसगढ़ की मजबूत नींव बनेगी।

## सोशल मीडिया पर धार्मिक टिप्पणियों को लेकर शिकायत, युवक ने लिखित रूप से मांगी माफी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 26 अगस्त।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर सनातन धर्म एवं हिंदू धार्मिक मान्यताओं के संबंध में आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड डोंगरगढ़ की ओर से थाना प्रभारी डोंगरगढ़ को शिकायत आवेदन सौंपकर संबंधित पोस्ट की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की मांग की गई थी।

शिकायत में बताया गया है कि डोंगरगढ़ बुधवारी पारा निवासी अनिल यादव, पिता भागवत यादव के नाम से संचालित फेसबुक प्रोफ़ाइल से सनातन धर्म एवं हिंदू धार्मिक मान्यताओं को लेकर लगातार आपत्तिजनक एवं उपहासात्मक टिप्पणियां की जा रही थी।

आवेदन में आरोप है कि पोस्ट में हिंदू देवी-देवताओं, मंदिरों, धार्मिक परंपराओं तथा पूजा-पाठ से संबंधित विषयों पर आपत्तिजनक टिप्पणियां की गईं। शिकायतकर्ताओं ने कहा कि इस प्रकार की पोस्ट सार्वजनिक रूप से प्रसारित होने से धार्मिक भावनाएं आहत होने तथा सामाजिक सौहार्द प्रभावित होने की आशंका है। उन्होंने पुलिस से मामले की जांच कर दोष पाए जाने पर संबंधित कानूनी प्रावधानों के तहत कार्रवाई करने की मांग की थी। विहिप नगर अध्यक्ष बाल मुकुंद तराने ने बताया कि शिकायत के बाद अनिल यादव द्वारा हस्तलिखित माफ़ीनामा प्रस्तुत कर सोशल मीडिया फेसबुक पर सनातन धर्म एवं हिंदू मान्यताओं के संबंध में टिप्पणी कर पोस्ट किए जाने की बात स्वीकार करते हुए सनातन धर्मावलंबियों से हाथ जोड़कर माफ़ी मांगी गई है। माफ़ीनामे में उन्होंने भविष्य में इस प्रकार की कोई पोस्ट अथवा टिप्पणी नहीं करने का आश्वासन भी दिया है।

## रक्षाबंधन के पर्व पर मुख्यमंत्री 2% डीए-डीआर की घोषणा करें : वीरेन्द्र नामदेव

■ **1 जनवरी 2026 से बकाया 2% डीए-डीआर का एरियर सहित भुगतान करने की मांग**

**रायपुर 26 अगस्त।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय से प्रदेश के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को केंद्र के समान 1 जनवरी 2026 से देय अतिरिक्त 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता (डीए) एवं महंगाई राहत (डीआर) तत्काल घोषित करने की मांग की है। महासंघ ने कहा है कि वर्तमान में 58 प्रतिशत की दर से मिल रहे डीए-डीआर को बढ़ाकर 60 प्रतिशत किया जाना चाहिए। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ के प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव ने कहा कि प्रदेश के कर्मचारी और पेंशनर लंबे समय से केंद्र के समान महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत की मांग कर रहे हैं, लेकिन लगातार मांग किए जाने के बावजूद राज्य सरकार ने इस मामले में अभी तक चुप्पी साध रखी है। बढ़ती महंगाई के दौर में पेंशनरों एवं कर्मचारियों को समय पर महंगाई राहत नहीं मिलना उनके लिए आर्थिक कठिनाई का कारण बन रहा है।

श्री नामदेव ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के बाद से कर्मचारियों एवं पेंशनरों के 88 माह के डीए-डीआर एरियर का भुगतान अब तक लंबित है। वहीं, केंद्र सरकार द्वारा 1 जनवरी 2026 से देय अतिरिक्त 2 प्रतिशत डीए-डीआर को भी अब लगभग आठ माह पूरे होने जा रहे हैं, लेकिन प्रदेश के पेंशनर अभी भी इसकी प्रतीक्षा कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि अब पेंशनरों को डीआर प्रदान करने के लिए मध्यप्रदेश सरकार से सहमति प्राप्त करने की प्रक्रिया समाप्त हो चुकी है। ऐसी स्थिति में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा अपने स्तर पर डीआर घोषित करने में अब कोई बाधा नहीं रह गई है। इसलिए डीए-डीआर के आदेश जारी करने में अनावश्यक विलंब का कोई औचित्य नहीं है। प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय से आग्रह किया है कि भाई-बहन के पवित्र पर्व रक्षाबंधन से पहले प्रदेश के लाखों कर्मचारियों एवं पेंशनरों को 2 प्रतिशत डीए-डीआर देने की तत्काल घोषणा करें तथा 1 जनवरी 2026 से एरियर सहित भुगतान का आदेश जारी करें।

उन्होंने बताया कि इस मांग को लेकर भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ द्वारा सोशल मीडिया, ई-मेल एवं एक्स (ङ्क) के माध्यम से मुख्यमंत्री से आग्रह किया जा रहा है। महासंघ ने उम्मीद जताई है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय प्रदेश के कर्मचारियों एवं पेंशनरों की भावना को ध्यान में रखते हुए रक्षाबंधन के अवसर पर 2 प्रतिशत डीए-डीआर की घोषणा कर उन्हें महंगाई से राहत प्रदान करेंगे।

## अधूरे और अपूर्ण आवासों पर प्रशासन की सख्ती,राशि वसूल की जाएगी

**बलौदाबाजार, 26 अगस्त। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत वर्ष 2016-17 से 2022-23 तक आवास निर्माण के लिए शासन से राशि प्राप्त करने के बावजूद कुछ हितग्राहियों द्वारा आवास निर्माण मे रूचि नहीं लिया जा रहा है। बार -बार समझाइश के बाद ऐसे हितग्राही जो अब तक आवास निर्माण प्रारंभ नहीं किये है तथा जिनके आवास निर्माण कार्य अधूरे हैं उन पर प्रशासन सख्त कदम उठाने जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले मे इस श्रेणी के कुल 872 हितग्राहियों के विरुद्ध राज्य कार्यालय से प्राप्त निर्देशों के पालन में धारा 92 के तहत राशि वसूली के प्रकरण दर्ज किया जाएगा।इनमें विकासखंड बलौदाबाजार के 275, भाटापारा के 109,सिमगा 57,कसडोल के 298 एवं पलारी के143 हितग्राही शामिल हैं।शासन द्वारा आवास निर्माण के लिए राशि जारी किए जाने के बाद भी आवास निर्माण प्रारंभ नहीं करना अथवा निर्माण कार्य पूर्ण नहीं करना गंभीर विषय है। ऐसे हितग्राहियों से नियमानुसार शासकीय राशि की वसूली की कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई की राज्य कार्यालय तथा संभाग स्तरीय आयुक्त द्वारा भी समीक्षा की जा रही है। प्रशासन का उद्देश्य शासकीय राशि की वसूली के साथ-साथ लंबे समय से लंबित आवासों को पूर्ण कराना भी है। प्रशासन ने ऐसे सभी हितग्राहियों से अपील की है कि वे अपने आवास निर्माण को शीघ्र पूर्ण करें तथा शासन द्वारा दी गई राशि का उपयोग निर्धारित उद्देश्य के लिए करें। अधूरे एवं निर्माण प्रारंभ नहीं किए गए आवासों के संबंध में नियमानुसार कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## अल्ट्राटेक बैकुंठ में रुद्राभिषेक के बाद भंडारे में उमड़ी श्रध्दालुयों की भीड़

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 26 अगस्त।** अल्ट्राटेक बैकुंठ सीमेट परिसर में श्रावण मास के अंतिम सोमवार को श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। श्री हनुमान मंदिर परिसर में विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्री शिव रुद्राभिषेक एवं हवन-पूजन का आयोजन किया गया। सुबह से शुरू हुआ धार्मिक आयोजन शाम तक चला, जिसमें बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी, कॉलोनीवासी और आसपास के श्रद्धालु शामिल हुए। पं. केशरी लाल एवं पं. मनोज तिवारी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ रुद्राभिषेक एवं पूजन संपन्न कराया। इस दौरान यूनिट हेड कुलकर्णी सपत्नीक मौजूद रहे। फ़ंक्शनल हेड राजीव सिंघल, सुनंदा बाशु, ए.के. सिन्हा,अभिषेक तेवतिया ,विवेक बघेल, अशोक मिश्रा, समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी पूजा में शामिल हुए।

रिमझिम बारिश के बीच भी श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ। दिनभर मंदिर परिसर में भगवान शिव के दर्शन और पूजन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। परिसर का माहौल भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर नजर आया। रुद्राभिषेक और हवन-पूजन के पश्चात श्री बैकुंठेश्वर मंदिर समिति एवं शिवभक्तों के सहयोग से भोग-भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों ने श्रद्धापूर्वक प्रसादी ग्रहण की। भीड़ इतनी रही कि कई श्रद्धालुओं को अपनी बारी के लिए इंतजार भी करना पड़ा। कार्यक्रम में अशोक मिश्रा, गिरिराज शंकर मिश्रा, राजेंद्र, गुरुदयाल साहू, कैलाश तिवारी सहित अनेक शिवभक्त मौजूद रहे। भंडारे के सफल संचालन में कामेश्वर प्रसाद, ईश्वर प्रसाद, ईश्वरराव, उत्तम सिंह, रामकुमार ध्रुव सहित सहयोगियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। श्रावण के अंतिम सोमवार पर अल्ट्राटेक बैकुंठ का यह धार्मिक आयोजन पूरे दिन आस्था और सेवा का केंद्र बना रहा।

## रक्षाबंधन पर बहनों को खुशियां दे गई महतारी वंदन योजनाः लक्ष्मी बघेल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा नेवरा 26 अगस्त।** छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा कार्य समिति की स्थाई आमंत्रित सदस्य एवं पूर्व विधायक बलौदा बाजार श्रीमती लक्ष्मी बघेल ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रत्येक माह मिलने वाली सम्मान राशि का स्वागत किया है। श्रीमती लक्ष्मी बघेल ने आगे बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में लगभग 67 लाख से भी अधिक माता -बहनों को बैंक खातों के माध्यम से 25 अगस्त2026 को महतारी वंदन योजना की 31वीं किस्त के रूप में 631 करोड़ से भी अधिक राशि वितरित की गई। इस सम्मान राशि से पवित्र सावन मास में रक्षाबंधन से ठीक पहले मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी ने बहनों के चेहरे पर मुस्कान बिखेरी है। यह सम्मान राशि उन माताओ- बहनों का आत्मविश्वास बढ़ा रही है जो आर्थिक रूप से असहाय थी। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा अब तक 31 बार महतारी वंदन सम्मान योजना के तहत सम्मान राशि प्रति माह एक हज़ार रुपए आवंटित किया जा चुका है। इसके तहत हर महिलाओं को एक हज़ार रुपए प्रति माह की दर से सालाना बारह हज़ार रूपए दिया जा रहा है।जिसका लाभ छत्तीसगढ़ प्रदेश के 70 लाख से भी अधिक माताओं और बहनों को मिला है। श्रीमती लक्ष्मी बघेल ने आगे बताया कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा गरीबों, किसानों, महिलाओं, युवाओं तथा आदिवासियों का हितैषी रहा है। मोदी की गारंटी अर्थात गारंटी की भी पूरी होने की गारंटी है।श्रीमती लक्ष्मी बघेल ने छत्तीसगढ़ की श्री विष्णु देव साय सरकार तथा केन्द्र की सरकार के प्रति आभार व्यक्त किए हैं। भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार होने के कारण से आज छत्तीसगढ़ का चहुमुखी विकास संभव हुआ है।

## आकर्षक राखियों से सजी दुकानें, खरीदारी के लिए बहनों की भीड़



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा 26 अगस्त।** रक्षाबंधन पर्व को लेकर नगर के बाजारों में रौनक बढ़ गई है। राखी की दुकानों पर तरह-तरह की आकर्षक राखियां सजाई गई हैं। बहनों द्वारा अपने भाइयों के लिए पसंदीदा राखियां खरीदने के लिए दुकानों पर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है। बाजार में इस बार पारंपरिक राखियों के साथ बच्चों के लिए कार्टून, मोती, रुद्राक्ष और आकर्षक डिजाइन वाली राखियां भी उपलब्ध हैं। दुकानदारों के अनुसार पर्व नजदीक आने के साथ राखियों की बिक्री में तेजी आने की उम्मीद है। वहीं, ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए दुकानों में राखियों की अलग-अलग रेंज और डिजाइन सजाए गए हैं। रक्षाबंधन को लेकर बाजार में बढ़ी चहल-पहल से दुकानदारों में भी उत्साह नजर आ रहा है।

## धान-चावल के बीजों से सजेगी इस बार राखी, भाई-बहन के स्नेह के साथ मिलेगा हरियाली का संदेश

■ **कलेक्टर, एसपी और डीएफओ को बिहान दीदियों ने पहनाई बीज राखी**



**बलौदाबाजार-भाटापारा, 26 अगस्त।** जिले में इस बार रक्षाबंधन पर्व भाई-बहन के स्नेह के साथ हरियाली और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देगा। बिहान से जुड़ी स्व-सहायता समूह की महिलाएं धान, चावल, लौकी, करेला, सेमी सहित स्थानीय बीजों से आकर्षक और पर्यावरण हितैषी राखियां तैयार कर रही हैं। ग्राम लाहोद की महिलाओं द्वारा तैयार इन बीज राखियों की बिक्री से उन्हें अतिरिक्त आमदनी भी हो रही है। इसी क्रम में बिहान की महिलाओं ने मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय में बिक्री हेतु स्टॉल लगाया।स्टॉल का अवलोकन करने पहुंचे कलेक्टर कुलदीप शर्मा, पुलिस अधीक्षक गौरव राय, वनमंडलाधिकारी पंकज कुमार कमल एवं जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल को दीदियों ने अपने हाथों से तैयार बीज राखियां पहनाई। कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप महिलाओं को नवाचार और आजीविका से जोड़ने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बिहान दीदियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बीज राखी महिलाओं के हुनर और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के साथ पर्यावरण संरक्षण का सुंदर संदेश भी देती है।

# समस्या का समाधान भी जब समस्या हो जाए

कई बार जिसे समस्या का समाधान समझा जाता है तो वह भी किसी न किसी की लापरवाही से समस्या हो जाता है तो बड़ी मुश्किल हो जाती है और फिर एक की जगह दो समस्या हो जाती है। जैसे शहर में खुले घूम रहे मवेशी। यह तो समस्या है,इसका समाधान उनको पकड़कर कांजी हाउस में रखा जाए या गोठान में रखा जाए। गोठान में क्षमता से ज्यादा मवेशी हो जाए तो उनके रखने व भोजन की व्यवस्था समस्या हो जाती है।आमतौर पर तो सरकार व शहर सरकार यानी नगर निगम का काम होता है कि शहर के लोगों को जरूरी सुविधाएं दें। लेकिन कई बार सरकार व नगर निगम कई जरूरी सुविधाएं किसी न किसी कारण से कर नहीं पाती है और लोग अदालत की शरण में चले जाते हैं और अदालत के आदेश पर सरकार व नगरनिगम को वह व्यवस्था जो वह कर नहीं पाता करना पड़ता है। अदालत का आदेश है तो अनिवार्य रूप से करना पड़ता है। जब वह एक समस्या का समाधान करने का प्रयास करता है तो कई बार दूसरी समस्या खड़ी हो जाती है,उसकी जिम्मेदारी बढ़ जाती है और वह दोनों जिम्मेदारी का निर्वाह ठीक से कर नहीं पाती है तो उसे आलोचना का सामना करना पड़ता है। राजनीति शुरू हो जाती है,सरकार पर भी आरोप लगाए जाते हैं क्योंकि जब राज्य के साथ निगम में भी किसी राजनीतिक दल की सत्ता होती है तो अपेक्षा की जाती है कि सरकार निगम का हर समस्या के समाधान के लिए पूरा सहयोग करेगी। वह भी समय पर समस्या के समाधान के लिए सहयोग नहीं कर पाती है तो तीन इंजन वाली सरकार को तीन स्तर पर आलोचना का सामना करना पड़ता है।यही इन दिनों राजधानी रायपुर में हो रहा है।राजधानी की सड़कों पर मवेशियों का घूमना और बैठना कोई नई समस्या नहीं है कि यह कहा जाए कि यह समस्या अचानक पैदा हो गई है इसलिए निगम,राज्य सरकार को हल करने में परेशानी हो रही है।यह समस्या तो तब से है जब छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण नहीं हुआ था, यानी राज्य बनने से पहले की समस्या राज्य बनने के बाद 25 साल बाद भी हल नहीं की जा सकी है तो राज्य के लोगों का यह कहना स्वाभाविक लगता है कि किसी भी राजनीतिक दल की सरकार हो चाहे व राज्य सरकार हो या शहर सरकार हो।वह इस समस्या का समाधान स्थायी तौर पर नहीं कर सकी है। राज्य की सड़कों व हाईवे पर मवेशियों के घूमने व बैठने के लिए मूल रूप से मवेशी मालिक दोषी होते हैं क्योंकि वह मवेशियों को घर में रखने की जगह खुला छोड़ देते हैं। मवेशी को पालने वाले मवेशी को घर में बांधकर उसको खाना देने के वक्त खुला छोड़ देते हैं ताकि वह खाना बाहर खाए और दूध घर में आकर दे। मवेशियों को पकड़कर निगम गोठान में छोड़ती है तो सड़क पर से मवेशी गोठान चले जाते हैं लेकिन मवेशी मालिक उनको कई दिनों तक उनको छुड़ाने नहीं आते हैं कि पैसा देना पड़ेगा। इससे कई बार गोठान में क्षमता से ज्यादा मवेशी हो जाते हैं। इससे गोठान का संचालन करने वाले के सामने समस्या यह हो जाती है कि वह अतिरिक्त मवेशियों के भोजन की व्यवस्था,उनके रहने की अच्छी व्यवस्था कैसे करे। क्योंकि शासन व प्रशासन की व्यवस्था या लापरवाही के कारण मवेशियों के लिए भोजन व्यवस्था करने लाखो रुपए समय पर नहीं मिल पाता है। सड़क से मवेशियों को हटाने की समस्या का समाधान चलो मान लिया हो गया लेकिन अब गोठान में सभी मवेशियों को रखने की समस्या है, उनको भोजन देने की समस्या है तो इस समस्या का समाधान समय पर नहीं हो पाता है तो संख्या में ज्यादा होने के कारण मवेशी बीमार होते है तो उनके इलाज की अलग समस्या पैदा हो जाती है,इलाज ठीक से नहीं होन या खाना ठीक से नहीं मिलने पर कई मवेशियों की मौत हो जाती है।इसके बाद मवेशियों की मौत को लेकर राजनीति शुरू हो जाती है एक पक्ष कहता है कि चार गायों की मौत हुई है तो दूसरा पक्ष कहता है कि नहीं आठ गायों की मौत हुई है। एक पक्ष गाय को माता कहता है और उसकी सेवा ठीक से नहीं हो पाती है तो दूसरे पक्ष को कहने का मौका मिलता है कि माता भी कहते हो और सेवा भी ठीक से नहीं कर पाते हो। समस्या का समाधान होने की जगह समाधान भी समस्या हो जाता है तो इसके लिए सब दोषी हैं क्योंकि वह दूसरे को समस्या होगी यह सोचा नहीं जाता है। जनता को सड़क पर मवेशी नही चाहिए, कोर्ट ने आदेश कर दिया कि सड़क पर मवेशी नहीं होने चाहिए।निगम ने मवेशी सड़क से हटा दिए।आम जनता,कोर्ट के कहने पर निगम ने समस्या का समाधान किया लेकिन दूसरा समस्या का समाधान कैसे करेगा यह किसी ने नहीं सोचा। मवेशी सड़क से गोठान पहुंचाए जाते हैं तो निगम को ध्यान रखना चाहिए कि संख्या क्षमता से ज्यादा न हो। निगम को संख्या से कोई मतलब नहीं,मवेशी हटा दिए,उसने समाधान कर दिया पर यह समाधान समाधान होने के साथ दूसरे के लिए समस्या तो है। इस समस्या का समाधान समय पर होना चाहिए लेकिन होता नहीं है।यही वजह है कि कहीं न कहीं समस्या बनी रहती है।

## सू- दोकू क्र.141

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | | 5 | |
| 6 | | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | 3 | | | | 2 | | 1 | |
| | | 3 | | 9 | | 5 | | 4 |
| 5 | | | 3 | | | | 9 | |
| | | 4 | | 2 | | | | 6 |
| 4 | | | 2 | | 3 | | 6 | |
| | | 6 | | | | 8 | | 7 |
| | 2 | 9 | 7 | | 6 | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र140 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 |

## शब्द सामर्थ्य -141

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | ■ | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | | | 8 | ■ |
| 9 | | 10 | | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | | | ■ | 13 | | 14 | | ■ |
| ■ | 15 | | | | ■ | | ■ | 16 |
| 17 | ■ | | ■ | 18 | | | ■ | |
| 19 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 20 | 21 | |
| | ■ | 22 | | 23 | | ■ | 24 | |
| 25 | | | ■ | 26 | | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 140 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्क | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

**राजनीति**

# शिक्षित राष्ट्र के बिना 'विश्व गुरु ' की अवधारणा बेमानी

**निर्मल रानी**

हमारे देश में पिछले एक दशक से भारत को विश्वगुरु बनाने का ढोल पीटा जा रहा है। इसी विमर्श के समानांतर इस समय देश में शिक्षा को लेकर भी बड़ी बहस छिड़ी हुई है। अतः इसी सन्दर्भ में यह सवाल भी ज़रूरी हो गया है कि क्या शिक्षा के बिना या शिक्षित हुये बिना भी भारत विश्वगुरु बन सकता है ? नीति आयोग और शिक्षा मंत्रालय की रिपोर्ट बताती है कि पिछले एक दशक में देशभर में लगभग 94,000 सरकारी स्कूल या तो पूरी तरह बंद किये जा चुके हैं या उनका अन्य स्कूलों में विलय कर दिया गया है। । UDISE अर्थात यूनिफ़ाइड डिस्ट्रिक्ट इंफ़ोर्मेशन सिस्टम फ़ॉर एजुकेशन के हालिया आंकड़े व नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, एक साल के भीतर देश भर में 4,791 स्कूल बंद हुए हैं। इसकी वजह से शहरों के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी निजी स्कूलों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। परिणामस्वरूप शिक्षा ग़रीबों की पहुँच से दूर हो चुकी है। और जो स्कूल चल भी रहे हैं उनमें से अधिकांश की हालत किसी से छुपी नहीं है। यहाँ अक्टूबर 2022 की गुजरात की उस घटना का ज़िक्र भी प्रासंगिक है जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गांधीनगर के अडालज में 'मिशन स्कूल्स ऑफ़ एक्सीलेंस' के शुभारंभ के दौरान अस्थाई रूप से बनाये गये एक मॉडल क्लासरूम में बच्चों के साथ बैठे नज़र आये थे। सरकार के अनुसार, इस योजना का उद्देश्य गुजरात के सरकारी स्कूलों में स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर लैब और डिजिटल बुनियादी ढांचे का आधुनिकीकरण करना बताया गया था। उस समय विपक्षी नेताओं ने दावा किया कि प्रधानमंत्री जिस क्लासरूम में बैठे थे, वह एक अस्थायी या कृत्रिम क्लासरूम था। संबंधित तस्वीरों का हवाला देते हुए दीवारों और खिड़कियों के पेंटिंग के स्टिकर होने का दावा किया गया था और इसे 'फ़ोटो शूट' क़रार दिया था। परन्तु अधिकारियों ने इसके जवाब में यह कहा था कि यह आगामी डिजिटल स्मार्ट स्कूलों का एक मॉडल प्रस्तुतीकरण था जो यह प्रदर्शित करने के लिए था कि भविष्य के क्लास रूम कैसे नज़र आयेंगे। तो सवाल यह है कि गत चार वर्षों में मिशन स्कूल्स ऑफ़ एक्सीलेंस योजना के तहत अब तक उन मॉडल क्लासरूम की तरह देश में कितने आधुनिक क्लासरूम व आधुनिक स्कूल बनाये गये ? दूसरी ओर इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि दिल्ली में अरविंद केजरीवाल सरकार के दौरान अमेरिका की प्रथम महिला मेलानिया ट्रम्प ने 25 फ़रवरी 2020 को नई दिल्ली के मोतीबाग़ स्थित सर्वोदय सह-शिक्षा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का दौरा किया था। दिल्ली के सरकारी स्कूलों और यहाँ की शिक्षा व्यवस्था को देखने के लिए कई अन्य विदेशी मेहमान और प्रतिनिधिमंडल भी आ चुके हैं। समय-समय पर विभिन्न देशों के शिक्षाविद, राजनयिक और प्रतिनिधिमंडल दिल्ली के सरकारी स्कूलों की बुनियादी संरचना, कक्षाओं और शैक्षणिक गतिविधियों का निरीक्षण करने दिल्ली आते रहे हैं। क्या इसी तरह के आधुनिक सरकारी स्कूल पूरे देश में संचालित नहीं हो सकते ? क्या वजह है कि देश के अधिकांश राज्यों में अनेकानेक सरकारी स्कूल भवन जर्जर हैं ? कहीं स्कूल में भैंसों के तबेले हैं तो कहीं पेड़ के नीचे व खुले आसमान तले क्लास लगाई जा रही है। कहीं क्लासरूम नहीं। कहीं अध्यापक नहीं तो कहीं बिजली व पीने का पानी नहीं तो कहीं शौचालय नहीं। कहीं बच्चे रोज़ नदी पार कर स्कूल आते जाते हैं तो कहीं कीचड़ और दलदल भरी गड्ढेदार





सड़कों से गुज़र कर स्कूल आना जाना होता है। यदि देश की सरकारें शिक्षा के प्रति गंभीर होतीं और उनका भारत को विश्वगुरु बनाने का ढिंढोरा महज़ ढोल पीटना न होता तो आज सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस प्रसन्ना बी. वराले को महाराष्ट्र में शिक्षा पर घटते बजट और सरकारी मराठी माध्यम के स्कूलों के बंद होने पर गहरी चिंता जताते हुये यह न कहना पड़ता कि "नासिक कुंभ मेले के लिए लगभग 32,000 करोड़ का भारी-भरकम बजट तय किया गया है। अगर इस राशि का मात्र 0.1% यानी लगभग 32 करोड़ भी शिक्षा पर ख़र्च किया जाता, तो राज्य के 100 से 125 बंद हो रहे मराठी स्कूलों को बचाया जा सकता था"। आख़िर जस्टिस प्रसन्ना को क्यों कहना पड़ा कि "देश में छात्रों की संख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन शिक्षा का बजट बढ़ने के बजाय घट रहा है, जो पिछले कई वर्षों से 13% के आंकड़े को भी नहीं छू सका है" । उन्होंने गढ़चिरौली की एक घटना का उदाहरण भी दिया जहां ज़रूरी सुविधाओं की कमी के कारण फ़र्श पर सोने की वजह से तीन छात्राओं की सांप के काटने से मौत हो गई थी। जस्टिस प्रसन्ना ने यह भी बताया कि उन्होंने स्वयं 10वीं कक्षा तक की पढ़ाई ज़िला परिषद के मराठी मीडियम स्कूल से की थी, जिसने उनके करियर में कभी बाधा नहीं डाली बल्कि उनके दृष्टिकोण को और व्यापक बनाया। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार को यह नहीं भूलना चाहिए कि प्राथमिक शिक्षा और स्वास्थ्य हर नागरिक का मूलभूत अधिकार है। देश में बढ़ती बेरोज़गारी, शिक्षा,शिक्षण संस्थाओं की कमी व दुर्दशा तथा परीक्षा व्यवस्था में होने वाली धांधलियों व पेपर लीक जैसे मुद्दों ने देश के युवाओं को आंदोलन करने पर मजबूर कर दिया है। इससे घबराई सरकार कहीं स्कूल की वीडिओ ग्राफ़ी करने पर रोक लगा रही है तो कहीं शिक्षण संस्थाओं की हक़ीक़त को उजागर करने वालों पर सत्ता समर्थित गुंडों द्वारा हमला किया जा रहा है। और कहीं सोशल मीडिया पर सरकारी स्कूल की अव्यवस्थाएं दिखाने पर लोगों को जेल भेजा जा रहा है। परन्तु इस बीच कुछ जगहों से सकारात्मक ख़बरें भी आनी शुरू हुई हैं। जैसेकि राजस्थान के रामपुरा के उस स्कूल का नवनिर्माण करने का फ़ैसला किया गया है जहाँ कॉकरोच जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ सत्ता के समर्थक गुंडों ने मारपीट की थी। यह स्कूल भैंसों के तबेले में चल रहा था। स्कूल की इमारत जर्जर होने के कारण एक स्थानीय ग्रामीण ने अपनी निजी जगह दी हुई है, इसी जगह भैंसों का चारा भी रखा जाता है और बच्चे भी पढ़ते हैं। पंजाब से भी ख़बर है कि सरकार ने स्कूलों के अनेक नए भवन बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इन ग्रीनफ़ील्ड भवनों का निर्माण मौजूदा ज़मीनों से परे अन्य ख़ाली ज़मीनों पर नए सिरे से किया जाएगा। हरियाणा में भी शिक्षा मंत्री द्वारा सरकारी स्कूल्स का औचक निरीक्षण कर विद्यालय की व्यवस्थाओं एवं शैक्षणिक गतिविधियों का जायज़ा लेने व विद्यार्थियों से संवाद करने की ख़बर है। Gen Z और युवा पीढ़ी के आंदोलन से ही सही परन्तु शायद अब सत्ताधीशों को यह बात समझ आने लगी है कि शिक्षित राष्ट्र के बिना 'विश्व गुरु ' की अवधारणा पूरी तरह बेमानी है।

# विकसित भारत की राह में जर्जर शिक्षा व्यवस्था सबसे बड़ा सवाल

**ललित गर्ग**

भारत आज वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहा है। एक शिक्षक, टूटती दीवारें और घटते सरकारी स्कूल-क्या शिक्षा के बिना 2047 का सपना पूरा होगा? दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में देश की प्रगति, डिजिटल क्रांति, अंतरिक्ष उपलब्धियां, आधारभूत ढांचे का विस्तार और वैश्विक मंच पर बढ़ता प्रभाव निश्चित रूप से गौरव का विषय हैं। लेकिन इसी चमकदार तस्वीर के पीछे यदि हम सरकारी स्कूलों की ओर देखें तो एक दूसरा भारत दिखाई देता है-ऐसा भारत जहां हजारों बच्चे आज भी पर्याप्त शिक्षकों, सुरक्षित भवन, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, बिजली और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के लिए संघर्ष कर रहे हैं। सवाल यह है कि जिस शिक्षा-व्यवस्था पर विकसित भारत की नींव रखी जानी है, उसकी बुनियाद ही कमजोर होगी तो 2047 का भारत कितना मजबूत होगा? सरकारी आंकड़े इस चिंता को और गंभीर बनाते हैं। यूडीआईएसई प्लस 2024-25 के अनुसार देश में 1,04,125 स्कूल ऐसे हैं जहां केवल एक शिक्षक कार्यरत है और इन स्कूलों में करीब 33.77 लाख विद्यार्थी पढ़ते हैं। यानी एक शिक्षक को कई कक्षाओं, अनेक विषयों और प्रशासनिक जिम्मेदारियों के बीच बच्चों की शिक्षा संभालनी पड़ रही है। यह केवल संख्या नहीं, बल्कि उन लाखों बच्चों के भविष्य की कहानी है, जिनके लिए सरकारी स्कूल शिक्षा का सबसे सुलभ और कई बार एकमात्र माध्यम हैं। विडंबना यह है कि उसी देश में हम विश्वस्तरीय विश्वविद्यालयों, आईआईटी, आईआईएम, मेडिकल संस्थानों और अत्याधुनिक शिक्षण परिसरों की चर्चा करते हैं, लेकिन गांव के उस बच्चे की ओर पर्याप्त ध्यान नहीं देते जो टूटी छत के नीचे बैठकर भविष्य के सपने देख रहा है। कहीं शिक्षक एक है और कक्षाएं पांच। कहीं विद्यालय भवन जर्जर है, कहीं पानी नहीं, कहीं शौचालय नहीं, कहीं बिजली और पंखे नहीं। हाल के महीनों में उत्तर प्रदेश के अनेक जिलों में विद्यार्थियों को अधिक शिक्षक, बेहतर भोजन, पेयजल, पंखे और बुनियादी सुविधाओं की मांग को लेकर सड़कों पर उतरना पड़ा। फतेहपुर में तो लगभग एक हजार विद्यार्थियों ने जर्जर कक्षाओं, रिसती छतों और सुरक्षित पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए प्रदर्शन किया। यह स्थिति केवल किसी एक राज्य अथवा किसी एक सरकार की विफलता नहीं है। यह वर्षों से चली आ रही उस प्रशासनिक सोच का परिणाम है जिसमें शिक्षा को प्राथमिकता तो भाषणों में दी गई, लेकिन उसकी गुणवत्ता और जवाबदेही को शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में स्थान नहीं मिला।



शिक्षा विभागों में अधिकारियों और कर्मचारियों की बड़ी व्यवस्था है, बजट है, योजनाएं हैं, समितियां हैं, निरीक्षण तंत्र है-फिर भी एक शिक्षक वाले एक लाख से अधिक स्कूल कैसे बने रहे? यह सवाल केवल सरकार से नहीं, पूरे प्रशासनिक तंत्र से पूछा जाना चाहिए।

निश्चित रूप से तस्वीर पूरी तरह निराशाजनक भी नहीं है। यूडीआईएसई प्लस के अनुसार 2024-25 में देश में कुल 14.71 लाख स्कूल, करीब 24.69 करोड़ विद्यार्थी और एक करोड़ से अधिक शिक्षक हैं। सरकारी स्कूलों की संख्या 10.13 लाख है, जबकि निजी मान्यता प्राप्त स्कूल करीब 3.40 लाख हैं। सरकार के आंकड़े यह भी बताते हैं कि एकल-शिक्षक स्कूलों की संख्या 2023-24 के 1,10,971 से घटकर 2024-25 में 1,04,125 हुई है और कंप्यूटर सुविधा वाले स्कूलों का अनुपात 57.2 प्रतिशत से बढ़कर 64.7 प्रतिशत हुआ है। इन सुधारों को स्वीकार करना चाहिए, लेकिन इन्हें अंतिम उपलब्धि मान लेना आत्मसंतोष होगा। क्योंकि शिक्षा की असली कसौटी भवन, कंप्यूटर या आंकड़े नहीं, बच्चे की सीखने की क्षमता और उसके भविष्य का निर्माण है।

नीति आयोग की हालिया रिपोर्ट एक और महत्वपूर्ण तस्वीर सामने रखती है। 2014-15 में देश में 11.07 लाख सरकारी स्कूल थे, जो 2024-25 में घटकर 10.13 लाख रह गए। इसके विपरीत निजी मान्यता प्राप्त स्कूलों की संख्या 2.88 लाख से बढ़कर 3.39 लाख हो गई। यह परिवर्तन केवल स्कूलों की संख्या का उतार-चढ़ाव नहीं है, यह अभिभावकों की बदलती पसंद और सरकारी शिक्षा में घटते विश्वास का संकेत भी है। सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि जब सरकार के पास भवन है, जमीन है, प्रशिक्षित शिक्षक हैं, वेतन देने की क्षमता है और विशाल प्रशासनिक तंत्र है, तब सरकारी स्कूल निजी स्कूलों से पीछे क्यों हैं? निजी स्कूलों की आलोचना करना आसान है, लेकिन यह भी देखना होगा कि अभिभावक अपनी सीमित आय में फीस देकर भी निजी स्कूल क्यों चुन रहे हैं। इसका उत्तर सरकारी स्कूलों की गुणवत्ता, अनुशासन, नियमितता, अंग्रेजी एवं तकनीकी शिक्षा, अभिभावक संवाद और सीखने के वातावरण में छिपा है।

एसीईआर के आंकड़े भी इस अंतर को रेखांकित करते हैं। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार 2024 में कक्षा 3 के बच्चों में कक्षा 2 स्तर का पाठ पढ़ पाने वालों का अनुपात सरकारी स्कूलों में 23.4 प्रतिशत था, जबकि निजी स्कूलों में 35.5 प्रतिशत। कक्षा 5 में भी सरकारी स्कूलों का आंकड़ा 44.8 प्रतिशत और निजी स्कूलों का 59.3 प्रतिशत रहा। यानी समस्या केवल स्कूल भवन की नहीं, सीखने के परिणामों की भी है। इसी के समानांतर उच्च शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तस्वीर भी चिंता पैदा करती है। पेपर लीक, परीक्षा में अनियमितता, भर्ती में देरी और युवाओं के आंदोलनों की खबरें लगातार सामने आती रही हैं। 2026 में परीक्षा संबंधी विवादों ने विद्यार्थियों और अभ्यर्थियों में असंतोष को व्यापक बनाया। इसका अर्थ यह है कि समस्या शिक्षा-व्यवस्था के निचले स्तर से लेकर उच्च स्तर तक फैली हुई है। प्राथमिक स्कूल में कमजोर नींव, माध्यमिक शिक्षा में गुणवत्ता का संकट और उच्च शिक्षा तथा प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता का सवाल-इन सबको अलग-अलग देखकर समाधान नहीं निकलेगा। सरकारी स्कूल वास्तव में भारत की सामाजिक समानता का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम हैं। इन स्कूलों में ग्रामीण परिवारों, श्रमिकों, गरीबों, वंचित वर्गों और निम्न आय वाले परिवारों के बच्चे बड़ी संख्या में पढ़ते हैं। यदि इन विद्यालयों की गुणवत्ता गिरती है तो सबसे अधिक नुकसान उसी वर्ग को होता है जिसके पास महंगे निजी स्कूलों का विकल्प नहीं है। इसलिए सरकारी स्कूलों की बदहाली केवल शिक्षा का संकट नहीं, सामाजिक न्याय का संकट भी है।

यहां एक कठोर लेकिन सार्थक सुझाव पर विचार होना चाहिए-क्या जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के बच्चों के लिए कुछ निश्चित परिस्थितियों में सरकारी स्कूलों में शिक्षा को प्रोत्साहित अथवा अनिवार्य करने जैसी व्यवस्था बनाई जा सकती है? जब नीति बनाने वाले परिवार स्वयं उसी व्यवस्था का अनुभव करेंगे, तब शायद स्कूल की टूटी खिड़की, बंद शौचालय, शिक्षक की कमी और खराब मिड-डे-मील केवल फाइल की टिप्पणी नहीं रहेंगे, बल्कि व्यक्तिगत अनुभव बन जाएंगे। शिक्षा को केवल मध्याह्न भोजन, छात्रवृत्ति, यूनिफॉर्म या मुफ्त पुस्तकों की योजनाओं तक सीमित नहीं किया जा सकता। ये आवश्यक हैं, लेकिन शिक्षा का उद्देश्य केवल बच्चे को स्कूल तक पहुंचाना नहीं, उसे ज्ञान, विवेक, कौशल, संस्कार और आत्मविश्वास से संपन्न नागरिक बनाना है। जिस बच्चे को आज गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिलेगी, उससे कल विकसित भारत के निर्माण में प्रभावी योगदान की अपेक्षा कैसे की जा सकती है?

सरकार को अब घोषणाओं से आगे बढ़कर 'राष्ट्रीय सरकारी स्कूल कायाकल्प मिशन' जैसी व्यापक पहल पर विचार करना चाहिए। प्रत्येक स्कूल के लिए शिक्षक उपलब्धता, भवन की सुरक्षा, पेयजल, बिजली, डिजिटल सुविधा, शौचालय, पुस्तकालय, खेल मैदान और सीखने के परिणामों के स्पष्ट मानक तय हों। हर स्कूल का सार्वजनिक डैशबोर्ड हो और हर वर्ष यह बताया जाए कि कितने बच्चे पढ़ना, लिखना और गणित करना सीख पाए। शिक्षक नियुक्ति में पारदर्शिता हो और राजनीतिक हस्तक्षेप पर कठोर अंकुश लगे। स्कूल प्रबंधन समितियों को वास्तविक अधिकार दिए जाएं तथा जिला स्तर पर अधिकारियों की जवाबदेही तय हो। सबसे जरूरी है कि शिक्षा को राजनीति से ऊपर उठाया जाए। सरकार और विपक्ष दोनों को यह समझना होगा कि सरकारी स्कूल किसी पार्टी के नहीं, भारत के भविष्य के स्कूल हैं। यदि किसी राजनीतिक दल को स्कूलों की बदहाली दिखाई देती है तो उसका स्वागत होना चाहिए, लेकिन मुद्दा राजनीतिक श्रेय का नहीं, बच्चों के भविष्य का होना चाहिए।

## राशिफल

**मेष राशि**-आज का दिन सामान्य रहेगा, लेकिन आपको थोड़ा संभलकर आगे बढ़ना होगा। नई प्रॉपर्टी खरीदने का विचार मन में आ सकता है और लाइफस्टाइल को बेहतर बनाने पर भी खर्च करने का मन करेगा। हालांकि, खर्च और बचत के बीच संतुलन बनाए रखना जरूरी है।

**वृषभ राशि**-आज धैर्य और शांत व्यवहार ही आपकी सबसे बड़ी ताकत बनेगा। हर मामले में अपनी राय देना जरूरी नहीं है, क्योंकि ज्यादा बोलने से बेवजह की उलझन पैदा हो सकती है। अगर कहीं घूमने या यात्रा की योजना बना रहे हैं, तो उसे कुछ समय के लिए टालना बेहतर रहेगा।

**मिथुन राशि**-आज जल्दबाजी में उठाया गया कोई कदम आपको परेशानी में डाल सकता है, इसलिए हर फैसला सोच-समझकर लें। नया वाहन खरीदने का विचार बन सकता है और सामाजिक स्तर पर आपकी पहचान भी मजबूत होगी। हालांकि, पुराने लेन-देन या पैसों से जुड़े मामले फिर से सामने आ सकते हैं। किसी अनजान व्यक्ति की बातों पर आंख बंद करके भरोसा न करें और आर्थिक मामलों में दस्तावेजों की अच्छी तरह जांच कर लें।

**कर्क राशि**-आज भाग्य पूरी तरह आपका साथ देता नजर आएगा। आप जिस काम को हाथ लगाएंगे, उसमें सफलता मिलने की संभावना मजबूत है। जीवनसाथी को करियर या नौकरी में तरक्की की अच्छी खबर मिल सकती है, जिससे घर का माहौल खुशहाल होगा। पुरानी गलतियों से सीख लेकर आगे बढ़ना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। हालांकि, ज्यादा मौज-मस्ती के चक्कर में जरूरी कामों को नजरअंदाज न करें, वरना बाद में दबाव बढ़ सकता है।

**सिंह राशि**-आज पैसों को लेकर मन में थोड़ी चिंता बनी रह सकती है, इसलिए गैरजरूरी खर्चों पर नियंत्रण रखें। परिवार में शादी-ब्याह से जुड़ी खुशखबरी आने से माहौल खुशनुमा होगा। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को कोई अच्छा अवसर मिल सकता है। अपनी मेहनत और योग्यता पर भरोसा रखें। गलत या शॉर्टकट रास्ते से फायदा लेने की कोशिश न करें, क्योंकि इसका नुकसान बाद में भारी पड़ सकता है।

**कन्या राशि**-आज दिनभर भागदौड़ बनी रह सकती है और कुछ कामों में छोटी-मोटी रुकावटें भी आएंगी। सेहत में उतार-चढ़ाव के कारण थकान महसूस हो सकती है, इसलिए आराम के लिए समय निकालें। घर में मेहमानों के आने से रौनक बढ़ेगी, लेकिन किसी पुरानी बात को लेकर बहस भी हो सकती है। बात को बढ़ाने के बजाय शांत रहना बेहतर होगा। संतान की ओर से कोई अच्छी खबर मन प्रसन्न करेगी और धार्मिक कार्यों में भी रुचि बढ़ेगी।

**तुला राशि**-आज सकारात्मक ऊर्जा आपके आत्मविश्वास को बढ़ाएगी। नए लोगों से संपर्क बनेगा और आपकी पहचान का दायरा भी बढ़ सकता है, लेकिन हर व्यक्ति को अपना शुभचिंतक समझने की भूल न करें। उधार लेने से बचना बेहतर रहेगा, क्योंकि बाद में उसे चुकाने का दबाव परेशान कर सकता है। प्रॉपर्टी खरीदने की योजना बन सकती है। पिताजी किसी बात से नाराज हो सकते हैं, इसलिए उनकी भावनाओं को समझकर उन्हें मनाने की कोशिश करें।

**वृश्चिक राशि**-आज आर्थिक लाभ के मजबूत संकेत हैं और आपकी वित्तीय स्थिति पहले से बेहतर हो सकती है। लंबे समय से अटके कामों को पूरा करने में सफलता मिलेगी। किसी कानूनी मामले को सुलझाने के लिए सही व्यक्ति की सलाह मिल सकती है, जिससे आगे का रास्ता साफ होगा। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत और प्रतिभा से अलग पहचान बनेगी। यात्रा, टूर या ट्रांसपोर्ट से जुड़े काम करने वालों के लिए दिन विशेष रूप से लाभदायक रह सकता है।

**धनु राशि**-आज उन्नति के नए रास्ते खुलते नजर आएंगे। किसी पुराने दोस्त से मुलाकात मन को खुशी देगी और जीवनसाथी के साथ घूमने का कार्यक्रम भी बन सकता है। घर के जरूरी कामों में लापरवाही न करें, क्योंकि छोटी अनदेखी बाद में परेशानी बढ़ा सकती है। माता-पिता का आशीर्वाद आपके अटके काम पूरे कराने में मदद करेगा। विद्यार्थियों को पढ़ाई या करियर से जुड़े नए अवसर मिल सकते हैं।

**मकर राशि**-आज आप अपने जरूरी कामों में काफी व्यस्त रहेंगे, फिर भी परिवार के लिए समय निकालने की कोशिश करेंगे। संतान पढ़ाई में लापरवाही कर सकती है, इसलिए उन्हें प्यार से समझाना जरूरी होगा। किसी दोस्त की ओर से कोई अच्छी खबर मिल सकती है। परिवार के साथ किसी शुभ या मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिलेगा,

**कुंभ राशि**-आज का दिन राजनीति और सार्वजनिक जीवन से जुड़े लोगों के लिए खास उपलब्धियां लेकर आ सकता है। आपकी पहचान, प्रभाव और लोगों के बीच पकड़ मजबूत होगी। जीवनसाथी नई नौकरी या करियर के लिए कोई महत्वपूर्ण कदम उठा सकते हैं। परिवार से जुड़े मामलों में बातचीत करते समय संयम रखें, क्योंकि गलत शब्द तनाव बढ़ा सकते हैं।

**मीन राशि**-आज कुछ रुकावटों के कारण काम की गति थोड़ी धीमी पड़ सकती है। किसी भी महत्वपूर्ण फैसले में जल्दबाजी न करें और दिखावे के लिए पैसा खर्च करने से बचें। सेहत को लेकर सावधान रहें, क्योंकि पुरानी परेशानी दोबारा परेशान कर सकती है। ऑफिस की जिम्मेदारियों को दूसरों के भरोसे छोड़ने के बजाय खुद संभालना बेहतर होगा। प्रॉपर्टी से जुड़े किसी भी मामले में कागजात और शर्तों की अच्छी तरह जांच किए बिना आगे न बढ़ें।

# लाल आतंक से मिली आजादी, 'व्यवस्था की लूट' से कब मिलेगी मुक्ति

राजकुमार कोण्डागुरला

**बीजापुर 26 अगस्त।** कभी नक्सलियों की बंदूक और लाल आतंक के साए में जिंदगी गुजारने वाले इंद्रावती नदी पार के आदिवासियों को उम्मीद थी कि हालात बदलने के बाद सरकारी योजनाएं उनके जीवन में नया उजाला लाएंगी। उन्हें लगा था कि प्रधानमंत्री आवास योजना के जरिए अब उनके कच्चे घर की जगह पक्का मकान बनेगा, बच्चों और परिवार को सुरक्षित छत मिलेगी और वर्षों का संघर्ष खत्म होगा। लेकिन भैरमगढ़ विकासखंड के ईतामपार पंचायत अंतर्गत बोड़गा गांव से सामने आए गंभीर आरोपों ने गरीब आदिवासियों के इसी सपने पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है।

ग्रामीणों का आरोप है कि प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि उनके बैंक खातों में आने के बाद पंचायत सचिव कोमल निषाद द्वारा उन्हें बैंक ले जाकर रकम निकलवाई गई। पहली किश्त के दौरान करीब 46 हितग्राहियों के खातों से लगभग 18 लाख 25 हजार रुपये की राशि निकाली गई। इसके बाद दूसरी किश्त 55 हजार में भी कथित गड़बड़ी के आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों का दावा है कि अब तक कुल मिलाकर करीब 26 लाख रुपये की राशि कथित रूप से हड़प ली गई।



### विधायक विक्रम मंडावी के साथ जिला पंचायत पहुंचे ग्रामीण

पीड़ित हितग्राहियों ने अपनी शिकायत विधायक विक्रम मंडावी के समक्ष रखी। मामले को गंभीरता से लेते हुए विधायक मंडावी ग्रामीणों के साथ जिला पंचायत कार्यालय पहुंचे और मुख्य कार्यपालन अधिकारी नम्रता चौबे को ज्ञापन सौंपकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की।ग्रामीणों ने ज्ञापन में आरोप लगाया कि पंचायत सचिव कोमल निषाद उन्हें बैंक ले जाते थे और प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि खातों से निकलवाई जाती थी। आरोप है कि रकम निकालने के बाद हितग्राहियों को सिर्फ 500 रुपये देकर शेष राशि अपने पास रख ली गई। ग्रामीणों ने मामले में सभी पीड़ित हितग्राहियों की राशि वापस दिलाने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### राशि नहीं देने पर धमकी देने का भी गंभीर आरोप

ग्रामीणों ने ज्ञापन में यह भी गंभीर आरोप लगाया है कि जिन हितग्राहियों ने अपनी राशि को लेकर सवाल उठाए या रकम का हिसाब मांगा, उन्हें कथित रूप से दबाव में लेने का प्रयास किया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि राशि नहीं देने पर कुछ लोगों को जेल भेजवाने तक की धमकी दी गई। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि कुछ अन्य हितग्राहियों को लगातार बैंक ले जाकर योजना की राशि निकलवाई जा रही है।

### गरीब आदिवासियों के साथ कथित गड़बड़ी बेहद दुर्भाग्यपूर्ण :- विक्रम मंडावी

मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि हर गरीब परिवार का सपना होता है कि उसका अपना पक्का मकान हो। प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी महत्वपूर्ण योजना में गरीब आदिवासियों के साथ इस तरह की कथित गड़बड़ी बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए।विधायक ने यह भी कहा कि सचिव को लेकर पूर्व में भी भ्रष्टाचार, गबन और उगाही से जुड़े आरोप सामने आए हैं, लेकिन शिकायतों की जांच और कार्रवाई को लेकर सवाल उठते रहे हैं। ग्रामीणों के साथ ज्ञापन सौंपते हुए विधायक मंडावी ने पीड़ित हितग्राहियों को न्याय दिलाने और उनकी राशि वापस दिलाने की मांग की।

### बोड़गा के साथ झिल्ली और छोटेपल्ली में भी कथित अनियमितताओं के आरोप

प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़े निर्माण कार्यों को लेकर क्षेत्र के बोड़गा, झिल्ली और छोटेपल्ली गांवों के ग्रामीणों ने भी पंचायत सचिव पर कथित भ्रष्टाचार और उगाही के आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कुछ स्थानों पर आवास निर्माण कार्य लंबे समय से अधूरा पड़ा है। आरोप है कि आवास निर्माण के लिए इंद्रावती नदी से कथित रूप से अवैध रेत निकासी की गई। ग्रामीणों ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि मकानों के निर्माण में सीमेंट, कांक्रीट और अन्य सामग्री का पर्याप्त और गुणवत्तापूर्ण उपयोग नहीं किया जा रहा है ।

### सीईओ नम्रता चौबे बोलीं:-मामला गंभीर है, जांच रिपोर्ट के बाद होगी कार्रवाई



जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी नम्रता चौबे ने कहा कि मामला आज ही उनके संज्ञान में आया है और ग्रामीणों की शिकायत को गंभीरता से लिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच के लिए टीम गठित की जाएगी और जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।सीईओ ने कहा कि उन्होंने मई-जून के दौरान बोड़गा गांव का निरीक्षण किया था। उस समय वहां आवास और शौचालय निर्माण का कार्य चल रहा था। उनके अनुसार, सचिव ने उस दौरान बताया था कि यह क्षेत्र इंद्रावती नदी के उसपार और नारायणपुर सीमा से लगा हुआ है, जहां सामग्री पहुंचाने और मकान निर्माण में ग्रामीणों को कठिनाई होती है। इस कारण सचिव द्वारा आवास निर्माण में सहयोग करने की बात कही गई थी। लेकिन अब ग्रामीणों द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों के बाद पूरे मामले की जांच जरूरी हो गई है।लाल आतंक से आजादी मिली, कथित व्यवस्था की लूट से कब मिलेगी आजादी?यह मामला केवल 18 लाख 25 हजार या करीब 26 लाख रुपये की कथित वित्तीय गड़बड़ी का नहीं है। यह उन गरीब आदिवासी परिवारों के सपनों का सवाल है, जिन्होंने वर्षों तक भय, हिंसा और अभाव के बीच जीवन बिताया।अब सवाल केवल रकम का नहीं, बल्कि उन गरीब आदिवासी परिवारों के सपनों का है, जिन्होंने वर्षों तक नक्सली हिंसा और भय के बीच जीवन बिताया। जिन्हें लगा था कि अब उनके सिर पर पक्की छत होगी, वे आज अपने ही बैंक खातों से निकाली गई सरकारी राशि का हिसाब मांग रहे हैं।

## एक नजर

### सशिम में कांवड़ यात्रा निकाली गई



**कांकेर, 26 अगस्त (तछसं.)।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गढ़पिछवाड़ी कांकेर में श्रावण मास के अंतिम सोमवार को विद्यालय द्वारा कावड़ यात्रा निकाली गई। यह यात्रा विद्यालय से प्रारंभ होकर गढ़पिछवाड़ी स्थित शिव मंदिर तक जाकर वहां शिवलिंग पर जल अभिषेक कर एवं पूजन अर्चन कर संपन्न हुई। इस कावड़ यात्रा में बड़ी संख्या में विद्यालय के भैया बहन आचार्यों के मार्गदर्शन में चल रहे थे। यह यात्रा पूरे भक्ति भाव के साथ अपनी एक विशिष्ट छाप छोड़ी है। नन्हे मुन्ने भैया बहन पीले एवं गेरुआ पोशाक में हाथ में कांवर लिए चल रहे थे। सभी ने शिव मंदिर में पहुंचकर भगवान शिव जी का पूजन अर्चन किया। विद्यालय के प्राचार्य ने श्री भूपेंद्र तिवारी ने कहा कि इस कांवड़ यात्रा के माध्यम से हम भक्ति के प्रति श्रद्धा को व्यक्त करते हैं। सारा देश आज शिव भक्ति में डूबा हुआ है। श्रावण के पावन मास पर ऐसी यात्राओं का धार्मिक दृष्टि से अपना एक विशेष महत्व है। समस्त ग्राम वासियों ने इस कावड़ यात्रा की भूरी भूरी प्रशंसा की। उपरोक्त जानकारी एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर वरिष्ठ आचार्य श्री संतोष श्रीवास्तव ने दी है।

### तेज बारिश के बीच दंतेवाड़ा में शिक्षकों की टीईटी मुक्ति रैली



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गीदम, 25 अगस्त ।** छत्तीसगढ़ में शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता को लेकर शिक्षकों का आक्रोश अब सड़कों पर खुलकर दिखाई देने लगा है। झमाझम बारिश के बीच दंतेवाड़ा के शिक्षक बड़ी संख्या में एकत्र हुए और 'टीईटी मुक्ति रैली' निकालकर जोरदार प्रदर्शन किया। शिक्षक संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर आयोजित इस आंदोलन के दौरान शिक्षकों ने मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, शिक्षा सचिव एवं डीपीआई के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

इसी क्रम में दंतेवाड़ा जिला मुख्यालय में भी भारी बारिश के बीच शिक्षक संघर्ष मोर्चा के नेतृत्व में टीईटी मुक्ति रैली निकाली गई। लगातार हो रही बारिश के बावजूद जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं रैली में शामिल हुए और टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने, शिक्षकों के सम्मान एवं सेवा सुरक्षा सहित पांच सूत्रीय मांगों को लेकर अपनी आवाज बुलंद की। रैली में शिक्षक हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर 'टीईटी से मुक्ति', 'शिक्षकों का सम्मान और सेवा सुरक्षा' जैसे नारों के साथ सड़क पर उतरे। बारिश के बीच भी शिक्षकों का उत्साह और एकजुटता देखते ही बनी। महिला शिक्षकों सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं छाता लेकर रैली में शामिल हुईं।रैली के दौरान शिक्षकों ने नारेबाजी करते हुए शासन का ध्यान टीईटी की अनिवार्यता से उत्पन्न समस्याओं की ओर आकर्षित किया। शिक्षक संघर्ष मोर्चा का कहना है कि वर्षों से शिक्षा विभाग में पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ सेवाएं दे रहे शिक्षकों को पुनः टीईटी परीक्षा के दबाव में डालना उचित नहीं है। शिक्षकों ने कहा कि उनकी वर्षों की सेवा, अनुभव और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान को ध्यान में रखते हुए उन्हें टीईटी की अनिवार्यता से राहत दी जानी चाहिए। साथ ही सरकार से शिक्षकों की सेवा सुरक्षा को लेकर स्थायी एवं स्पष्ट समाधान निकालने की मांग की गई। सोमवार को दंतेवाड़ा में आयोजित इस रैली में जिला संयोजक संतोष मिश्रा, उदय शुक्ला, प्रांतीय पदाधिकारी कुलदीप सिंह चौहान एवं नोहर साहू सहित जिला एवं ब्लॉक स्तर के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इनके साथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में शिक्षक एवं महिला शिक्षक भी रैली में शामिल हुए।पदाधिकारियों ने कहा कि यह आंदोलन किसी व्यक्ति या संस्था के विरोध में नहीं, बल्कि वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रहे शिक्षकों के सम्मान, भविष्य, सेवा सुरक्षा एवं अधिकारों से जुड़ा विषय है।

# टीईटी मुक्ति को लेकर चारों विकासखंडों से जुटे सैकड़ों शिक्षक,बीजापुर में निकाली रैली

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 26 अगस्त।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने, पुरानी पेंशन बहाल करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर बीजापुर जिला मुख्यालय में शिक्षकों ने रैली निकालकर प्रदर्शन किया। चारों विकासखंडों से पहुंचे सैकड़ों शिक्षकों ने सांस्कृतिक मैदान से रैली निकालते हुए नारेबाजी की और कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, मुख्य सचिव सहित विभागीय सचिव एवं संचालक के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के जिला सचिव कैलाश रामटेके ने बताया कि संगठन के आह्वान पर प्रदेशभर में रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा गया। इसी क्रम में बीजापुर जिले के चारों विकासखंडों से शिक्षक जिला मुख्यालय पहुंचे और अपनी लंबित मांगों को लेकर एकजुट होकर आवाज बुलंद की।शिक्षक सांस्कृतिक मैदान में एकत्रित हुए, जहां से रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचे। इस दौरान शिक्षकों ने अपनी मांगों के समर्थन में नारे लगाए। कलेक्ट्रेट पहुंचकर उन्होंने तहसीलदार पंचराम सलामे को मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, मुख्य सचिव, विभागीय सचिव एवं संचालक के नाम ज्ञापन सौंपा।

### टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग

ज्ञापन के माध्यम से शिक्षकों ने सेवारत सभी शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग की। संगठन का कहना है कि टीईटी की अनिवार्यता के कारण बड़ी संख्या में शिक्षकों की पदोन्नति प्रभावित हो रही है। शिक्षकों ने मांग की कि इस व्यवस्था में आवश्यक संशोधन कर सभी पात्र शिक्षकों की पदोन्नति का रास्ता साफ किया जाए।

### पुरानी पेंशन और केंद्रीय वेतनमान की मांग

शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना करते हुए समस्त एलबी संवर्ग के शिक्षकों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ देने की मांग की। इसके साथ ही केंद्रीय वेतनमान लागू कर वेतन विसंगति दूर करने की भी मांग रखी गई।ज्ञापन में 13 फरवरी 2026 के राजपत्र में आवश्यक संशोधन कर एलबी संवर्ग के शिक्षकों के हितों की रक्षा करने की मांग की गई। संगठन ने समस्त शिक्षकों को ब्रिज कोर्स के माध्यम से बीएड प्रशिक्षित कराने की मांग भी प्रमुखता से उठाई।

### सहायक शिक्षक से व्याख्याता तक हुए शामिल

रैली में सहायक शिक्षक, शिक्षक और व्याख्याता बड़ी संख्या में शामिल रहे। चारों विकासखंडों के शिक्षक प्रतिनिधियों और पदाधिकारियों ने भी आंदोलन में भाग लिया।रैली में ब्लॉक अध्यक्ष शिव पुनेम, विजय चापड़ी, पूर्णचंद बेहरा और संजय चिंतुर सहित कमलेश मिश्रा, ए. तिरुपति, महामंत्री वसीम खान, मनोज कावटी, अरुण सिंह, मनोज अल्लूर, भीमचंद साहनी, बुधराम तेलम और यदुनाथ कश्यप समेत बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे। महिला शिक्षिकाओं ने भी आंदोलन में सक्रिय भागीदारी निभाई।शिक्षक संघर्ष मोर्चा के जिला सचिव कैलाश रामटेके ने कहा कि शिक्षकों की वर्षों पुरानी और महत्वपूर्ण मांगों के समाधान के लिए सरकार को गंभीरता से निर्णय लेना चाहिए। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई तो आगे आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी।

# नक्सल पुनर्वास कार्यों की कलेक्टर,एसपी ने की समीक्षा



**बीजापुर, 26 अगस्त।** कलेक्टर विश्वदीप की अध्यक्षता में जिला स्तरीय नक्सल पुनर्वास समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक उमेश प्रसाद गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में नक्सल पुनर्वास नीति के प्रभावी क्रियान्वयन, आत्मसमर्पित एवं नक्सल पीड़ित व्यक्तियों को शासन की विभिन्न योजनाओं से जोड़ने और लंबित प्रकरणों के निराकरण पर चर्चा की गई।कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र हितग्राहियों को स्वरोजगार, कौशल विकास, आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य, राशन, बैंकिंग सहित अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जाए।बैठक में नक्सल पीड़ित परिवारों के लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। पात्र वारिसों को अनुकंपा नियुक्ति अथवा 15 लाख रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को प्राथमिकता से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए गए।एसपी उमेश प्रसाद गुप्ता ने कहा कि आत्मसमर्पण करने वाले व्यक्तियों का समुचित पुनर्वास उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने और सम्मानजनक जीवन प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण है।

# 2026 मेरिट सूची में कथित अनियमितताओं के खिलाफ एनएसयूआई ने हाथ में थाली लेकर किया हल्ला बोल



**रायपुर, 25 अगस्त।** एनएसयूआई संगठन प्रभारी महामंत्री हेमंत पाल के निर्देशानुसार एवं विधानसभा अध्यक्ष, रायपुर उत्तर श्री अनुज शुक्ला की अध्यक्षता में MBBS NEET-UG 2026 की मेरिट सूची में कथित फर्जी/संदिग्ध डोमिसाइल, जाति एवं श्रेणी प्रमाण-पत्रों की निष्पक्ष जाँच की मांग को लेकर अंबेडकर चौक से स्वास्थ्य मंत्री निवास तक छात्र-हस्‍ढ्ढ कार्यकर्ताओं द्वारा मार्च निकाला गया।मार्च में छात्र कार्यकर्ताओं ने हाथों में खाली थाली लेकर सरकार से योग्य एवं छत्तीसगढ़ के मूल निवासी विद्यार्थियों के हक की रक्षा तथा मेरिट सूची में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की।

इस दौरान हस्‍ढ्ढ द्वारा 5 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें प्रमुख रूप से–

v. MBBS NEET-UG 2026 की पूरी मेरिट सूची की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जाँच कराई जाए।

2. डोमिसाइल, जाति एवं श्रेणी प्रमाण-पत्रों का कठोर सत्यापन कराया जाए तथा संदिग्ध दस्तावेजों की जाँच हो।

3. फर्जी या गलत दस्तावेज पाए जाने पर संबंधित अभ्यर्थियों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाए।

4. अनियमितताओं से प्रभावित योग्य एवं छत्तीसगढ़ के मूल निवासी विद्यार्थियों को उनका अधिकार और न्याय दिलाया जाए।

5. मेरिट एवं काउंसलिंग प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए तथा आवश्यकता होने पर संशोधित मेरिट सूची जारी की जाए।

हस्‍ढ्ढ ने कहा कि यह लड़ाई किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि योग्य विद्यार्थियों के अधिकार, पारदर्शी व्यवस्था और छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों के हक के लिए है। विद्यार्थियों के भविष्य से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

अनुज शुक्ला ने कहा कि मेरिट सूची में पारदर्शिता सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है। यदि किसी भी स्तर पर गलत दस्तावेजों के आधार पर किसी अपात्र व्यक्ति को लाभ मिला है, तो उसकी निष्पक्ष जाँच कर योग्य विद्यार्थियों के साथ न्याय किया जाना चाहिए। NSUI ने शासन से पांचों मांगों पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जाँच कराने की मांग की है।

### NSUI का स्पष्ट संदेश

योग्य छात्रों के हक के साथ अन्याय नहीं होने देंगे।÷

आज के घेराव कार्यक्रम में विश्वविद्यालय अध्यक्ष पुनेश्वर लहरें ,जिला महासचिव गावेश साहू अंकित बंजारे, रीत आहूजा शेख अरसलन इंडिया घृतलहरे , आलोक खरे, मनीष साहू, रितिक , अनेक छात्र नेता उपस्थित थे।

# गैस सिलेंडर की 45 दिन की बाध्यता समाप्त कर 25 दिन किया जाए:सांसद महेश कश्यप ने केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री को लिखा पत्र

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा/गीदम ।** 26 अगस्त । बस्तर सांसद महेश कश्यप ने दंतेवाड़ा जिले के शहरी क्षेत्रों में रसोई गैस सिलेंडर की रीफिल अवधि को 45 दिन से घटाकर 25 दिन करने की मांग को लेकर केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी को पत्र लिखा है। सांसद श्री कश्यप ने पत्र में अवगत कराया है कि वर्तमान में दंतेवाड़ा, गीदम, बचेली, किरंदुल, बारसूर सहित जिले के नगरीय क्षेत्रों में गैस एजेंसियों द्वारा 45 दिन से पहले दूसरा सिलेंडर नहीं दिया जा रहा है, जबकि प्रदेश के अन्य शहरी क्षेत्रों में उपभोक्ताओं को 25 दिन में दूसरा सिलेंडर उपलब्ध हो जाता है। उन्होंने कहा कि शहरी परिवारों में एक सिलेंडर औसतन 25 से 30 दिन में ही समाप्त हो जाता है। 45 दिन के नियम के कारण आम जनता को 15-20 दिन तक भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। मजबूरी में लोगों को ब्लैक में महंगा सिलेंडर लेना पड़ता है अथवा लकड़ी-कोयले का उपयोग करना पड़ता है, जिससे स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। सांसद श्री कश्यप ने केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया है कि दंतेवाड़ा जिले की भौगोलिक और सामाजिक परिस्थितियों को देखते हुए संबंधित कंपनियों को निर्देशित किया जाए कि यहाँ भी सिलेंडर प्रदाय की समय-सीमा अन्य शहरों की तरह 25 दिन की जाए। इस संबंध में दंतेवाड़ा कलेक्टर को भी सूचनार्थ पत्र की प्रतिलिपि प्रेषित की गई है। जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा के शहरी क्षेत्र दंतेवाड़ा, किरन्दुल, बचेली,बारसूर एवं गीदम में संचालित गैस एजेंसियों मेसर्स प्रज्ञा इंडेन दंतेवाड़ा एवं मेसर्स माँ दंतेश्वरी इंडेन गीदम में वर्तमान में 45 दिनों का गैस रिफिलिंग अंतराल लागू है। कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार दंतेवाड़ा में कुल 15716 (एपीएल-8756, बीपीएल -6960) एवं गीदम में 10601 (एपीएल-3740, बीपीएल -6861) गैस उपभोक्ता हैं। एपीएल उपभोक्ताओं द्वारा माह में एक बार अनिवार्य रूप से रिफिलिंग प्राप्त की जा रही है, परन्तु 45 दिन के लंबे अंतराल के कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार उपभोक्ताओं और एजेंसी संचालकों के बीच वाद-विवाद की स्थिति भी निर्मित हो रही है। इस संबंध में पूर्व में कार्यालयीन ज्ञापन क्रमांक 295/खाद्य/2026 दिनांक 19.03.2026 एवं 372/खाद्य/2026 दिनांक 17.04.2026 के माध्यम से मंडल प्रबंधक, इंडियन ऑयल, रायपुर को अवगत कराया गया था। उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा द्वारा सचिव, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, महानदी भवन, अटल नगर, नवा रायपुर को पत्र प्रेषित कर गैस रिफिलिंग का अंतराल 45 दिन से घटाकर 25 दिन करने का प्रस्ताव भेजा गया था ।

# जर्जर भवन और बदहाल व्यवस्था के खिलाफ एनएसयूआई का जोरदार प्रदर्शन, प्रशासन ने एक माह में मांगें पूरी करने का दिया आश्वासन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायपुर,26 अगस्त।** शासकीय जे. योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय में लंबे समय से चली आ रही जर्जर भवन एवं मूलभूत सुविधाओं की बदहाल व्यवस्था के खिलाफ आज एनएसयूआई ने महाविद्यालय प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों की सुरक्षा से जुड़े गंभीर मुद्दों को लेकर छात्र नेताओं एवं विद्यार्थियों ने प्रशासन के समक्ष अपनी मांगें रखीं।

एनएसयूआई पंडित रविशंकर शुक्ला विश्वविद्यालय अध्यक्ष हरिओम तिवारी एवं हस्‍ढ्ढ जिला उपाध्यक्ष वैभव मुजेवार के निर्देशानुसार छात्र नेता उत्कर्ष खिलारी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने महाविद्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने जर्जर भवन, आए दिन स्लैब गिरने की घटनाओं, खुले बिजली बोर्ड, गंदगी, वाटर कूलर एवं गिलासों की खराब स्थिति, खराब ग्रीन बोर्ड तथा ढ्ढष्ठ कार्ड व्यवस्था जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर महाविद्यालय प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जाहिर की। एनएसयूआई ने प्रशासन के समक्ष स्पष्ट रूप से मांग रखी कि विद्यार्थियों की सुरक्षा से जुड़े मामलों में तत्काल कार्रवाई की जाए। जर्जर भवनों की मरम्मत एवं आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था करने के साथ-साथ महाविद्यालय की मूलभूत सुविधाओं को भी दुरुस्त किया जाए।प्रदर्शन के बाद महाविद्यालय प्रशासन ने हस्‍ढ्ढ एवं विद्यार्थियों की मांगों को गंभीरता से लेते हुए एक माह के भीतर सभी छात्रहित की मांगों का समाधान करने का आश्वासन दिया।

### एनएसयूआई ने दी आंदोलन की चेतावनी

एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष वैभव मुजेवार ने कहा कि महाविद्यालय में पढ़ने आने वाले विद्यार्थियों की सुरक्षा के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। यदि प्रशासन ने एक माह के भीतर समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया है, तो निर्धारित समयसीमा में प्रत्येक मांग पर ठोस कार्रवाई दिखाई देनी चाहिए।उन्होंने कहा, विद्यार्थियों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। प्रशासन ने एक माह में समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया है। यदि तय समयसीमा में मांगें पूरी नहीं हुईं, तो हस्‍ढ्ढ सड़क से लेकर महाविद्यालय तक निर्णायक लड़ाई लड़ेगी। जरूरत पड़ी तो महाविद्यालय में तालाबंदी कर उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी महाविद्यालय प्रशासन की होगी। एनएसयूआई ने प्रशासन को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यह आंदोलन केवल आश्वासन तक सीमित नहीं रहेगा। एक माह के भीतर यदि जर्जर भवन और मूलभूत सुविधाओं की समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं हुआ, तो हस्‍ढ्ढ चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेगी और विद्यार्थियों के हित में निर्णायक संघर्ष करेगी। एनएसयूआई का स्पष्ट संदेश है– विद्यार्थियों की सुरक्षा से समझौता नहीं, मांगें पूरी होने तक संघर्ष जारी रहेगा।प्रदर्शन में ये रहे प्रमुख रूप से उपस्थित कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला महासचिव सेवा साहू, रविंद्र सिंह, प्रतीक ध्रुव, लोमेश साहू, रितेश बघेल, रेमन सिन्हा, नीरज बंजारे, केशरीनंद साहू, अश्वित गुप्ता, मोहित गायकवाड़, उज्जवल बारले, सतीश, मनोज, साहिल, कुणाल, चंदन, सरगम, अर्पिता, वीरपाल, भूमिका सहित महाविद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# बारिश में विधायक चैतराम अटामी के नेतृत्व में दंतेवाड़ा से गुमरगुंडा तक निकली कांवड़ यात्रा



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गीदम 26 अगस्त ।** सावन मास के पावन अवसर पर देवाधिदेव भगवान महादेव के प्रति आस्था एवं श्रद्धा को समर्पित विशाल कांवड़ यात्रा सोमवार को दंतेवाड़ा से गुमरगुंडा तक भव्य एवं भक्तिमय वातावरण में सम्पन्न हुई। दंतेवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक चैतराम अटामी के नेतृत्व में आयोजित इस कांवड़ यात्रा में बड़ी संख्या में शिवभक्तों, महिलाओं, युवाओं एवं क्षेत्रवासियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कांवड़ यात्रा का शुभारंभ दंतेवाड़ा स्थित माँ दंतेश्वरी मंदिर के समीप शंखनी-डंकनी नदी के पावन संगम से जल लेकर किया गया। कांवड़ियों ने पवित्र जल कांवड़ में धारण कर भगवान भोलेनाथ के जयघोष के साथ अपनी यात्रा प्रारंभ की। यात्रा के दौरान ÷हर-हर महादेव÷ और ÷बोल बम÷ के जयकारों से पूरा वातावरण शिवमय हो गया। दंतेवाड़ा से रवाना हुई कांवड़ यात्रा गीदम के पुराने बस स्टैंड स्थित शिव मंदिर पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। इसके पश्चात कांवड़ यात्रा मंडी चौक, हारम, बड़े कारली चौक एवं बुधपदर चौक होते हुए गुमरगुंडा के लिए रवाना हुई। यात्रा के दौरान बारिश भी शिवभक्तों की आस्था और उत्साह को डिगा नहीं सकी। बारिश लगातार होती रही, लेकिन कांवड़ियों के कदम नहीं रुके। महिला श्रद्धालुओं की भी बड़ी संख्या में सहभागिता रही और मातृशक्ति ने पूरे उत्साह के साथ कांवड़ यात्रा में कदम से कदम मिलाकर यात्रा पूरी की। बारिश के बीच भगवान शिव के जयघोष के साथ आगे बढ़ते शिवभक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। कांवड़ यात्रा के मार्ग में जगह-जगह क्षेत्रवासियों द्वारा कांवड़ियों का स्वागत किया गया ।

## एक नजर

### परसदा-केराझर वाटरफॉल में आम लोगों के प्रवेश पर प्रतिबंध

**रायगढ़, 26 अगस्त।** जिले में पर्यटन स्थलों पर बढ़ती लापरवाही और दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री मयंक चतुर्वेदी ने तहसील रायगढ़ स्थित परसदा-केराझर वाटरफॉल एवं उसके आसपास के क्षेत्र में आम जनता और पर्यटकों के प्रवेश पर तत्काल प्रभाव से पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। कलेक्टर ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत यह निषेधाज्ञा जारी की है, जो आगामी आदेश तक प्रभावशील रहेगी।प्रशासन के संज्ञान में आया है कि परसदा-केराझर वाटरफॉल में कुछ युवा सोशल मीडिया पर लाइक्स और व्यूज पाने के लिए अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं। करीब 30 फीट ऊंचे झरने की अत्यंत फिसलन भरी चट्टानों से पानी में छलांग लगाने जैसे खतरनाक स्टंट किए जा रहे हैं। ऐसी गतिविधियां गंभीर दुर्घटना और जनहानि का कारण बन सकती हैं। मानव जीवन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिला प्रशासन ने वाटरफॉल क्षेत्र को अति-संवेदनशील और खतरनाक क्षेत्र मानते हुए यह कठोर कदम उठाया है।जारी आदेश के अनुसार परसदा-केराझर वाटरफॉल तथा उसके आसपास के संपूर्ण क्षेत्र में आम जनता, पर्यटकों, युवाओं एवं छात्र-छात्राओं के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। वाटरफॉल की ओर जाने वाले सभी प्रमुख मार्गों, रास्तों और वन क्षेत्र की पगडंडियों को 'नो गो जोन' घोषित किया गया है। पिकनिक, रील या वीडियो बनाने, सेल्फी लेने अथवा किसी भी प्रकार के स्टंट के उद्देश्य से भी इस क्षेत्र में जाना प्रतिबंधित रहेगा। कलेक्टर ने पुलिस विभाग को वाटरफॉल की ओर जाने वाले सभी प्रवेश मार्गों पर पुलिस चेक पोस्ट और बैरिकेडिंग स्थापित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही सप्ताहांत एवं अवकाश के दिनों में विशेष निगरानी रखने को कहा गया है, ताकि प्रतिबंधित क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति के प्रवेश को रोका जा सके।

### वर्षा ऋतु में संक्रामक रोगों से बचाव के लिए बरतें सावधानी

**रायगढ़, 26 अगस्त।** वर्षा ऋतु में कभी तेज धूप तो कभी बारिश होने के कारण विभिन्न प्रकार के संक्रामक एवं मौसमी रोगों के फैलने की आशंका बढ़ जाती है। इस दौरान दूषित पानी एवं भोजन से डायरिया, पीलिया और टायफाइड जैसे जलजनित रोग, जबकि सर्दी-खांसी, न्यूमोनिया एवं इन्फ्लूएंजा-ए एच1एन1 (स्वाइन फ्लू) जैसे श्वसन तंत्र के संक्रमण होने की संभावना रहती है। वहीं, घरों एवं आसपास पानी जमा होने से मच्छरों की संख्या बढ़ने के कारण डेंगू और मलेरिया जैसे वेक्टर जनित रोगों का खतरा भी बढ़ जाता है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत ने नागरिकों से सावधानी बरतने तथा संक्रमण से बचाव के लिए जरूरी उपाय अपनाने की अपील की है।डायरिया दूषित पानी एवं भोजन के सेवन से फैलता है। इसके प्रमुख लक्षणों में बार-बार पतला दस्त, भूख कम लगना, शरीर में पानी की कमी, अधिक प्यास लगना और उल्टी शामिल हैं। इसी तरह दूषित भोजन एवं संक्रमित पानी से पीलिया तथा टायफाइड भी हो सकता है। पीलिया में भूख न लगना, गहरे पीले रंग का पेशाब, सिरदर्द, उल्टी, कमजोरी, पेट के ऊपरी दाहिने हिस्से में दर्द तथा आंखों और त्वचा का पीला होना जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं। टायफाइड में भूख न लगना, सिरदर्द, शरीर में दर्द, तेज बुखार, सुस्ती और दस्त की शिकायत हो सकती है। इनसे बचाव के लिए पीने के पानी को उबालकर ठंडा करने के बाद ही उपयोग करें तथा पानी को हमेशा ढककर रखें। कुएं एवं नलकूपों में लिक्विड क्लोरीन तथा मटके के पानी में क्लोरीन टेबलेट का निर्धारित मात्रा में उपयोग करें। खाना बनाने से पहले, भोजन करने से पहले और शौच के बाद साबुन से हाथ अच्छी तरह धोएं। खुले में रखी, बासी या सड़ी-गली खाद्य सामग्री, फल एवं सब्जियों का उपयोग न करें। हमेशा ताजा एवं गर्म भोजन करें तथा पर्याप्त मात्रा में पानी एवं अन्य तरल पदार्थ लेते रहें। उल्टी-दस्त होने पर ओआरएस का सेवन करें और बच्चों में दस्त होने पर ओआरएस के साथ जिंक की गोली का उपयोग चिकित्सकीय सलाह के अनुसार करें।

# नवाचार से बदल रही शिक्षा की तस्वीर, उत्कृष्ट शिक्षकों को मिला सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 26 अगस्त।** जिले में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने तथा कक्षा-कक्ष में नवाचार एवं बेहतर शिक्षण पद्धतियों को प्रोत्साहित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों को नई गति मिल रही है। इसी क्रम में जुलाई माह के 'पोस्ट ऑफ द मंथ' एवं 'बोलेगा बचपन' कार्यक्रम के अंतर्गत उत्कृष्ट शैक्षणिक कार्य एवं नवाचार के लिए चयनित शिक्षकों को कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने प्रमाण पत्र एवं उपहार प्रदान कर सम्मानित किया। यह पहल शिक्षकों के नवाचारों को पहचान देने के साथ जिले के अन्य शिक्षकों को भी बेहतर कार्य के लिए प्रेरित कर रही है।

नवाचार से बच्चों के सीखने को मिलती है नई दिशा

कलेक्टर ने कहा कि प्राथमिक शिक्षा बच्चों के भविष्य की आधारशिला है। बच्चों को केवल पाठ्यक्रम आधारित ज्ञान देने के बजाय उनकी जिज्ञासा, रुचि और क्षमता के अनुरूप सीखने के अवसर उपलब्ध कराना जरूरी है। उन्होंने शिक्षकों को गतिविधि आधारित एवं नवाचारी शिक्षण पद्धतियों को अपनाने पर जोर देते हुए कहा कि कक्षा में किया गया एक प्रभावी प्रयोग अनेक बच्चों के सीखने के तरीके को बदल सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को उनकी रुचि एवं क्षमता के अनुरूप आगे बढ़ाने, प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बेहतर मार्गदर्शन देने तथा जेईई एवं नीट जैसी परीक्षाओं के लिए प्रारंभिक स्तर से ही उपयुक्त शैक्षणिक वातावरण तैयार करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि ÷विद्यार्थियों की सफलता ही शिक्षकों की वास्तविक सफलता है।

### विनोबा ऐप बना नवाचार साझा करने का मंच

जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा के मार्गदर्शन में ओपन लिंक्स फाउंडेशन द्वारा विनोबा ऐप के माध्यम से शिक्षकों के नवाचारों को साझा करने तथा एक-दूसरे से सीखने का अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है। शिक्षकों द्वारा किए जा रहे अच्छे प्रयोगों का दस्तावेजीकरण भी किया जा रहा है, जिससे प्रभावी शिक्षण गतिविधियों को व्यापक स्तर पर अपनाने की संभावनाएं बढ़ रही हैं। विनोबा ऐप के माध्यम से बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान, जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा, राष्ट्रीय आय-सह-मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा, जेईई एवं नीट जैसी परीक्षाओं की तैयारी में भी सहयोग दिया जा रहा है। साथ ही बच्चों के सीखने के स्तर के आकलन और अधिगम परिणामों के नियमित अद्यतन को बढ़ावा दिया जा रहा है।

### जिला स्तर पर 9 शिक्षक सम्मानित

जुलाई माह के कार्यक्रम में जिला स्तर पर उत्कृष्ट कार्य के लिए गौरी पटेल, भगवती निषाद, उषा चौहान, लता महंत, हेम कुमारी बरेठ, भारत लाल गौतम, सुबिता नायक, अल्फोंस मिंज एवं विकासखण्ड स्तर पर खगेश्वर पटेल, कांति सिदार, संतोष कुमार पटेल एवं पिंगलेश्वरी पटेल को प्रमाण पत्र एवं उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी श्री श्यामानंद साहू, जिला मिशन समन्वयक श्री आलोक स्वर्णकार, ओपन लिंक्स फाउंडेशन की वरिष्ठ परियोजना अधिकारी सुश्री पायल सिन्हा एवं कार्यक्रम अधिकारी श्री सौरभ वर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने सम्मानित शिक्षकों को बधाई देते हुए उनके नवाचारी प्रयासों की सराहना की।

## जिले के स्कूलों में एचपीवी टीकाकरण महाअभियान तेज

# बालिकाओं को मिल रहा सर्वाइकल कैंसर से बचाव का सुरक्षा कवच

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 26 अगस्त।** जिले की किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के समस्त शासकीय एवं निजी स्कूलों में ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) टीकाकरण महाअभियान व्यापक स्तर पर चलाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर के मार्गदर्शन में अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की विशेष टीमें प्रतिदिन जिले के विभिन्न स्कूलों में पहुंचकर पात्र बालिकाओं का टीकाकरण कर रही हैं। स्कूल परिसर में ही टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध होने से बालिकाओं और उनके पालकों को काफी सहूलियत मिल रही है।

सीएमएचओ डॉ. अनिल कुमार जगत ने बताया कि 14 वर्ष तक की बालिकाओं को भविष्य में होने वाले सर्वाइकल कैंसर के खतरे से बचाना है। जिसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए शिक्षा विभाग के साथ समन्वय कर माइक्रो-प्लान तैयार किया गया है। इसके अनुसार स्वास्थ्य विभाग की टीमें स्कूलवार पहुंचकर पात्र छात्राओं का टीकाकरण कर रही हैं। अभियान के अंतर्गत 24 अगस्त को रायगढ़ शहरी क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में आयोजित टीकाकरण कार्यक्रम में 27 बालिकाओं को एचपीवी का टीका लगाया गया।

### स्कूलों में टीकाकरण के साथ जागरूकता पर भी जोर

स्वास्थ्य विभाग की टीमें केवल टीकाकरण तक सीमित नहीं हैं, बल्कि स्कूलों में छात्राओं, शिक्षकों और पालकों को एचपीवी संक्रमण, सर्वाइकल कैंसर तथा इसके बचाव के उपायों की जानकारी भी दे रही हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा बताया जा रहा है कि एचपीवी संक्रमण सर्वाइकल कैंसर के प्रमुख कारणों में से एक है और समय पर एचपीवी टीकाकरण कराकर इसके जोखिम को काफी हद तक कम किया जा सकता है। सीएमएचओ ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाली गंभीर बीमारियों में शामिल है। किशोरावस्था में निर्धारित समय पर एचपीवी टीकाकरण कराने से भविष्य में इस बीमारी से बचाव में महत्वपूर्ण मदद मिलती है। इसी उद्देश्य से छात्राओं को उनके स्कूल परिसर में ही टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि अधिक से अधिक पात्र बालिकाएं इस सुरक्षा कवच का लाभ ले सकें।

### स्वास्थ्य विभाग ने पालकों से की सक्रिय सहयोग की अपील

जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने जिले के सभी शासकीय एवं निजी स्कूलों के प्राचार्यों, शिक्षकों तथा प्रबुद्ध नागरिकों से अभियान को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग की अपील की है। साथ ही पालकों से आग्रह किया गया है कि वे अपनी बेटियों के स्वस्थ एवं सुरक्षित भविष्य को ध्यान में रखते हुए एचपीवी टीकाकरण के महत्व को समझें और अभियान में आवश्यक सहमति प्रदान करें। टीकाकरण अभियान को जिले के सभी स्कूलों तक पहुंचाने के लिए स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग की टीमें लगातार कार्य कर रही हैं। अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक पात्र बालिकाओं को समय पर टीकाकरण का लाभ पहुंचाना है, ताकि आने वाले समय में सर्वाइकल कैंसर के मामलों को रोकने की दिशा में प्रभावी कदम उठाया जा सके।

## समाचार संक्षेप

### केलो डैम से पानी छोड़े जाने के कारण नदी के जलस्तर में वृद्धि की संभावना, नागरिकों से सतर्क रहने की अपील



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 26 अगस्त।** केलो जलाशय में लगातार अधिक मात्रा में पानी की आवक को देखते हुए जलाशय से पानी छोड़ा जा रहा है। इसके परिणामस्वरूप केलो नदी के जलस्तर में लगभग 3 फीट तक वृद्धि होने की संभावना है। जिला प्रशासन ने नदी एवं निचले क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। नागरिक नदी के किनारे, जलभराव वाले क्षेत्रों एवं संभावित बाढ़ प्रभावित स्थानों पर जाने से बचें तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में तत्काल संबंधित प्रशासनिक अमले को सूचना दें। जिला प्रशासन द्वारा जलस्तर एवं परिस्थितियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। नागरिकों से अपील है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक सावधानी बरतते हुए प्रशासन का सहयोग करें।

### नियम उल्लंघन पर दो कॉलोनाइजरों को नोटिस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़ 26 अगस्त।** जिले में नियमों का पालन किए बिना कॉलोनी विकास एवं प्लाटिंग करने वाले कॉलोनाइजरों के विरुद्ध जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने जिले में ईडब्ल्यूएस ;आर्थिक रूप से कमजोर वर्गद्ध के लिए निर्धारित भूमि उपलब्ध कराए बिना की जा रही प्लाटिंग तथा कॉलोनी विकास के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाएं विकसित नहीं करने वाले कॉलोनाइजरों के विरुद्ध नियमानुसार की कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में अनुविभागीय अधिकारी राजस्वद्ध रायगढ़ द्वारा ग्राम अतरमुड़ा में विकसित की जा रही ग्रीन पार्क कॉलोनी के संबंध में दो संबंधित व्यक्तियों को नोटिस जारी कर दो दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।प्रशासन के संज्ञान में आया है कि ग्राम बड़े अतरमुडा तहसील एवं जिला रायगढ़ स्थित भूमि खसरा नंबर 1985. रकबा 1.0747 हेक्टेयर तथा खसरा नंबर 1984. रकबा 0.9364 हेक्टेयर पर ग्रीन पार्क नामक कॉलोनी का निर्माण कर भू.खंडों का विक्रय किया गया है। नोटिस में उल्लेख किया गया है कि कॉलोनी विकास के परिप्रेक्ष्य में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए निर्धारित ईडब्ल्यूएस भूमि अब तक उपलब्ध नहीं कराई गई है। इसके साथ ही कॉलोनी में स?क निर्माणए नाली निर्माणए बिजली तथा पानी निकासी सहित आवश्यक विकास कार्य भी पूर्ण नहीं किए जाने की बात सामने आई है।

# बीज राखियों से सजेगा इस बार रक्षाबंधन का पर्व भाई-बहन के स्नेह के साथ मिलेगा हरियाली का संदेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 26 अगस्त।** जिले की ग्रामीण महिलाएं इस बार रक्षाबंधन पर्व को भाई-बहन के स्नेह के साथ हरियाली और पर्यावरण संरक्षण के संदेश से जोड़ने की तैयारी में हैं। बिहान से जुड़ी स्व-सहायता समूह की महिलाएं धान, मक्का, बरबट्टी, लौकी, करेला, सेमी, कुम्हड़ा, भिंडी, उड़द, मसूर, मूंगफली सहित स्थानीय बीजों से आकर्षक राखियां तैयार कर रही हैं। पर्यावरण हितैषी इन राखियों के माध्यम से महिलाओं को घर बैठे अतिरिक्त आमदनी का अवसर भी मिल रहा है।

बीज राखी निर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए जिले के सातों विकासखंडों में समूह की महिलाओं के बीच प्रतियोगिता आयोजित की गई। निर्णायक समिति ने प्रत्येक विकासखंड से उत्कृष्ट बीज राखी तैयार करने वाली एक-एक महिला का चयन किया। चयनित महिलाओं में घरघोड़ा से गायत्री सिदार, धरमजयगढ़ से गणपति राठिया, तमनार से मंजरी गुप्ता, रायगढ़ से मालती मलाकार, पुसौर से बबीता पटेल और खरसिया से संगीता भारद्वाज शामिल हैं। जिले के सभी सात विकासखंडों से चयनित महिलाओं ने जिला कलेक्टोरेट पहुंचकर




कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी सहित जिला स्तरीय अधिकारियों को अपने हाथों से तैयार की गई बीज राखियां पहनाईं। कलेक्टर ने चयनित महिलाओं को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार भेंटकर उनका उत्साहवर्धन किया।

कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप जिला प्रशासन द्वारा स्व-सहायता समूह की महिलाओं को नवाचार, सशक्तिकरण और आजीविका से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। बिहान से जुड़ी महिलाएं स्थानीय संसाधनों और अपने हुनर का उपयोग कर आय के नए साधन विकसित कर रही हैं। उन्होंने चयनित महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बीज राखी जैसी नवाचारी गतिविधियां महिलाओं की रचनात्मकता को रोजगार और अतिरिक्त आमदनी से जोड़ने के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देती हैं।

### राखी के साथ पौधे का उपहार

जिले के सभी सातों विकासखंडों में स्व-सहायता समूह की महिलाएं स्थानीय बीजों और अनाज से अलग-अलग डिजाइन की राखियां तैयार कर रही हैं। बरबट्टी, मक्का, लौकी, करेला, सेमी, कुम्हड़ा, ग्वारफली, भिंडी, उड़द, मसूर, मूंगफली और धान सहित विभिन्न बीजों का उपयोग राखी बनाने में किया जा रहा है। फेविकोल, रंग, स्टीकर और धागे की सहायता से तैयार इन राखियों की खासियत यह है कि उपयोग के बाद इन्हें मिट्टी में दबाने पर इनमें मौजूद बीज अंकुरित होकर पौधे का रूप ले सकते हैं। इस तरह राखी केवल भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक नहीं रहती, बल्कि मिट्टी में मिलकर हरियाली का संदेश भी देती है।

### कम लागत में आकर्षक राखी, बढ़ रही मांग

बीज राखियों को तैयार करने में स्थानीय स्तर पर उपलब्ध सामग्री का उपयोग किया जा कम लागत, आकर्षक डिजाइन और पर्यावरण के प्रति बढ़ती जागरूकता के कारण इन राखियों को लोगों की पसंद मिल रही है।

### शिक्षकों की समस्याओं और स्कूलों की मूलभूत सुविधाएं को लेकर कलेक्टर गंभीर

**कांकेर 26 अगस्त ।** शिक्षकों की समस्याओं और स्कूलों की मूलभूत सुविधाओं को कलेक्टर श्री कुंदन कुमार ने गंभीरता से लिया है। शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण एवं स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी और अपर कलेक्टर कांकेर को खण्ड शिक्षा अधिकारियों की बैठक लेकर समीक्षा करने तथा उसका रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया है।जिला शिक्षा अधिकारी को आज ही सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों की बैठक लेकर शिक्षकों की समस्याओं और स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा करने तथा विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा गया है। इसी प्रकार अपर कलेक्टर कांकेर को जिला शिक्षा अधिकारी,समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी तथा जिला शिक्षा कार्यालय एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालयों में पदस्थ सभी स्थापना प्रभारियों की बैठक लेकर शिक्षकों की समस्या,मांगो तथा स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं को लेकर समीक्षा करने तथा विस्तृत रिपोर्ट करने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए हैं।

### शिक्षा गुणवत्ता सुधार को लेकर पुसौर में मैराथन समीक्षा बैठक



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 26 अगस्त।** शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और आगामी वार्षिक परीक्षा परिणामों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से विकासखंड पुसौर में शिक्षा विभाग की मैराथन समीक्षा बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के दिशा-निर्देश एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री श्यामनंदन साहू के मार्गदर्शन में आयोजित बैठक में विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री भुवनेश्वर पटेल ने विकासखंड के सभी 25 विद्यालयों के प्राचार्यों, संकुल प्राचार्यों एवं 31 संकुलों के शैक्षिक समन्वयकों के साथ विभागीय कार्यों की विस्तृत समीक्षा की।विद्यालयों में वीएसके एप पर पंजीयन एवं उपस्थिति, सीजी स्कूल में पंजीयन और अवकाश की नियमित स्वीकृति, स्मार्ट क्लास एवं आईसीटी की स्थिति, पाठ्यक्रम पूर्णता, पुस्तकों की स्कैनिंग एवं ऑनलाइन वितरण, जाति प्रमाणपत्र निर्माण, जर्जर विद्यालय भवन, शौचालय स्वीकृति तथा मध्यान्ह भोजन व्यवस्था सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने प्रत्येक विद्यालय से कमजोर विद्यार्थियों के चिन्हांकन और उनके लिए अतिरिक्त कक्षाओं के संचालन की जानकारी ली। विशेष रूप से कक्षा 10वीं एवं 12वीं के कमजोर विद्यार्थियों को चिन्हांकित कर सातवें कालखंड में अतिरिक्त कक्षा संचालित करने के निर्देश दिए गए। वहीं मेरिट में स्थान बनाने की क्षमता रखने वाले विद्यार्थियों की पहचान कर उन्हें बेहतर परिणाम के लिए प्रोत्साहित करने और उनके लिए विशेष शैक्षणिक योजना तैयार करने पर भी जोर दिया गया।

### पालना सहायिका के रिक्त पद के लिए 4 सितंबर तक दावा-आपत्ति आमंत्रित

**रायगढ़, 26 अगस्त।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ शहरी अंतर्गत पालना केन्द्र प्रेमनगर, वार्ड क्रमांक 27 में पालना सहायिका के रिक्त पद के लिए जारी प्राविधिक/अनंतिम मूल्यांकन पत्रक पर दावा-आपत्ति आमंत्रित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी महिला एवं बाल विकास विभाग के ऑनलाइन पोर्टल aww.e-bharti.in के माध्यम से 26 अगस्त से 4 सितंबर तक ऑनलाइन दावा-आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। निर्धारित अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाली दावा-आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

### जिले में 877.8 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़, 26 अगस्त।** रायगढ़ जिले में 25 अगस्त तक 877.8 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 37.6 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून 2026 से अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 1053.1 मिली मीटर, पुसौर में 884, खरसिया में 714.7, घरघोड़ा में 684.2, तमनार में 1221.2, लैलूंगा में 762, मुकडेगा में 723.1, धरमजयगढ़ में 579.2, छाल में 1016.7 एवं कापू में 1139.6 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर 27 अगस्त को रायगढ़ के तीन संस्थानों में जुटेंगे युवा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 26 अगस्त।** राष्ट्रीय खेल दिवस प्रत्येक वर्ष 29 अगस्त को महान हॉकी खिलाड़ी एवं देश के गौरव मेजर ध्यानचंद जी की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस वर्ष राष्ट्रीय खेल दिवस से संबंधित कार्यक्रमों का आयोजन 27 अगस्त को देशभर में व्यापक स्तर पर किया जाएगा। इसी कड़ी में युवा सहभागिता, खेल विकास एवं राष्ट्र निर्माण की भावना को केंद्र में रखते हुए देशभर में 'खेलो इंडिया संवाद' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य देश के युवाओं, खिलाड़ियों और राष्ट्र के भविष्य को एक साझा मंच पर जोड़ना है। इसके माध्यम से युवाओं को खेल के क्षेत्र में पिछले 12 वर्षों में हुए महत्वपूर्ण बदलावों, उपलब्धियों और विकास से परिचित कराया जाएगा। साथ ही खेलों के विकास, युवा नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण से जुड़े विषयों पर युवाओं के विचार, सुझाव एवं आकांक्षाओं को जानने का अवसर भी मिलेगा।

रायगढ़ जिले में शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, भंवर सिंह पोर्ते महाविद्यालय एवं कृषि महाविद्यालय में 'युवा कनेक्ट' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इन संस्थानों में युवा प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए खेल और राष्ट्र निर्माण से जुड़े विभिन्न विषयों पर संवाद किया जाएगा। कार्यक्रम की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह होगी कि 27 अगस्त को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से देशभर के लगभग 1600 स्थानों पर उपस्थित 8 लाख से अधिक युवाओं को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री का यह संबोधन देश के अलग-अलग हिस्सों में मौजूद युवाओं को एक साझा राष्ट्रीय मंच से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा। कार्यक्रम में सभी अतिथियों एवं युवा प्रतिभागियों की उपस्थिति सुबह 10 बजे तक सुनिश्चित की जाएगी। प्रधानमंत्री के संबोधन के पश्चात स्थानीय स्तर पर कार्यक्रम को युवा संवाद के रूप में आगे बढ़ाया जाएगा। इस दौरान युवाओं को खेलों में भागीदारी बढ़ाने, खेल सुविधाओं के विस्तार, नेतृत्व क्षमता विकसित करने और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।युवा संवाद के दौरान 'मेरा भारत' स्वयंसेवकों एवं स्थानीय खिलाड़ियों के बीच विशेष संवाद सत्र आयोजित होगा। इसमें पिछले 12 वर्षों के दौरान देश में खेल अधोसंरचना में हुए बदलाव, खिलाड़ियों के लिए बढ़े अवसर तथा भारत में विकसित हो रहे खेल पारिस्थितिकी तंत्र पर चर्चा की जाएगी। इसके बाद लगभग 15 मिनट का युवा संवाद होगा, जिसमें प्रतिभागियों को अपने विचार, सुझाव एवं आकांक्षाएं साझा करने का अवसर मिलेगा।

### ओलंपिक 2036 की तैयारी से युवा नेतृत्व तक चार प्रमुख विषयों पर होगा संवाद

युवा संवाद के दौरान चार प्रमुख विषयों पर विशेष रूप से चर्चा की जाएगी। इनमें जमीनी स्तर पर बेहतर खेल सुविधाएं, गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण एवं अवसर उपलब्ध कराकर खेल पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करना प्रमुख है। इसके साथ ही वर्ष 2036 के ओलंपिक खेलों के लिए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को तैयार करने, वैज्ञानिक तरीके से प्रतिभा की पहचान करने तथा खिलाड़ियों के समग्र विकास पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। कार्यक्रम में युवा नेतृत्व एवं शासन में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने के साथ ही विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका पर भी चर्चा होगी। युवाओं को भविष्य के लिए आवश्यक कौशल, स्वयंसेवा और राष्ट्र निर्माण से जुड़े अवसरों से जोड़ने पर विशेष जोर दिया जाएगा। युवाओं से उनके विचार एवं सुझाव क्यूआर कोड के माध्यम से प्राप्त किए जाएंगे। इसके साथ ही युवाओं को कार्यक्रम स्थल पर ही वीबीवाईएलडी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए भी प्रेरित किया जाएगा।'खेलो इंडिया संवाद' पहल युवाओं को खेल, नेतृत्व, कौशल विकास एवं राष्ट्र निर्माण से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इसके माध्यम से न केवल युवाओं की खेलों में भागीदारी और रुचि को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि उन्हें देश के विकास में सक्रिय भागीदार बनने का अवसर भी मिलेगा। यह कार्यक्रम विकसित, सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में युवाओं की ऊर्जा, प्रतिभा और सोच को सकारात्मक दिशा देने का प्रभावी मंच बनेगा।

# कलेक्टर और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने की कानून व्यवस्था की समीक्षा




**रायगढ़, 26 अगस्त।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री शशिमोहन सिंह ने मंगलवार को कानून व्यवस्था की समीक्षा की। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रातः 11 बजे आयोजित बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, अवैध पार्किंग, ब्लैक स्पॉट, नशे के विरुद्ध कार्रवाई तथा आगामी त्योहारों और बड़े आयोजनों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में राजस्व, पुलिस सहित संबंधित विभागों के अधिकारी शामिल हुए। कलेक्टर ने शहरी क्षेत्र के प्रमुख हॉटस्पॉट स्थानों पर नियमित अभियान चलाकर कोटपा एक्ट के तहत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूल एवं महाविद्यालयों के आसपास भी निगरानी बढ़ाया जाये। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सड़क किनारे अवैध पार्किंग पर लगातार कार्रवाई करें तथा ब्लैक स्पॉट की पहचान, ऑडिट और आवश्यक सुधारात्मक कार्यों की नियमित समीक्षा किया जाए। कलेक्टर ने जिला मुख्यालय रायगढ़ में होने वाले दस दिवसीय चक्रधर समारोह एवं कुश्ती प्रतियोगिता के दौरान यातायात, पार्किंग और भीड़ प्रबंधन की व्यवस्था पहले से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी विस्तृत कार्ययोजना तैयार करें, ताकि आयोजन के दौरान यातायात सुचारू रहे और आम नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री शशिमोहन सिंह ने आगामी ईद, कृष्ण जन्माष्टमी सहित त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था को लेकर सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रैली, जुलूस एवं अन्य आयोजनों के लिए आवश्यक अनुमति लेना अनिवार्य है। बिना अनुमति आयोजन होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आयोजन समितियों के साथ बैठक कर रूट, यातायात, सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन की पहले से योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आयोजक शासन की मंशा के अनुरूप व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। प्रशासन उनकी अपेक्षाओं को पूरा करने में हरसंभव सहयोग प्रदान करेगा।

### नशीली दवाइयों और कोटपा एक्ट पर सख्ती

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने नशीली दवाइयों की बिक्री के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने तथा कोटपा एक्ट के तहत अधिक से अधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान, 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को तंबाकू उत्पादों की बिक्री तथा शैक्षणिक संस्थानों के आसपास तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर रोक के प्रावधानों का कड़ाई से पालन कराने को कहा। बैठक में राजस्व पुस्तक परिपत्र (आरबीसी) 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा अथवा दुर्घटना से होने वाली क्षति के प्रकरणों की समीक्षा की गई।

## एक नजर

### दृष्टि हेल्पलाइन की सूचना पर सटोरिया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार 26 अगस्त। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना दृष्टि हेल्पलाइ÷ प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत अथवा आपराधिक गतिविधि की जानकारी दृष्टि हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। दृष्टि हेल्पलाइन के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में दिनांक 24.08.2026 को दृष्टि हेल्पलाइन में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना सिटी कोतवाली की पुलिस टीम द्वारा सोनपुरी रोड बलौदाबाजार में घेराबंदी कर मोबाईल के माध्यम से सट्टा-पट्टी लिखने वाले आरोपी सटोरिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से नगदी रकम ?1020 एवं सट्टा-पट्टी लिखा हुआ एक मोबाईल जप्त किया गया। आरोपी सटोरिया के विरूद्ध थाना सिटी कोतवाली में छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिशेध अधिनियम 2022 की धारा 06 के तहत अपराध क्र. 711/2026 पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया है। प्रकरण विवेचना में है।



### साइबर जागृति अभियान से जुड़ने पुलिस ने की अपील

**बलौदाबाजार 26 अगस्त। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय के निर्देशन में बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा जिले के आम नागरिकों को साइबर ठगी एवं ऑनलाइन अपराधों से सुरक्षित रखने हेतु छत्तीसगढ़ पुलिस के राज्यव्यापी 'साइबर जागृति अभियान' का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। यह अभियान 15 अगस्त से 02 अक्टूबर 2026 तक संचालित किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य साइबर क्राइम मुक्त छत्तीसगढ़÷ के संकल्प को साकार करना है। ?आज के डिजिटल युग में वित्तीय धोखाधड़ी, फेक कॉल्स, ओटीपी फ्रॉड और सोशल मीडिया हैकिंग जैसी घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। इनसे बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम सतर्कता और जागरूकता है। इसी सोच के साथ शुरू किए गए इस अभियान में आम नागरिकों को जोड़ने के लिए एक अभिनव पहल 'जागरूकता की श्वद्म Selfie' शुरू की गई है। साइबर अपराधों से बचाव ही सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है। बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस जिले के समस्त छात्र-छात्राओं, युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं प्रबुद्धजनों से अपील करती है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस अभियान से जुड़ें। त्त्क्र कोड स्कैन कर अपनी सेल्फी लें और इसे सोशल मीडिया पर साझा कर साइबर सुरक्षित छत्तीसगढ़ के निर्माण में अपना अमूल्य योगदान दें।

### 7 दिन में 67 वारंटी गिरफ्तार, 14 साल से फरार आरोपी भी पकड़ा गया

**बलौदाबाजार 26 अगस्त। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय के कुशल निर्देशन में बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं लंबे समय से फरार वारंटियों की धरपकड़ हेतु 17 अगस्त 2026 से 24 अगस्त 2026 तक 07 दिवसीय विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने जांजगीर, बिलासपुर, रायपुर, मंदिर हसौद, महासमुंद एवं कोरबा सहित विभिन्न जिलों में वारंटियों के संभावित ठिकानों पर ताबड़तोड़ दबिश दी। ?इस विशेष अभियान के दौरान पुलिस को अभूतपूर्व सफलता मिली, जिसमें वर्षों से फरार 50 स्थाई वारंटी एवं 17 गिरफ्तारी वारंटी सहित कुल 67 वारंट तामील किए गए। पकड़े गए स्थाई वारंटियों के विरुद्ध चेक बाउंस, आबकारी, नारकोटिक्स, चोरी, मारपीट जैसे विभिन्न गंभीर अपराध दर्ज हैं। 14 साल पुराना फरार आरोपी भी हत्थे चढ़ा- अभियान की सबसे बड़ी सफलता वर्ष 2012 (लगभग 14 साल) से फरार एक मामले के एक स्थाई वारंटी की गिरफ्तारी रही। आरोपी पिछले 14 वर्षों से पुलिस को चकमा देकर छिपकर रह रहा था, जिसे पुलिस टीम ने सरगर्मी से पता-तलाश कर धर दबोचा। भाटापारा शहर थाना रहा अव्वल- इस पूरे अभियान के दौरान थाना भाटापारा शहर पुलिस द्वारा अत्यंत उत्कृष्ट एवं प्रशंसनीय प्रदर्शन किया गया। भाटापारा शहर पुलिस की टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए अकेले ही 18 स्थाई वारंट तामील कराए, जो इस अभियान की सबसे बड़ी उपलब्धि रही।

# एनएच किनारे अतिक्रमण हटाने चलेगा अभियान, 5 राहवीरों का सम्मान

- जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक मे ब्लैक स्पॉट पर सुरक्षा उपाय पर जोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बलौदाबाजार, 26 अगस्त।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क दुर्घटना में कमी लाने के लिये नियमों का सखुती से पालन, ब्लैक स्पॉट पर सुरक्षा उपाय, जागरूकता अभियान पर विशेष जोर दिया गया। राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे विभिन्न अस्थायी निर्माण के रुप मे किये गये अतिक्रमण को हटाने राजस्व व पुलिस की टीम द्वारा अभियान चलाया जाएगा।

कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि जिले से गुजरने वाले एनएच 130 एवं 130 बी के किनारे अतिक्रमण को हटाने सख्ती और संवेदनशीलता के साथ अभियान चलाएं। उन्होंने एनएचएआई के अधिकारी को सड़क से मवेशियों को हटाने तथा ब्लैक स्पॉट पर उचित सुरक्षा उपाय सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चलको ओर भी कड़ी कार्रवाई के निर्देश परिवहन अधिकारी को दिये। उन्होंने कहा कि ऐसे दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चालक जो आदतन नियमों का उल्लंघन करते हैं तथा जिनका लाइसेंस 3 बार निलंबित हो गये हैं उनका लाइसेंस निरस्त किया जाए। पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा लगातार जांच एवं चलानी कार्यवाही करें।इसीतरह निर्माणाधीन सड़क एवं पुलियों को शीघ्र पूरा करने और निर्माण स्थल पर रेडियम पट्टी लगाने के भी निर्देश दिये। ओवर लोडिंग भारी वाहनो पर कार्यवाही हेतु खनिज एवं पुलिस विभाग को संयुक्त जांच अभियान चलाने पर भी जोर दिया गया।

इस दौरान सड़क दुर्घटना में घायलों की जान बचाने में उल्लेखनीय कार्य करने वाले 5 राहवीरों का गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। रहवीरों के कार्य की सराहना करते हुए उन्हें अन्य लोगों के लिये प्रेरणास्त्रोत बताया गया। रहवीरों मे कसडोल के विष्णु साहु,सिमगा के पुनित राम,परदेशी राम सोनकर,मनीष निषाद एवं हथबंद के लोकेश साहु शामिल हैं। इन्हे राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा 25 -25 हजार रुपए का प्रोत्साहन राशि भी प्रदान किया गया है। बैठक में एसपी गौरव राय,डीएफओ, पंकज कमल, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गौते, निशा नेताम मड़ावी,सीमा ठाकुर सहित एसडीएम,जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# चार शहरों में दौड़ेंगी 240 ई-बसें बदलेगी पब्लिक ट्रांसपोर्ट की तस्वीर

## रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग और कोरबा में रूट, डिपो व चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की तैयारी तेज

**रायपुर.26 अगस्त।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा ने आज केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के निदेशक श्री भानु प्रताप सिंह भदौरिया के साथ नगरीय प्रशासन एवं सूडा के अधिकारियों की बैठक लेकर प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में ई-बस सेवा की संचालन व्यवस्था, विस्तार, रूट प्लानिंग, बस स्टॉप, डिपो, चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार की प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना के तहत छत्तीसगढ़ के चार नगर निगमों रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग और कोरबा में कुल 240 इलेक्ट्रिक बसों की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इनके संचालन से इन चारों शहरों में स्वच्छ एवं आधुनिक सार्वजनिक परिवहन के साथ नागरिकों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी।




प्रधानमंत्री ई-बस सेवा के संचालन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा तथा केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के निदेशक श्री भानु प्रताप सिंह भदौरिया ने कहा कि ई-बस सेवा के रूट का निर्धारण शहरों की वास्तविक परिवहन आवश्यकताओं और नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए। उन्होंने स्कूलों, कॉलेजों, अस्पतालों, प्रमुख बाजारों, महत्वपूर्ण संस्थानों एवं अन्य जनोपयोगी स्थानों को ई-बस नेटवर्क से जोड़ने वाले रूट तैयार करने पर विशेष ध्यान देने को कहा, ताकि शहर के विभिन्न हिस्सों के बीच बेहतर सार्वजनिक परिवहन कनेक्टिविटी विकसित हो सके।

उन्होंने ई-बसों के लिए शॉर्ट-टर्म एवं लॉन्ग-टर्म रूट प्लान तैयार करने तथा चरणबद्ध तरीके से रूट का अध्ययन करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रस्तावित रूटों की फेजवार स्टडी करते हुए यात्री संख्या, संभावित मांग, दूरी और कनेक्टिविटी के आधार पर उनकी व्यवहारिकता का आकलन करने को कहा। अधिक यात्री आवागमन वाले क्षेत्रों में मांग के अनुरूप रूट विकसित करने तथा विस्तृत अध्ययन के आधार पर रूट को अंतिम रूप देने पर जोर दिया गया।

प्रमुख सचिव श्री बोरा ने ई-बस सेवा से संबंधित जानकारियों को नागरिकों के लिए स्पष्ट और सहज बनाने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि नागरिकों को आसानी से यह जानकारी उपलब्ध होनी चाहिए कि कितनी ई-बसें संचालित हो रही हैं, किन रूटों पर चल रही हैं तथा प्रत्येक रूट के स्टॉपेज कौन-कौन से हैं। उन्होंने इसके लिए रूट चार्ट एवं संबंधित विवरण व्यवस्थित रूप से तैयार एवं साझा करने के निर्देश दिए।

प्रमुख सचिव श्री बोरा ने बैठक में कहा कि योजना के सभी घटकों–रूट प्लानिंग, बस संचालन, डिपो, चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर, बस स्टॉप एवं कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम को एकीकृत रूप से विकसित किया जाना आवश्यक है। उन्होंने चारों शहरों में ई-बस के संचालन के लिए शहरवार जरूरत एवं उपलब्ध संसाधनों का आकलन करने तथा उसी आधार पर प्राथमिकताएं तय करने के निर्देश दिए। साथ ही योजना की प्रगति की नियमित रिपोर्टिंग एवं मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में महिलाओं के लिए विशेष बस सेवा शुरू करने की तैयारी पर भी चर्चा की गई। साथ ही महिलाओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ए आवश्यक रूट एवं संचालन व्यवस्था तैयार करने पर भी विचार किया गया। श्री बोरा ने ई-बसों के संचालन में समय-सीमा के साथ गुणवत्ता और व्यवहारिकता का भी ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने भूमि, डिपो, चार्जिंग, रूट एवं संचालन से संबंधित संभावित बाधाओं की पहचान कर उनका समयबद्ध निराकरण करने तथा निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्यों की नियमित प्रगति पर नजर रखने को कहा। उन्होंने योजना की मॉनिटरिंग के उच्च स्तर को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक कार्यों को समन्वय के साथ आगे बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने डिपो के निर्माण एवं विकास में भविष्य में ई-बसों की संख्या बढ़ने की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त क्षमता एवं आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की आवश्यकता एवं उपलब्धता का आकलन करते हुए आवश्यक व्यवस्था समय पर सुनिश्चित करने को भी कहा।

केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के निदेशक श्री भानु प्रताप सिंह भदौरिया ने बैठक में डिपो, चार्जिंग स्टेशन एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं के लिए स्थान चयन तथा भूमि संबंधी विषयों को समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ाने पर जोर दिया। साथ ही डिपो, सिविल वर्क एवं अन्य निर्माण कार्यों के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण , रेलवे, एवं अन्य विभागों से समन्वय कर आवश्यक स्वीकृतियों तथा तकनीकी प्रक्रियाओं को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि ई-बस संचालन शुरू होने से पहले सभी आवश्यक आधारभूत सुविधाएं तैयार रहें।

# ओवरलोड भारी वाहनों पर पुलिस ने कसा शिकंजा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 26 अगस्त।** पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय के कुशल निर्देशन में बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने, यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सख्त कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में आज दिनांक 25.08.2026 को थाना सुहेला पुलिस द्वारा सुहेला-बलौदाबाजार मुख्य मार्ग पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान ओवरलोड परिवहन करने, लिफ्टर उठाकर वाहन चलाने, अमानक एवं तेज आवाज वाले प्रेशर हॉर्न का प्रयोग करने तथा यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले भारी वाहनों पर कड़ी कार्यवाही की गई। चेकिंग के दौरान 15 भारी वाहनों (22 चक्का एवं 18 चक्का वाले ट्रक/ट्रेलर) पर चालानी कार्यवाही करते हुए कुल ?30,000 का समन शुल्क वसूल किया गया। साथ ही चालकों को भविष्य में यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने की हिदायत दी गई।

**पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार-भाटापारा का संदेश:** ओवरलोड वाहन तथा लिफ्टर उठाकर चलने वाली गाड़ियां गंभीर सड़क दुर्घटनाओं का कारण बनती हैं। आम नागरिकों की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वाले वाहन चालकों एवं मालिकों के विरुद्ध बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा इस प्रकार की सख्त चेकिंग कार्यवाही आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

# अतीत नहीं होता तो आज आप जो हैं,वह बन नहीं पाते: श्रेयांशप्रभ जी

**राजनांदगांव 26 अगस्त।** जैन मुनि श्रेयांश प्रभ सागर जी ने कहा कि अतीत नहीं होता तो आज आप जो हैं,वह नहीं होते। अतीत से हमको बहुत कुछ सीखने को मिलता है। डर हमारे विचारों पर बैठ जाने की वजह से हम कोई काम सही ढंग से कर नहीं पाते। प्रेम करने के लिए सामने एक व्यक्ति की जरूरत होती है जबकि पछतावा के लिए किसी की जरूरत नहीं होती।

मुनि श्री श्रेयांशप्रभ सागर जी ने ज्ञानवल्लभ भवन में अपने चतुर्मासिक प्रवचन की कड़ी में कहा कि पुराना जो है उसे छोड़ना पड़ता है किन्तु जो आपके आगे बढ़ाने में सहायक रहा हो उसे आप कभी मत छोड़ो। आप क्या नहीं कर रहे हो वह तो आप देख ही लेते हो किंतु आप क्या कर सकते हो, इसे आप देख नहीं पाते। उन्होंने कहा कि सोचना बुरा नहीं है किंतु पछतावे का भाव सदैव रहना चाहिए। अतीत हमारे लिए बुरा सपना होता है और बुरा ही लोग याद रखते हैं। यदि अतीत नहीं होता तो हम अपने में सुधार कैसे लाते। मुनि श्री श्रेयांशप्रभ सागर जी ने कहा कि क्यों हम पुरानी बातों को याद कर दुखी होते हैं।



जब हम पुराने मकान को छोड़कर नये मकान में जाते हैं तो पुराने मकान की ईट-पत्थर को साथ में नहीं लाते, उन्हें वहीं छोड़ देते हैं। ठीक इसी तरह पुरानी बातों को वहीं छोड़ दो। गलतियां तो हर किसी से होती है परंतु गलतियों को सुधारो,नाकि उस पर दुख व्यक्त करते बैठे रहो। अतीत को अपने भविष्य में रोड़ा बनाने वाला मत बनाओ। गलतियों को मानना अच्छी बात है किंतु गलतियों को लेकर बैठना अच्छी बात नहीं। पुरानी चीजों को भूलने का प्रयास कभी ना करो। मुनिश्री ने कहा कि घर छोड़कर तो आप भाग सकते हो किंतु खुद को छोड़कर कैसे भागोगे। उन्होंने कहा कि मत भागो, समस्या का सामना करो और अपने में सुधार करो। आप अपने अतीत से सीखकर अपने में सुधार ला सकते हैं। यह जानकारी मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने दी।

# 49 वीं वार्षिक साधारण सभा में बैंकिंग सुविधाओं के विस्तार पर दिया गया जोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 26 अगस्त।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजनांदगांव की 49वीं वार्षिक साधारण सभा का आयोजन उदयाचल प्रांगण, राजनांदगांव में किया गया। सभा में बैंक के कार्यक्षेत्र अंतर्गत आने वाले राजनांदगांव, कबीरधाम, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी तथा खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले की सभी 356 समितियों के प्राधिकृत अधिकारी उपस्थित रहे। वार्षिक सभा में बैंक की कार्यप्रणाली, सहकारी समितियों की भूमिका तथा किसानों और ग्राहकों को बेहतर बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।

सभा के दौरान जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल ने बैंक में आईएमपीएस सुविधा का शुभारंभ किया। इस सुविधा के शुरू होने से बैंक से जुड़े लगभग 4 लाख ग्राहकों को तत्काल राशि हस्तांतरण की सुविधा का लाभ मिल सकेगा। बैंकिंग सेवाओं के आधुनिकीकरण की दिशा में इसे महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। आईएमपीएस सुविधा के माध्यम से ग्राहक आवश्यकता के अनुसार कम समय में राशि का हस्तांतरण कर सकेंगे। इस अवसर पर बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल ने धान खरीदी के प्रारंभिक समय में उत्पन्न विषम परिस्थितियों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि शासन की महत्वपूर्ण योजना धान खरीदी को समितियों के माध्यम से व्यवस्थित एवं सुचारू रूप से प्रारंभ करने में समितियों के प्राधिकृत अधिकारियों ने महत्वपूर्ण सहयोग दिया। उन्होंने अधिकारियों और समिति प्रतिनिधियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। सभा में बैंक के कार्यक्षेत्र की सभी समितियों की भूमिका पर भी चर्चा हुई। किसानों से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा करने, सहकारी व्यवस्था को मजबूत बनाने तथा बैंक की सेवाओं को अधिक सुविधाजनक बनाने पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने बैंक और समितियों के बीच बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने की आवश्यकता पर भी विचार व्यक्त किए।

### नगरीय प्रशासन के नए संचालक निलेश क्षीरसागर ने संभाला पदभार

**रायपुर. 26 अगस्त।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के नए संचालक भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2011 बैच के अधिकारी श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने आज इंद्रावती भवन में अपना पदभार ग्रहण किया। इससे पहले वे कांकेर जिले के कलेक्टर के रूप में कार्य कर रहे थे। राज्य शहरी विकास अभिकरण (स्ह्र) के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सुमीत अग्रवाल, नगरीय प्रशासन विभाग के अपर संचालक श्री पुलक भट्टाचार्य, मुख्य अभियंता श्री राजेश शर्मा और अपर संचालक (वित्त) श्री यूनूस खान सहित नगरीय प्रशासन विभाग तथा सूडा के अधिकारी भी उनके पदभार ग्रहण करने के दौरान मौजूद थे। नगरीय प्रशासन विभाग के नए संचालक श्री क्षीरसागर ने पदभार ग्रहण करने के बाद विभाग के प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा से सौजन्य मुलाकात की।

### कालोनाइजर अधिनियम के उल्लंघन पर प्रशासन सख्त

**रायपुर, 26 अगस्त।** रायगढ़ जिले में नियमों की अनदेखी कर कॉलोनी विकास एवं प्लाटिंग करने वाले कॉलोनाइजरों के विरुद्ध जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। रायगढ़ कलेक्टर ने ईडब्ल्यूएस के लिए निर्धारित भूमि उपलब्ध कराए बिना प्लाटिंग करने तथा कॉलोनियों में आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का विकास नहीं करने वाले कॉलोनाइजरों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), रायगढ़ द्वारा ग्राम बड़े अतरमुड़ा में विकसित की जा रही ग्रीन पार्क कॉलोनी के संबंध में दो संबंधित व्यक्तियों को नोटिस जारी किया गया है। दोनों को दो दिवस के भीतर उपस्थित होकर अपना जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन के संज्ञान में आया है कि ग्राम बड़े अतरमुड़ा, तहसील एवं जिला रायगढ़ स्थित खसरा नंबर 198/5, रकबा 1.0747 हेक्टेयर तथा खसरा नंबर 198/4, रकबा 0.9364 हेक्टेयर की भूमि पर ग्रीन पार्क नामक कॉलोनी विकसित कर भूखंडों का विक्रय किया गया है।

न्यायालय तहसीलदार लाल बहादुर नगर, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र 202606094500029-अ/6 (अ) / वर्ष 2025-26

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहन पिता रामभरोसा जाति लोधी निवासी-ग्राम उरईडबरी तहसील लालबहादुर नगर जिला राजनांदगांव द्वारा ग्राम उरईडबरी पटवारी हल्का नम्बर 16 रा.नि.मं. व तहसील लालबहादुर नगर जिला राजनांदगांव में स्थित भूमि खसरा नम्बर 11/6 रकबा 0.105 हेक्टेयर आवेदक के ऋण पुस्तिका में दर्ज है। उक्त भूमि ऑन लाईन रिकार्ड में योगेश कुमार पिता उमराव जाति लोधी के नाम से प्रदर्शित हो रही है। ऑनलाईन रिकार्ड दुरूस्त करने बाबत आवेदन पत्र मय बी-1, ऋण पुस्तिका की छायाप्रति पेश किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो दिनांक 27.08.2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। नियत समयवधि में आपत्ति प्राप्त नहीं होने के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14.08.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
ला.ब.नगर

# सिटी कोतवाली की निष्क्रियता से परेशान व्यापारी पहुंचा कोर्ट

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवादाता

बलौदाबाजार 26 अगस्त। स्थानीय सिटी कोतवाली पुलिस, पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय, कलेक्टर दफ्तर से लेकर राज्य सरकार द्वारा जनसमस्याओं के निवारण हेतु हाल ही में लॉन्च किए गए 'सीएम जन शिकायत पोर्टल' तक बार-बार गुहार लगाने के बावजूद जब कोई सुनवाई नहीं हुई, तो न्याय की उम्मीद खो चुके एक स्थानीय व्यापारी को आखिरकार अदालत की शरण में जाने के लिए मजबूर होना पड़ा है। पुलिस और प्रशासनिक तंत्र की घोर अनदेखी से प्रताड़ित होकर व्यापारी ने मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (ष्टछ्वरू) बलौदाबाजार के समक्ष परिवाद दायर कर न्याय की गुहार लगाई है।

**कीमती मोबाइल ले जाकर धोखाधड़ी और चेक बाउंस का मामला :** प्राप्त जानकारी के अनुसार, बजरंग चौक बलौदाबाजार स्थित 'वलेचा मार्केटिंग' (मोबाइल एवं इलेक्ट्रॉनिक दुकान) के संचालक व्यापारी राजकुमार वलेचा (45 वर्ष) पिता गुरूदिनोमल वलेचा ने भाटापारा निवासी आरोपी निर्माण उर्फ नीर किंगरानी पिता कमल किंगरानी के खिलाफ कोर्ट में परिवाद (आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 175 भा.ना.सु.सं.) प्रस्तुत किया है।




मामले के अनुसार, आरोपी नीर किंगरानी दुकान से 7 नग प्रीमियम मोबाइल फोन केवल देखने और पसंद करने के बहाने ले गया, लेकिन उसके बाद न तो मोबाइल वापस किए और न ही राशि का भुगतान किया। जब व्यापारी ने लगातार तकादा किया, तो आरोपी ने कोई चेक स्वयं न देकर चालाकीपूर्वक व्यापारी के खाते में जयपुर से एक चेक लगवा दिया, जो बाद में बाउंस हो गया। चेक बाउंस होने के कारण उल्टा व्यापारी के बैंक खाते से पेनल्टी की राशि भी कट गई।

**बच्चों के अपहरण और जान से मारने की खौफनाक धमकी:** व्यापारी का आरोप है कि जब उसने अपनी बकाया राशि मांगी, तो आरोपी साफ मुकर गया और गाली-गलौज करने लगा। बीते 21 अप्रैल 2026 को आरोपी नीर किंगरानी ने व्यापारी को व्हाट्सएप कॉल कर बेहद अश्लील गालियां दीं तथा जान से मारने व बच्चों का अपहरण करवाने (उठवाने) की गंभीर धमकी दी।

**प्रशासनिक तंत्र और सीएम पोर्टल की खुली पोल:** व्यापारी ने इस पूरी घटना की लिखित शिकायत ऑडियो रिकॉर्डिंग की सीडी (ष्ठ) के साथ सिटी कोतवाली बलौदाबाजार, पुलिस अधीक्षक (एसपी) बलौदाबाजार, कलेक्टर बलौदाबाजार और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को सौंपी थी। इसके अलावा, राज्य सरकार द्वारा आम जनता को त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से शुरू किए गए 'सीएम पोर्टल' पर भी शिकायत दर्ज कराई गई। लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी न तो पुलिस हरकत में आई और न ही सीएम पोर्टल से कोई राहत मिली, जिससे नए पोर्टल की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

**आरोपी को बचा रही पुलिस:** पीड़ित व्यापारी ने पुलिस की भूमिका पर गंभीर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि पुलिस लगातार आरोपी का बचाव करती नजर आई। व्यापारी का कहना है कि पुलिस के एक अधिकारी ने तो बकायदा फोन करके उन्हें समझाइश दी कि आरोपी के पिता से उनके अच्छे संबंध हैं, इसलिए आरोपी को थोड़ा और समय दिया जाए। इस तरह की हीलाहवाली करके प्रकरण को उलझाया जाता रहा और आरोपी को कानूनी कार्रवाई से बचाया गया। पुलिस के इस संरक्षण से बेखौफहोकर आरोपी व्यापारी और उनके परिवार को लगातार जान से मारने व बच्चों का अपहरण करने की धमकी देता रहा।

**न्यायालय से सख्त कार्रवाई की उम्मीद:** तमाम प्रशासनिक दरवाजों से खाली हाथ लौटने के बाद व्यापारी ने मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, बलौदाबाजार की अदालत में गुहार लगाई है। व्यापारी ने मांग की है कि आरोपी निर्माण उर्फ नीर किंगरानी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4), 296 एवं 351(3) के तहत अपराध दर्ज करने हेतु सिटी कोतवाली बलौदाबाजार को कड़े निर्देश जारी किए जाएं।

## एक नजर

### बड़ी संख्या में शिक्षकों का तबादला

**रायपुर, 26 अगस्त।** छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग ने बड़े पैमाने पर शिक्षकों का तबादला किया है। इस संबंध में विभाग की ओर से आदेश भी जारी कर दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार, प्रदेश में 126 शासकीय कर्मचारियों का स्थानांतरण किया गया है। इनमें सहायक शिक्षक सहित अन्य शिक्षक शामिल हैं। इन कर्मचारियों को उनके वर्तमान पदस्थापना स्थल से स्थानांतरित कर नई जगह पर तत्काल प्रभाव से अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक पदस्थ किया गया है। जारी आदेश के अनुसार, यह तबादला आपसी स्थानांतरण के आधार पर किया गया है।

### बेस्ट इन टेक सर्वे के नतीजों का दूसरा हिस्सा जारी

**रायपुर, 26 अगस्त।** अमेज़न ने आज अपने पहले बेस्ट इन टेक सर्वे के नतीजों का दूसरा हिस्सा जारी किया। स्मार्टफोन से जुड़े नतीजों में जहां AI को एक बुनियादी ज़रूरत बताया गया था, वहीं कंप्यूटर कैटेगरी की कहानी और भी साफ़ हैः लैपटॉप खरीदारों के लिए प्रोसेसर की परफॉर्मेंस सबसे बड़ी वजह है, जिसे 87त्न लोगों ने पहली पसंद बताया। इसके साथ ही, इस कैटेगरी में AI को लेकर उत्साह सबसे ज़्यादा देखा गया। 58त्न लैपटॉप खरीदारों का कहना है कि आने वाले-द्ब फीचर्स उनके काम के लिए बेहद उपयोगी होंगे। वहीं टैबलेट खरीदारों की पसंद भी बिल्कुल साफ़ हैः 74% लोगों ने डिस्प्ले की क्वालिटी को अपनी पहली पसंद माना। यह नतीजे सभी प्रमुख कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स कैटेगरी में मिले 40,000 से ज़्यादा जवाबों के आधार पर तैयार किए गए हैं, जो Amazon.in पर प्रोडक्ट्स की उपलब्धता तय करने में मदद करते हैं। ये जानकारियां बेस्ट इन टेक अवार्ड्स का आधार भी बनेंगी, जो 18 सितंबर, 2026 को अपने दूसरे एडिशन के साथ वापस आ रहा है। चूंकि लैपटॉप काफी महंगा आता है, इसलिए कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स में लोग इसके बारे में सबसे ज़्यादा रिसर्च करते हैं। ग्राहक अपनी ज़रूरत केहिसाब से खास कॉन्फ़िगरेशन और फीचर्स तलाशते हैं।

### अज़ीम प्रेमजी फ़ाउंडेशन छात्राओं को देगा छात्रवृत्ति

**रायपुर, 26 अगस्त।** अज़ीम प्रेमजी फ़ाउण्डेशन ने आज दिल्ली के लिए अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप शुरू करने का ऐलान किया है। इस साल दिल्ली में 20,000 तक छात्राओं को आगे की पढ़ाई जारी रखने के लिए इस स्कॉलरशिप से मदद मिलेगी। स्कॉलरशिप के लिए चुनी गई हर छात्रा को हर साल 30,000 दिए जाएँगे। यह राशि कॉलेज के पहले साल से लेकर छात्राओं की स्नातक डिग्री या डिप्लोमा पूरा होने तक दी जाएगी। कोर्स पूरा करने के समय के मुताबिक किसी भी छात्रा को दो से पाँच साल तक यह स्कॉलरशिप मिल सकती है। इस तरह छात्रा को पढ़ाई पूरी होने तक अधिकतम कुल 1.5 लाख तक मिल सकते हैं। इस राशि का इस्तेमाल कॉलेज की फीस और पढ़ाई से जुड़े दूसरे खर्चों के लिए किया जा सकता है। यह स्कॉलरशिप 2024 में शुरू की गई थी। आज 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में स्कूल की पढ़ाई पूरी करने वाली छात्राएँ इसके लिए आवेदन कर सकती हैं। इनमें आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, दिल्ली, झारखंड, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिज़ोरम, नागालैंड, ओडिशा, पुडुचेरी, राजस्थान, सिक्किम, तेलंगाना, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड शामिल हैं।

### निधन

#### रामदयाल यदु

**रायपुर।** सरस्वती चौक, पुरानी बस्ती निवासी श्री रामदयाल यदु का निधन हो गया है। अंतिम संस्कार



आज मारवाड़ी श्मशान घाट में किया गया। वे दसरू यदु के छोटे भाई, रमेश यदु व गोपाल यदु के बड़े भाई, लता रमेश यदु ( पूर्व पार्षद ) के जेठ थे। संजू यदु, भारत भूषण यदु, आकाश यदु, अजीत यदु, सुधांशु यदु, शुभम यदु उनके भतीजे हैं।

# अजय ने भूरिया से कहा- मेरे अंगने में तुम्हारा क्या काम

## उन्हे मप्र की राजनीति में अपनी पहचान बनानी चाहिए

**रायपुर, 26 अगस्त।** आदिवासी कांग्रेस की आज होने वाली बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रांत भूरिया शामिल होने पर वरिष्ठ भाजपा नेता और विधायक अजय चंद्राकर ने तंज कसा है. उन्होंने कहा कि विक्रांत भूरिया को मध्यप्रदेश की राजनीति में पहचान बनानी चाहिए. छत्तीसगढ़ में बहुत स्थापित आदिवासी नेता हैं. प्रदेश में बघेल का नेतृत्व भी बहुत है. उनका आना 'मेरे अंगने में तुम्हारा क्या काम है' जैसा है.

वहीं जल-जंगल जमीन को खतरा बताए जाने पर अजय चंद्राकर ने कहा कि सब सुरक्षित हैं. आप पहले ये बताएं कि किस तरह से जल, जंगल, जमीन को खतरा है. राजनीतिक रूप से बात ना करके सही कारण बतायेंगे तो बहस करेंगे. बस्तरवासी अब जब स्वाभाविक जीवन जी रहे हैं, तो उन्हें दिक्कत हो रही हैं.

वहीं कांग्रेस जिला अध्यक्षों के बाद अब ब्लॉक अध्यक्ष की ट्रेनिंग पर विधायक चंद्राकर ने कहा कि जो ट्रेनर हैं, वो अपने-अपने इलाके में फ्लॉप शो वाले हैं. कैसे फ्लॉप हुई, इस पर ट्रेनिंग लेने का क्या मतलब? सफलता का कोई मॉडल होना चाहिए. कर्नाटक में राहुल जिसका विरोध करते हैं, बंद कमरे में वहीं शिव कुमार से मिलने जाते हैं. ये कोन सा मॉडल हैं? जो ट्रेनिंग ये यहाँ



देंगे, ये समझ से बाहर हैं. ये ट्रेनिंग हार का मॉडल है.

वहीं शक्कर के बढ़ते दामों को लेकर कांग्रेस ने पोस्टर जारी कर भाजपा पर डायबिटीज मुक्त भारत योजना बनाने का आरोप लगाया है. इस पर विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि जो भी परिस्थितियाँ हैं, सामने है. सरकार मूल्य पर नियंत्रण भी कर रही है. कांग्रेस नेताओं को सब चीज छोड़कर मनुस्मृति पढ़ना चाहिए. राहुल गांधी का ध्यान मनुस्मृति में है. तथाकथित महंगाई में नहीं है. सनातन के मुख्य ग्रंथ को पढ़ेंगे, तो तोड़-मरोड़ कर बात पेश नहीं करेंगे.

वहीं महतारी वंदन की राशि जारी करने के दौरान बारिश को लेकर मंच से सांसद सांसद भोजराज नाग के नींबू काटने वाले वायरल बयान पर बीजेपी वरिष्ठ नेता ने कहा कि सावन महीने में हरेली से तंत्र-मंत्र होता है. जिसकी जो आस्था है, उसे करने दो.

सावन महीने में माना जाता है कि यह सब होता है. अंधविश्वास भी कहा जा सकता है. अपनी-अपनी आस्था भी कहा जा सकता है. बिलासपुर के संदर्भ में जो किया गया वह किसी व्यक्ति के विनाश के लिए नहीं किया गया. सांसद ने कहा था बूढ़ादेव और महादेव के पास नीबू काटने से आयोजन के दौरान बारिश नहीं हुई.

इसके अलावा रायपुर सहित देश के 11 एयरपोर्ट का निजीकरण पीसीसी चीफदीपक बैज के बयान पर अजय चंद्राकर का पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल में निजीकरण कितना हुआ है? कौन देश में निजीकरण लाया मनमोहन सिंह जी का क्या रोल है देश के निजीकरण में जिस सिद्धांत के वह प्रणेता है उसका विरोध करते हैं. क्या कांग्रेस मनमोहन सिंह की नीतियों का विरोध कर रही है? कांग्रेस का जो मतिभ्रम है. वही उसके विनाश का कारण है।

# वित्तीय प्रबंधन फेल, सरकार स्पष्टीकरण जारी करे: कांग्रेस

**रायपुर, 26 अगस्त।** भारत सरकार के नीति आयोग की वित्तीय स्वास्थ्य सूचकांक रिपोर्ट के अनुसार छत्तीसगढ़ की वित्तीय व्यवस्था बदहाल हो चुकी है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि नीति आयोग ने देश के 18 राज्यों के वित्तीय स्थिती के बारे में जो रिपोर्ट जारी किया है। उसमें छत्तीसगढ़ 17वें नंबर पर है। राज्य का राजकोषिय घाटा तय लक्ष्य 2.99 से बढ़कर 5.32 हो गया है। नीति आयोग के अनुसार छत्तीसगढ़ की वित्तीय स्थिती दिवालियो होने की है। सरकार इस रिपोर्ट पर स्पष्टीकरण जारी करे। यह रिपोर्ट प्रदेश के विकास के लिये चिंताजनक है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भारत सरकार के नीति आयोग की वित्तीय स्वास्थ्य सूचकांक रिपोर्ट यह प्रमाणित करती है कि भाजपा सरकार और वित्तमंत्री ओपी चौधरी वित्तीय अनुशासन और अर्थव्यवस्था के प्रबंधन में पूरी तरह से नाकाम साबित हुए हैं। केंद्र सरकार के ताजा रिपोर्ट के अनुसार छत्तीसगढ़ का राजकोषीय अनुशासन स्कोर महज एक साल में 56 से गिरकर 7.4 अंक रह गया है। 18 बड़े राज्यों में छत्तीसगढ़ अब 17वें स्थान पर पहुंच चुका है, अर्थात नीचे से दूसरे स्थान पर।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि प्रदेश की जनता बेतहाशा टैक्स वसूलने तथा महंगी बिजली एवं शराब की अंधाधुंध बिक्री करवा कर जमीनों की रजिस्ट्री में टैक्स ज्यादा लेने तथा दादागिरी से जीएसटी वसूलने के बाद भी साय सरकार या वित्तीय प्रबंधन फेल हो चुका है।

## सरकार आरक्षक भर्ती की दूसरी सूची तुरंत जारी करे

**रायपुर, 26 अगस्त।** प्रदेश कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि सरकार आरक्षक भर्ती की दूसरी सूची तुरंत जारी करें। 2023-2024 के आरक्षक भर्ती परीक्षा के परिणाम की दूसरी सूची लगभग 1600 पदों की सरकार घोषित नही कर रही है। सूची घोषित करने की मांग को लेकर अभ्यर्थी पिछले पांच दिनो से कवर्धा में उपमुख्यमंत्री जो की गृहमंत्री भी है। विजय शर्मा के कार्यालय के सामने धरने पर है। सरकार किस कारण से सूची घोषित नहीं कर रही, जब चयन प्रक्रिया पूरी हो गयी है, तब परिणाम क्यों घोषित नहीं किये जा रहे? किसको उपकृत करने सैकड़ो बच्चो का भविष्य अंधकार में डाला जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि अभ्यर्थियो का आरोप है कि जो पहली सूची जारी हुई है, उसमें एक-एक अभ्यर्थी का नाम 7 से 8 जिलो में है। यह जानबूझकर की गयी गड़बड़ी है। ताकि भर्ती में इसकी आड में घोटाला किया जा सके। भाजपा सरकार भर्तियों भ्रष्टाचार करके युवाओं के सपनों को बेच रही है। सरकार में बैठे हुये लोग अपनी जेबे भरने के लिये प्रदेश के गरीब होनहार युवाओं के साथ अन्याय कर रहे।

# सर्व ब्राह्मण समाज ने निकाली कांवड़ यात्रा

**रायपुर, 26 अगस्त।** सावन महीने के अंतिम रविवार पर बोल बम के गगन भेदी नारे, धर्माचार्यों की शंख ध्वनि और डीजे की धुन में थिरकते सर्व ब्राह्मण समाज ने भव्य कांवड़ यात्रा निकाली. कांवरियों का जत्था प्रातः 10:00 बजे से ही भगवा या पीला पोशाक में बूढ़ेश्वर मंदिर में पहुंचकर शिवजी की पूजा अर्चना के साथ कुएं से जल लेकर कतारबद्ध हो रहे थे.11 पंडितों और धर्मध्वज लिए भक्तों ने समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा की अगुवाई में बोल बम के नारों के साथ आगे बढ़े.इस यात्रा में शिव नंदी का किरदार निभा रहे कलाकार आकर्षण का केंद्र रहे. यात्रा में ब्राह्मण समाज,बेटी बचाओ मंच, तथा जय मां रणचंडी महिला समिति के सदस्य काफी संख्या में महादेवघाट स्थित हटकेश्वर महादेव में जल अर्पण के लिए चल रहे थे. समाज के अध्यक्ष ललित मिश्रा ने बताया की यात्रा के साथ सफेद घोड़े पे भगवाधारी पंडित सवार थे. गिरीश दुबे तथा ऋषि कुमार व्यवस्था संभाले हुए थे.रामकृष्ण बाजपेई,आशीष पाठक तथा नीतीश शुक्ला ट्रैफिक व्यवस्था संभालने में लगे थे.अश्वनी नगर, सुंदर नगर



चौक तथा रायपुरा चौक में कांवरियों का कई राजनीतिक व सामाजिक संगठनों ने स्वागत किया. महादेव घाट हटकेश्वर महादेव में जलाभिषेक व भोजन प्रसादी के साथ कांवड़ यात्रा समाप्त हुई. इस यात्रा में समाज के रत्ना शर्मा,हेमंत शर्मा, आशीष पाठक, रामकृष्ण बाजपेई, बरखा बाजपेई, प्रफुल्ल दुबे, गिरीश दुबे,नीतीश शुक्ला, शारदा मिश्रा, पुष्पा तिवारी,वैजयंती चतुर्वेदी, संजना तिवारी, बेटी बचाओ मंच से गीता विश्वकर्मा, महेश्वरी यादव, प्रगति रहंगडाले,इमला ठाकरे,प्रमिला कोपुलवार केजई साहू. जय मां रणचंडी महिला समिति से ऋषि कुमार, लता छूरा,पूनम कुमार,बजरंग ठाकुर,यतीश सोनी सहित श्रद्धालु जन काफी संख्या में उपस्थित थे.

# नहरपारा विकास समिति का पौधा लगाओ अभियान जारी

**रायपुर, 26 अगस्त।** नहरपारा विकास समिति के अध्यक्ष पूर्व पार्षद रमेश आहूजा के नेतृत्व में सर्वप्रथम महामंत्री किशोर आहूजा ने एक आम का पेड़ नहरपारा डिवाइडर में लगाया इसके पश्चात अध्यक्ष रमेश आहूजा ने, हेमंदास पोपटानी ,मनमोहन विग, नरेश संतवानी, राजू खिलनानी, मनोहर खुर्शीजा एवं मनीष टांक ने भी एक एक पौधा लगाया, श्री रमेश आहूजा ने बताया कि हमारी समिति जनसेवा, जनहित और



समाज कल्याण के कार्य करती है द्य हमारा लक्ष्य नहरपारा डिवाइडर में 51 पौधे लगाने का है, प्रदूषण से लोगो को बचाने तथा पर्यावरण की रक्षा के लिए पौधे लगाए जा रहे हैं, पौधों की सुरक्षा के लिए ट्रीगार्ड भी लगाए जा रहे हैं।

# नियमित संवाद से व्यापारियों की समस्याओं का समाधान

**रायपुर, 26 अगस्त।** राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड द्वारा व्यापारियों के साथ नियमित संवाद एवं उनकी समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से प्रारंभ की गई वर्चुवल बैठक श्रृंखला की 100वीं बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के अध्यक्ष श्री सुनील सिंघी ने की।

इस अवसर पर राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के अध्यक्ष श्री सुनील सिंघी ने कहा कि 100वीं वर्चुवल बैठक केवल एक संख्या नहीं, बल्कि भारत सरकार और देश के व्यापारी समुदाय के बीच निरंतर संवाद, सहभागिता एवं विश्वास की मजबूत होती व्यवस्था का महत्वपूर्ण पड़ाव है।

उन्होंने कहा कि माननीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल जी के मार्गदर्शन में प्रारंभ की गई इस पहल का उद्देश्य देशभर के व्यापारियों को एक ऐसा प्रत्यक्ष एवं सहज मंच उपलब्ध कराना था, जहां उन्हें सरकारी योजनाओं एवं नीतियों की जानकारी मिले तथा वे अपनी समस्याएं, सुझाव और अपेक्षाएं सीधे बोर्ड के समक्ष रख सकें। यह पहल अब निरंतर संवाद के एक प्रभावी माध्यम के रूप में स्थापित हुई है।

राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) से छत्तीसगढ़ के सदस्य श्री अमर पारवानी ने कहा कि इन नियमित बैठकों के माध्यम से देश के छोटे, मध्यम एवं बड़े व्यापारियों को एक साझा मंच मिला है। व्यापारियों से प्राप्त समस्याओं एवं सुझावों को संबंधित मंत्रालयों और विभागों तक पहुंचाने के साथ-साथ बार-बार सामने आने वाले विषयों की पहचान कर उनके समाधान की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

### पुनीत परवानी का सम्मान

**रायपुर, 26 अगस्त।** जीके ग्रुप के निदेशक, श्री पुनीत परवानी को द इकोनॉमिक टाइम्स के 'ईटी ऑटो' द्वारा हयात रेजिडेंसी, नई दिल्ली में 25 अगस्त, 2026 को आयोजित 9वें ईटी ऑटो रिटेल फोरम 2026 – ओईएम–डीलर सिनर्जी के दौरान 'ईटी ऑटो रिटेल ऑनर्स – डीलर एक्सीलेंस इन ग्रोथ (सेंट्रल)' से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान श्री परवानी की विज़नरी लीडरशिप, विकास के प्रति रणनीतिक दृष्टिकोण और सेंट्रल इंडिया में ऑटोमोटिव रिटेल के विकास में उनके महत्वपूर्ण योगदान को सराहता है। यह पुरस्कार एक मजबूत, ग्रोथ–ओरिएंटेड ऑटोमोटिव रिटेल बिजनेस के निर्माण और तेजी से बदलते इस उद्योग में कंपनी को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाने के उनके प्रयासों का नतीजा है।




# माँ गोदावरी आनंदवन आश्रम के बुजुर्गों ने सुनी शिव महापुराण कथा

**रायपुर, 26 अगस्त।** श्री जगद्गुरु शंकराचार्य आश्रम, बोरियाकला, में चतुर्मास के पावन अवसर पर आयोजित शिव महापुराण कथा में माँ गोदावरी आनंदवन आश्रम के बुजुर्गों को कथा श्रवण एवं आध्यात्मिक वातावरण का लाभ मिला। आश्रम ट्रस्ट के श्री योगेश तिवारी द्वारा बुजुर्गों को साथ लेकर कथा स्थल पहुंचाया गया, जहां उन्होंने परम पूज्य 1008 यतिप्रवर दण्डी स्वामी श्री इन्दुभवानन्द तीर्थ जी महाराज के श्रीमुख से शिव महापुराण की पावन कथा का श्रवण किया। कथा श्रवण के दौरान बुजुर्गों ने श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ भगवान शिव का स्मरण किया और गुरुदेव के आध्यात्मिक विचारों को सुना। लंबे समय बाद धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण में पहुंचकर कथा सुनने का अवसर मिलने से बुजुर्गों में विशेष प्रसन्नता और उत्साह देखने को मिला। कथा में गुरुदेव ने मानव जीवन के देव ऋण, ऋषि ऋण और पितृ ऋण के महत्व को विस्तार से बताया। उन्होंने समझाया कि मनुष्य का जीवन केवल व्यक्तिगत सुख-सुविधाओं के लिए नहीं, बल्कि धर्म, सेवा, संस्कार, कर्तव्य और सद्कर्मों के लिए मिला है। माता-पिता एवं पूर्वजों का सम्मान, ऋषि-मुनियों द्वारा दिए गए ज्ञान और संस्कारों का संरक्षण तथा प्रकृति एवं देव शक्तियों के प्रति कृतज्ञता मानव जीवन के




महत्वपूर्ण कर्तव्यों में शामिल हैं। श्री योगेश तिवारी ने कहा कि बुजुर्ग हमारे समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनके जीवन के अनुभव और संस्कार आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा हैं। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों को धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों से जोड़ना उन्हें आत्मिक प्रसन्नता देने के साथ-साथ उनके जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। उन्होंने कहा कि माँ गोदावरी आनंदवन आश्रम का प्रयास है कि यहां रहने वाले बुजुर्ग माता-पिता को परिवार जैसा अपनापन, सम्मान और खुशहाल वातावरण मिले। समय-समय पर उन्हें धार्मिक स्थलों के दर्शन, कथा श्रवण एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों में शामिल कराया जाता है, ताकि वे अपनी आस्था और रुचि के अनुसार इन पवित्र अवसरों का आनंद ले सकें। शिव महापुराण कथा के दौरान बुजुर्गों ने श्रद्धापूर्वक कथा का श्रवण किया और भगवान शिव के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। कथा के आध्यात्मिक वातावरण ने सभी को भक्ति, सेवा, संस्कार और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर बुजुर्गों के लिए यह यात्रा केवल कथा श्रवण का अवसर नहीं, बल्कि आध्यात्मिक आनंद, आत्मीयता और सम्मान का अनुभव भी रही। ट्रस्टी योगेश तिवारी द्वारा उन्हें कथा स्थल तक ले जाकर धार्मिक आयोजन में सहभागी कराना बुजुर्गों के प्रति

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26